

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 230 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 30 मई 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


# होर्मुज से नौसैनिक नाकेबंदी हटाने का ट्रंप का बड़ा ऐलान, वैश्विक तेल बाजार को राहत

## अमेरिकी सैनिकों की वापसी शुरू, तेल टैंकरों की आवाजाही फिर होगी सामान्य

**समाज जागरण**

वॉशिंगटन/नई दिल्ली। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से नौसैनिक नाकेबंदी (ब्लॉकेड) को पूरी तरह हटा लिया गया है। इस फैसले के बाद लंबे समय से तैनात अमेरिकी सैनिकों की स्वदेश वापसी शुरू हो गई है।

ट्रंप के इस निर्णय को वैश्विक तेल आपूर्ति और समुद्री व्यापार के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। महीनों से इस रणनीतिक समुद्री मार्ग में फंसे तेल टैंकर और मालवाहक जहाज अब बिना किसी रुकावट के आगे बढ़ सकेंगे।



सूत्रों के अनुसार, नाकेबंदी हटने से अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल बाजार में स्थिरता आने की उम्मीद है, जहां पिछले समय में सप्लाई बाधित होने से कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया था।

### होर्मुज मार्ग को लेकर नए नियम लागू

नई व्यवस्था के तहत होर्मुज जलमार्ग को पूरी तरह से दोनों दिशाओं में खोलने की बात कही गई है। ट्रंप ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस समुद्री मार्ग से गुजरने वाले किसी भी जहाज से अतिरिक्त शुल्क या मनमाना टैक्स नहीं वसूला जाएगा।

सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए समुद्र में बिछाई गई संभावित बारूदी सुरंगों को हटाने या निष्क्रिय करने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि व्यापारिक जहाज सुरक्षित रूप से आवागमन कर सकें।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस फैसले का असर सिर्फ मध्य-पूर्व ही नहीं बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। तेल आपूर्ति सुचारु होने से आने वाले दिनों में ऊर्जा बाजार में राहत देखी जा सकती है।

**ईरान पर कड़ी शर्तें, परमाणु कार्यक्रम पर रोक की मांग**

नाकेबंदी हटाने के साथ ही ट्रंप ने ईरान के सामने सख्त शर्तें भी रखी हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि ईरान को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह भविष्य में किसी भी प्रकार का परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा।

ट्रंप ने चेतावनी दी कि यदि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को हथियार स्तर तक ले जाने की कोशिश करता है तो अमेरिका फिर से सख्त कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा।

## भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण को बड़ा बढ़ावा, ओडिशा में लगेगा 3.3 अरब डॉलर का मेगा प्लांट

**समाज जागरण**

भुवनेश्वर/नई दिल्ली। भारत में हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए ओडिशा में 3.3 अरब डॉलर का एडवांस्ड सेमीकंडक्टर पैकेजिंग ग्लास कोर सबस्ट्रेट विनिर्माण संयंत्र स्थापित किया जाएगा।

यह परियोजना ओडिशा सरकार, इंटेल कॉर्पोरेशन और 3D ग्लास सॉल्यूशंस इंक के बीच हुए समझौता ज्ञापन के तहत शुरू की जा रही है।

**उच्चस्तरीय उपस्थिति में हुआ समझौता**

समझौता हस्ताक्षर समारोह में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, इंटेल के वरिष्ठ प्रतिनिधि लिप-बू टैन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रस्तावित संयंत्र भुवनेश्वर-खुरदा क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा।

**भारत के सेमीकंडक्टर मिशन को मिलेगा बड़ा बल**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह निवेश भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने बताया कि यह परियोजना प्रधानमंत्री के "इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन" के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य देश में संपूर्ण चिप निर्माण पारिस्थितिकी विकसित करना है।

**5-6 वर्षों में चरणबद्ध विकास, 1800 रोजगार**

परियोजना को अगले 5 से 6 वर्षों में चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। इसके जरिए 1800 से अधिक उच्च-कुशल रोजगार सृजित होंगे, साथ ही अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

# पावरप्ले का नया किंग बने वैभव सूर्यवंशी, आईपीएल 2026 में रचा इतिहास

## *15 वर्षीय बल्लेबाज ने तोड़ा डेविड वॉर्नर का रिकॉर्ड, एक सीजन में 521 पावरप्ले रन*

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। आईपीएल 2026 के क्वालिफायर-2 में राजस्थान रॉयल्स के 15 वर्षीय ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने क्रिकेट जगत में सनसनी मचा दी है। अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर उन्होंने पावरप्ले में रन बनाने का नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है।

इस सीजन में अब तक 700 से अधिक रन बना चुके सूर्यवंशी ने पावरप्ले ओवरों में कुल 521 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज डेविड वॉर्नर के 467 रन के पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। इसके साथ ही वह किसी भी टी20 टूनार्मेंट के पावरप्ले में 500 से अधिक रन बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं।



**क्वालिफायर-2 में भी दिखा दमदार खेल**

गुजरात टाइटंस के खिलाफ अहम मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को तेज शुरूआत दिलाते हुए वैभव सूर्यवंशी ने मात्र 17 गेंदों में 31 रनों की आक्रामक पारी खेली। उनकी बल्लेबाजी में आत्मविश्वास और निडरता साफ नजर आई, जिसने विपक्षी गेंदबाजों को दबाव में डाल दिया।

**क्रिकेट जगत में नई सनसनी**

कम उम्र में लगातार बड़े रिकॉर्ड तोड़ रहे सूर्यवंशी ने अपनी बल्लेबाजी शैली से क्रिकेट विशेषज्ञों को भी प्रभावित किया है। उनकी पावरप्ले में आक्रामक शुरूआत टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रही है।

**समाज जागरण विशेष**

क्रिकेट विश्लेषकों का मानना है कि यदि यह फॉर्म जारी रहा तो वैभव सूर्यवंशी आने वाले वर्षों में भारतीय क्रिकेट के सबसे बड़े सितारों में शामिल हो सकते हैं।

# अमित शाह ने भुज में G-7 और G-13 बीओपी का किया लोकार्पण, बोले- "सीमा सुरक्षा होगी अभेद्य"

## BSF जवानों के पराक्रम को किया नमन, आधुनिक तकनीक से मजबूत होगी बॉर्डर सुरक्षा

भुज (गुजरात)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गुजरात के भुज स्थित भारत-पाकिस्तान सीमा पर G-7 और G-13 बॉर्डर आउट पोस्ट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने बीएसएफ जवानों से संवाद भी किया और सीमा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।

कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी सहित गृह मंत्रालय और बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।




**"कठिन परिस्थितियों में डटे हैं जवान" - अमित शाह**

अपने संबोधन में गृह मंत्री ने कहा कि बीएसएफ के जवान -45 डिग्री से लेकर +45 डिग्री तापमान तक अत्यंत कठिन परिस्थितियों में देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कच्छ का रेगिस्तान, सर क्रीक, हरामी नाला, राजस्थान के रेतीले क्षेत्र, कश्मीर की बर्फीली चोटियां और सुंदरबन के जंगल—हर जगह बीएसएफ "फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस" के रूप में तैनात है।

शाह ने कहा कि जब जवान बिना थके ड्यूटी निभाते हैं तो देश के अन्य लोगों को भी रुकने का अधिकार नहीं है।

**2000 से अधिक जवानों के बलिदान को नमन**

अमित शाह ने कहा कि पिछले छह दशकों में बीएसएफ के 2000 से अधिक जवानों ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है, जिसकी बदौलत 140 करोड़ देशवासी सुरक्षित महसूस करते हैं।

**"सीमा अब होगी और अधिक अभेद्य" - गृह मंत्री**

गृह मंत्री ने कहा कि सरकार सीमा सुरक्षा को "लीक-प्रूफ ग्रिड" में बदलने के लिए काम कर रही है। उन्होंने बताया कि सर क्रीक और हरामी नाला जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में वॉच टावर, सड़कें, आवास, मेडिकल सुविधाएं और नई फेंसिंग का काम तेजी से किया जा रहा है।

# वैश्विक तनाव के बीच भारत को राहत, होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर सुरक्षित निकला तेल टैंकर

## HPCL *के लिए 2.70 लाख मीट्रिक टन कच्चा तेल लेकर विशाखापट्टनम की ओर बढ़ा 'निसोस केरोस'*

**समाज जागरण अंतरराष्ट्रीय/आर्थिक डेस्क**

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और समुद्री मार्गों को लेकर बढ़ती अनिश्चितता के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। भारत के लिए कच्चा तेल लेकर आ रहा मार्शल आइलैंड्स का टैंकर 'निसोस केरोस' सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुका है।

यह टैंकर हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के लिए चार्टर्ड है और इसमें लगभग 2.70 लाख मीट्रिक टन कच्चा तेल लदा हुआ है। इसके 3 जून 2026 तक विशाखापट्टनम बंदरगाह पहुंचने की संभावना जताई गई है।

**समुद्री सुरक्षा पर लगातार नजर, मंत्रालय सतर्क**

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि टैंकर में 25



विदेशी क्रू सदस्य सवार हैं, जबकि कोई भी भारतीय नाविक इसमें मौजूद नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और विदेश मंत्रालय व भारतीय दूतावासों के साथ समन्वय किया जा रहा है।

**भारतीय नाविक पूरी तरह सुरक्षित**

सरकारी जानकारी के अनुसार फारस की खाड़ी क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 96 घंटों में किसी भी भारतीय या भारतीय क्रू वाले विदेशी जहाज से जुड़ी कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई है।

**कंट्रोल रूम में हजारों कॉल और ईमेल**

डीजी शिपिंग कंट्रोल रूम स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। हालात की निगरानी शुरू होने के बाद से अब तक 10,841 कॉल और 24,098 से अधिक ईमेल प्राप्त हुए हैं, जिनमें नाविकों के परिजनों और समुद्री क्षेत्र से जुड़े हितधारकों की चिंताएं शामिल हैं।

**पिछले 96 घंटों में ही 509 कॉल और 1,332 ईमेल दर्ज किए गए हैं।**

# यूपी: ई-रिक्शा से विधानसभा पहुंचे वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, *बोले– "सप्ताह में एक दिन पेट्रोल–डीजल बचाएं"*

**समाज जागरण**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने ईंधन बचत और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को अपने कर्मचारियों के साथ ई-रिक्शा से विधानसभा पहुंचकर एक संदेश दिया।

इससे पहले भी वे साइकिल और मोटरसाइकिल से विधानसभा पहुंचकर ईंधन संरक्षण का संदेश दे चुके हैं।

**"हर नागरिक की जिम्मेदारी है ईंधन बचाना" - वित्त मंत्री**

पत्रकारों से बातचीत में सुरेश खन्ना ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की ओर से देशवासियों से पेट्रोलियम उत्पादों के कम उपयोग की अपील की गई है, जिसे सभी नागरिकों को गंभीरता से लेना चाहिए।



उन्होंने कहा कि वे स्वयं सप्ताह में एक दिन इलेक्ट्रिक वाहन या ई-रिक्शा से कार्यालय आने-जाने का प्रयास करेंगे ताकि ईंधन की बचत को बढ़ावा दिया जा सके।

**अंतरराष्ट्रीय हालात पर भी जताई चिंता**

वित्त मंत्री ने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियां चिंताजनक हैं और ऐसे समय में देशों को अपने मुद्दे बातचीत से सुलझाने चाहिए ताकि पूरी दुनिया संकट में न आए।

**ईंधन निर्भरता कम करने पर जोर**

उन्होंने कहा कि देश में पेट्रोलियम जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात से पूरा होता है, जिस पर भारी विदेशी मुद्रा खर्च होती है। ऐसे में ईंधन संरक्षण हर नागरिक की राष्ट्रीय जिम्मेदारी है।






# पंजाब कांग्रेस में घमासान, राहुल गांधी की मौजूदगी में बैठक के दौरान खुली अंदरूनी कलह

**समाज जागरण**

**नाराज बाजवा बैठक छोड़कर निकले, चुनावी हार पर नेतृत्व पर उठे सवाल**

नई दिल्ली। पंजाब कांग्रेस में नगर निकाय चुनाव के खराब प्रदर्शन के बाद संगठन के भीतर असंतोष खुलकर सामने आ गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के दिल्ली स्थित आवास पर शुक्रवार को राहुल गांधी की मौजूदगी में हुई अहम बैठक में नेताओं के बीच तीखी बहस और आरोप-प्रत्यारोप देखने को मिले।

करीब साढ़े तीन घंटे चली इस बैठक में चुनावी परिणामों, संगठन की स्थिति और नेतृत्व को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रताप सिंह बाजवा ने जताई नाराजगी, बैठक छोड़कर निकले

सूत्रों के अनुसार, पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने बैठक के दौरान संगठन की कार्यशैली पर असंतोष जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी लगातार बैठकें तो कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा रहा।

बताया जा रहा है कि नाराजगी के चलते बाजवा बैठक खत्म होने से पहले ही बाहर निकल गए।

**हार के बाद नेतृत्व पर उठे सवाल**

बैठक के दौरान एक वरिष्ठ नेता द्वारा की गई टिप्पणी ने भी राजनीतिक हलकों में चर्चा बढ़ा दी है। उन्होंने कहा–

"जो अपने इलाके में पार्टी को नहीं जिता सका, वह पूरे पंजाब को कैसे जीताएगा।"

इस बयान को पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग की ओर संकेत माना जा रहा है, जिनके क्षेत्र में पार्टी को निकाय चुनाव में बड़ा नुकसान हुआ है।

सूत्रों के मुताबिक, वड़िंग के क्षेत्र में कांग्रेस को 19 में से 18 सीटों पर हार का सामना करना पड़ा, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के क्षेत्र में पार्टी ने 13 में से 11 सीटों पर जीत दर्ज की है। इन नतीजों ने संगठन के भीतर नेतृत्व और रणनीति को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## जिस कोर्ट में कभी फैसले सुनाती थीं, वहीं हुई पेशी: रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह अदालत में पेश

**समाज जागरण**

भोपाल। भोपाल जिला अदालत में शुक्रवार को एक ऐसा दृश्य देखने को मिला जिसने सभी को चौंका दिया। जहां कभी रिटायर्ड प्रधान जिला न्यायाधीश गिरिबाला सिंह फैसले सुनाया करती थीं, वहीं आज उन्हें उसी अदालत में आरोपी के रूप में पेश किया गया।

फरवरी 2023 में प्रधान जिला न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त हुईं गिरिबाला सिंह अपनी बहू, अभिनेत्री-मॉडल ट्विशा शर्मा की कथित दहेज हत्या के मामले में सीबीआई द्वारा कोर्ट में पेश की गईं।

# भारतीय युवाओं के मस्तिष्क को संकुचित करता आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोट के भारतीय संदर्भ में जहां जनसंख्या 141 करोड़ हो चुकी है और बड़ी संख्या में युवा बेरोजगार है ज्यादा प्रयोग से लोगों की नौकरियां जाने का बड़ा खतरा उत्पन्न हो सकता है। यह बात दुनिया के बड़े अरबपति कारोबारी टेस्ला और एक्स के कारोबारी एलन मस्क ने स्टार्टअप के एक कार्यक्रम में फ्रांस में महत्वपूर्ण अंदाज में कहीं, भविष्य के लिए यह बात एकदम सटीक एवं सार्थक है। एक अन्य अरबपति कारोबारी इयान बैंक्स ने भी इस पर गंभीर चिंता जताई है। यह बात सभी विकासशील देशों के लिए भी लागू हो सकती है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नफ्ज पढ़कर आपके मस्तिष्क की बात तुरंत पकड़कर उस पर अमल करने लगेगा। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पल्स रेट द्वारा आपके मन की हर बात जानने में सक्षम हो सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को वैज्ञानिकों ने मानव की सहायता के लिए और देश की बेहतरी के लिए अविष्कार किया है।

अभी तक तो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, इजरायल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में काफी आगे पर अब खाड़ी के देशों विगत 5 साल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति केवल तेल के कुए पर न रह कर अन्य योजनाओं पर भी काम करना शुरू कर दिया है और आश्चर्यजनक रूप से यूएई ,सऊदीअरबिया, कतर, मिस्त्र ,जॉर्डन,

मोरक्को और अन्य देशों में यूरोप की तुलना में अब और ज्यादा खर्च करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को अपने देश में बहुत मजबूत बना लिया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जितने फायदे हैं उससे ज्यादा विकासशील देशों के लिए यह नुकसान देह भी हो सकता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आपकी पल्स रीडिंग और मानसिक विचारधारा को केवल थंब इंप्रेशन में ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का डिवाइस पढ़ कर उस पर अमल कर सकता है।इस टेक्नोलॉजी से अमेरिका तथा यूरोपीय देश अब तक दुश्मन की अनेक सूचनाएं बड़ी आसानी से प्राप्त कर उसका सामरिक उपयोग करने में लगे हुए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग रूस अपनी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर मिसाइल दागने में यूक्रेन यूक्रेन के विरुद्ध कर रहा है और अब तक यूक्रेन यूरोपीय तथा नाटो देश की मदद से इसी तकनीक के सहारे रूस के विरुद्ध अब तक टिका हुआ है वैसे तो यूक्रेन और रूस का युद्ध में काफी नुकसान हुआ है पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भरपूर उपयोग दोनों देश एक दूसरे पर कर रहे हैं'

विकासशील देशों में इस टेक्नोलॉजी का विकास अभी काफी एडवांस नहीं है इन परिस्थितियों में उनके लिए उनके सामरिक महत्व की चीजें छुपाना दुश्मन देशों के सामने कठिन हो जाएगा और उनकी खुफिया जानकारी शक्तिशाली देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक सूत्र प्राप्त करने के बाद ही पूरी प्राप्त कर सकते हैं.

खाड़ी के देश जिनमें सऊदी अरबिया, कतर ,मिस्त्र, जॉर्डन, यूएई अपने बजट का 34% बढ़ा हुआ हिस्सा एआई तकनीक पर लगातार कर रहे हैं। खाड़ी के देश इस टेक्नोलॉजी का उपयोग इस वजह से कर रहे हैं क्योंकि यह उनकी भविष्य की योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिससे वे तेल की कमाई से हटकर अन्य साधनों से अपनी अर्थव्यवस्था में सुधार ला सकें' यू एई पहला देश है जिसने 2017 ने इस तकनीक को अपनाया था इसके बाद खाड़ी के देशों में अब टेक्नोलॉजी को अपनाने में होड़ हो गई है' यह सभी देश एआई टेक्नोलॉजी पर लगभग 3 अरब डॉलर खर्च कर चुके हैं' दूसरी तरफ यदि इसका इस्तेमाल अति विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया तो इसका दुरुपयोग जिन देशों के पास इन टेक्नोलॉजी से एडवांस टेक्नोलॉजी है वह पूरी जानकारी निकालने में सक्षम होंगे।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग यूरोपीय देश न सिर्फ सामरिक महत्व की चीजों में कर रहे हैं बल्कि मेडिकल साइंस और अंतरिक्ष विज्ञान में भी पूरी तरह हो रहा है और इससे बहुत फायदे भी मिल रहे हैं' आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव प्रजाति के लिए जितना फायदेमंद है दूसरी तरफ उतना ही नुकसान दे और इससे वैश्विक शांति को खतरा भी हो सकता है' राइट एक्टिविस्ट मानते हैं कि रोबोट की तरह इस तरह की विज्ञान पर आधारित चीजें माननीय प्रजाति को खत्म कर सकती है बल्कि उनकी चिंता डेटा सुरक्षा प्रपो गेंडा सर्विलांस के विरुद्ध होने वाले नुकसान पर भी ज्यादा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर खाड़ी के देशों ने एआई के इस्तेमाल पर दिशा निर्देश तय कर उसे जारी किया है हालांकि इस पर कोई कानूनी बाध्यता नहीं है फिर भी इसका दुरुपयोग होने से मानव को खतरा भी हो सकता है यह एक वैश्विक चिंता की बात है।

**संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार,लेखक ,स्तंभकार, चिंतक, रायपुर छत्तीसगढ़ ,9009 415 415,**

# वैभव ही वैभव

बस, 'पंद्रह बरस' की उम्र में ऐसा तूफान उठा,
हर गली-मोहल्ले में बस वैभव का नाम गूंजा।
छोटे से कंधों पे सपनों का ये आसमान लिए,
गेंदबाजों ने आउट करने क्या-2 जतन किए।

बल्ला जब उसके हाथों में बिजली बन जाता,
हरेक चौका उम्मीदों का दीप नया जलवाता।
छक्कों की बरसात से मैदान भी है दहक उठे,
जब दर्शकों के चेहरें गर्वित होकर चमक उठे।

सिर्फ रन नहीं थे, वो जज्बा भी दिखलाता था,
हर 'शॉट' में भारत का भविष्य मुस्कुराता था।
जब गेंद हवा में जाती तो दिल भी उड़ते जाते,
खिलाड़ियों के पुराने 'रिकॉर्ड' पीछे छूट जाते।

पैंसठ छक्कों की गूंज आसमान तलक पहुँची,
क्रिस गेल की ताकत भी उसके आगे है छोटी।
प्लेऑफ में ही तूफानी पचास की चमक ऐसी,
प्रत्येक क्रिकेट प्रेमी की धड़कन बन गई वैसी।

सिर्फ उनतीस गेंदों में वैभव ने 97वें रन ठोके,
हर गेंदबाज के हौसले उसने पल भर में रोके।
उसके हरेक प्रहार में 'आत्मविश्वास' छलकता,
जैसे कोई एक नया सूरज धरती पर चमकता।

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)

# पूर्वांचल में सपा के पीडीए के खिलाफ बीजेपी का पीडीवी दांव

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की गरमा गरमी के बीच भारतीय जनता पार्टी ने पूर्वांचल में संगठन मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने आलाकमान से विचार-विमर्श के बाद पूर्वांचल के पांच जिलों अंबेडकरनगर, वाराणसी, चंदौली, गोरखपुर महानगर और देवरिया के नए जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी है। इस घोषणा में जातीय और क्षेत्रीय समीकरण को पूरी तरह ध्यान में रखा गया है। दो जिलों में ओबीसी, एक में दलित, एक में वैश्य और एक में क्षत्रिय चेहरे को जिम्मेदारी सौंपकर भाजपा ने सामाजिक संतुलन साधने का स्पष्ट संदेश दिया है। नये जिलाध्यक्षों का बारीकी से आकलन किया जाये तो बीजेपी की 2027 के विधान सभा चुनाव के लिये रणनीति साफ नजर आती है। समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) की काट के लिये बीजेपी पीडीवी(पिछड़ा-दलित-वैश्य) वाला वोट बैंक तैयार कर रही है।

अंबेडकरनगर में भाजपा ने दिलीप देव पटेल को नया जिलाध्यक्ष बनाया है। पहले यहां त्रयंबक त्रिपाठी जिलाध्यक्ष थे। दिलीप देव पटेल को संगठन में लंबे अनुभव और ओबीसी समाज में मजबूत पकड़ के चलते जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी इसे सामाजिक संतुलन और संगठन विस्तार के लिहाज से अहम मान रही है। गोरखपुर महानगर में रमेश कुमार गुप्ता को जिलाध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। देवेश श्रीवास्तव के निधन के बाद यह पद खाली चल रहा था। पूर्व महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता महानगर संयोजक के रूप में जिम्मेदारी संभाल रहे थे। रमेश कुमार गुप्ता को जिम्मेदारी देकर भाजपा ने वैश्य समाज को साधने का स्पष्ट संदेश दिया है। गोरखपुर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का राजनीतिक गढ़ माना जाता है, इसलिए यहां संगठन की कमान मजबूत और अनुभवी चेहरे को सौंपना पार्टी की रणनीति का हिस्सा है।

देवरिया में भाजपा ने काली प्रसाद को नया जिलाध्यक्ष बनाया है। इससे पहले यह जिम्मेदारी भूपेन्द्र सिंह के पास थी। पार्टी ने दलित समाज से आने वाले चेहरे पर भरोसा जताकर सामाजिक समीकरण मजबूत करने की कोशिश की है। संगठन में लंबे समय से सक्रिय रहने के कारण काली प्रसाद को जमीनी कार्यकर्ता के रूप में पहचान मिली हुई है। वाराणसी में राम सकल पटेल को जिलाध्यक्ष बनाया गया है, जिन्होंने हंसराज विश्वकर्मा की जगह ली है। हंसराज विश्वकर्मा के योगी सरकार में मंत्री बनने के बाद यह पद खाली हो गया था। राम सकल पटेल लंबे समय से वाराणसी में संगठन के कार्यों से जुड़े रहे हैं और उनकी जमीनी पकड़ मजबूत मानी जाती है। चंदौली में काशीनाथ सिंह को दोबारा जिलाध्यक्ष बनाए रखा गया है। वे संगठन के पुराने और सक्रिय नेताओं में गिने जाते हैं और पार्टी नेतृत्व ने उनके अनुभव और संगठन क्षमता को देखते हुए निरंतरता बनाए रखने का फैसला किया है। नये जिलाध्यक्षों का जातीय आधार पर विश्लेषण किया जाये तो साफ लगता है कि भाजपा के नेतृत्व द्वारा नई टीम समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) गठबंधन की सीधी काट के रूप में तैयार की जा रही है। भाजपा ने जानबूझकर ओबीसी, दलित और वैश्य समाज के चेहरों को मजबूत पदों पर लाने से सपा का पीडीए वोट-बैंक कमजोर कर दिया है। अब ये समुदाय भाजपा को अपनी ओर खींचने वाले अपने चेहरे देख रहे हैं, जिससे सपा की पकड़ ढीली होगी। समाजवादी पार्टी को इस फैसले से तीन स्तर पर गहरा नुकसान हो सकता है। पहला, अंबेडकरनगर जैसे जातीय रूप से संवेदनशील जिले में ओबीसी कुर्मी चेहरा दिलीप देव पटेल आने से सपा का पिछड़ा वोट-बैंक दरक सकता है। यहाँ पहले ब्राह्मण नेता त्रयंबक त्रिपाठी जिलाध्यक्ष थे, लेकिन अब ओबीसी चेहरा आने से पिछड़े वर्ग का समर्थन भाजपा की ओर मुड़ सकता है। दूसरा, गोरखपुर महानगर जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का राजनीतिक गढ़ है,में वैश्य समाज के रमेश कुमार गुप्ता को जिम्मेदारी मिलने से सपा का व्यापारी-वैश्य वर्ग भाजपा की ओर झुक सकता है। देवेश श्रीवास्तव के निधन के बाद खाली पद पर वैश्य चेहरा लाना भाजपा की रणनीति का हिस्सा है। तीसरा, देवरिया में दलित चेहरे काली प्रसाद को लाने से सपा और बसपा का दलित वोट-बैंक कमजोर होगा, क्योंकि भाजपा ने जमीनी कार्यकर्ता के रूप में पहचान वाले दलित नेता को चुनकर सामाजिक समीकरण मजबूत किया है।

भाजपा की यह रणनीति सपा के पीडीए गठबंधन को सीधे तौर पर चुनौती देती है। अब भाजपा ने पिछड़े, दलित और वैश्य समुदायों को अलग-अलग जिलों में नेतृत्व देकर समाजवादी पार्टी को सीमित वोट बैंक वाली पार्टी बना दिया है, जबकि भाजपा अब सामाजिक संतुलन वाला चेहरा दिखा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गढ़ गोरखपुर में अनुभवी और संगठन से जुड़े चेहरों पर भरोसा जताना भी भाजपा की मजबूत रणनीति है। वर्तमान में भाजपा ने उत्तर प्रदेश के 98 संगठनात्मक जिलों और महानगरों में से 83 जिलों के जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी है। मार्च 2025 में 68 जिलों, फरवरी 2026 में 11 जिलों और मई 2026 में अब 5 जिलों के नाम ऐलान हो चुके हैं। इसका मतलब है कि अब केवल 15 जिलों के जिलाध्यक्ष बनना बाकी हैं। इन 15 बाकी जिलों में अयोध्या, सहारनपुर, अमरोहा, शामली, बागपत, मथुरा जिला, मथुरा महानगर, और पूर्वांचल व ब्रज क्षेत्र के कुछ जिले शामिल हैं।

भाजपा की यह तैयारी 2027 विधानसभा चुनाव के लिए है। पार्टी जानती है कि उत्तर प्रदेश में सत्ता बनाए रखने के लिए सामाजिक गठबंधन मजबूत करना जरूरी है। ओबीसी, दलित और वैश्य समाज को अलग-अलग जिलों में नेतृत्व देकर भाजपा ने यह संदेश दे दिया है कि वे सभी समुदायों का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह रणनीति ैच के पीडीए गठबंधन को तोड़ने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई है।समाजवादी पार्टी अब इस चुनौती का सामना कैसे करती है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा। सपा को अपने पीडीए गठबंधन को और मजबूत करना होगा और यह साबित करना होगा कि वे पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज की असली आवाज हैं। लेकिन भाजपा ने जमीनी स्तर पर जिला अध्यक्षों की नियुक्ति करके यह स्पष्ट कर दिया है कि वे संगठन विस्तार और सामाजिक संतुलन पर जोर दे रहे हैं।

गौरतलब हो, उत्तर प्रदेश की राजनीति में अब भाजपा की पिछड़ा-दलित वाली रणनीति का प्रभाव दिखेगा। चुनावी माहौल गरम होने से पहले ही भाजपा ने संगठन मजबूत करके सपा को चुनौती दे दी है। 15 बाकी जिलों में जिलाध्यक्षों की घोषणा होने पर यह और साफ होगा कि भाजपा कहां कितनी मजबूत हो रही है। सभी 98 जिलों और महानगरों में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति पूरी होने के बाद भाजपा का संगठन 2027 चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हो जाएगा। भाजपा की यह रणनीति सपा के लिए गंभीर चिंता का विषय है क्योंकि भाजपा ने जानबूझ-कर ऐसे जिलों में चेहरे चुने हैं जहां सपा का पारंपरिक वोट बैंक है। अब सपा को यह साबित करना होगा कि वे पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज की असली आवाज हैं और भाजपा की यह नियुक्ति केवल चालाकी है। लेकिन जमीनी स्तर पर ओबीसी, दलित और वैश्य नेताओं को जिम्मेदारी मिलने से सामान्य कार्यकर्ता और वोटर्स पर भाजपा का असर पड़ेगा। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 तक समय है, लेकिन भाजपा ने पहले ही अपने संगठन को मजबूत करना शुरू कर दिया है। यह रणनीति सपा के पीडीए गठबंधन को तोड़ने और अपने सामाजिक आधार को विस्तार देने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई है। 15 बाकी जिलों में जिलाध्यक्षों की घोषणा होने के बाद भाजपा का संगठन पूरी तरह तैयार हो जाएगा और चुनावी मैदान में उतरने के लिए बिल्कुल तैयार हो जाएगा।



अजय कुमार

# हिंदी पत्रकारिता की गौरवशाली यात्रा और बदलते आयाम



महेन्द्र तिवारी

हिंदी पत्रकारिता के इतिहास में 30 मई का दिन एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित है। इसी दिन वर्ष 1826 में हिंदी भाषा के प्रथम समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड का प्रकाशन आरंभ हुआ था। इस युगांतरकारी घटना की स्मृति में प्रत्येक वर्ष संपूर्ण देश में हिंदी पत्रकारिता दिवस अत्यंत उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह दिवस अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सामाजिक जागरूकता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सम्मान प्रकट करने का एक पावन अवसर है। भारत में पत्रकारिता की शुरूआत विदेशी भाषाओं से हुई थी। उस प्रारंभिक दौर में हिंदी भाषी समाज की समस्याओं और उनके मौलिक विचारों को राष्ट्रीय स्तर पर अभिव्यक्त करने के लिए किसी सशक्त माध्यम का अभाव था। इस शून्यता को समझते हुए पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने तत्कालीन भारत की राजधानी कोलकाता से उदन्त मार्तण्ड नामक एक साप्ताहिक समाचार पत्र को प्रकाशित करने का दृढ़ संकल्प लिया। इस पत्र का सर्वप्रथम अंक 30 मई 1826 को जनमानस के सम्मुख आया। उस आदि काल में इस पत्र की लगभग 500 प्रतियां मुद्रित की जाती थीं और इसका वितरण प्रत्येक मंगलवार को किया जाता था। अत्यधिक आर्थिक कठिनाइयों और औपनिवेशिक सरकार के असहयोग के कारण इसका नियमित प्रकाशन लंबे समय तक जारी नहीं रह सका, परंतु इस संक्षिप्त प्रयास ने हिंदी पत्रकारिता की एक अत्यंत मजबूत नींव रख दी। राष्ट्रीय अभिलेखागार जैसे संस्थानों में सुरक्षित ऐतिहासिक दस्तावेज हमें आज भी बताते हैं कि किस प्रकार इन शुरूआती पत्रों ने राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया था।

उदन्त मार्तण्ड शब्द का शाब्दिक अर्थ उगता हुआ सूर्य होता है। जिस प्रकार उदित होता हुआ सूर्य सघन अंधकार को नष्ट कर देता है, ठीक उसी प्रकार पत्रकारिता भी समाज में व्याप्त अज्ञान, अंधविश्वास और शोषण को उजागर कर चेतना का प्रकाश फैलाती है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के गौरवशाली इतिहास में, विशेष रूप से 1857 की महान क्रांति के समय और उसके पश्चात, हिंदी पत्रकारिता ने विदेशी शासन के विरुद्ध प्रखर जनमत तैयार करने में अत्यंत प्रभावशाली भूमिका निभाई। मंगल पांडे और वीर कुंवर सिंह जैसे महान राष्ट्रभक्तों के अप्रतिम संघर्ष से प्रेरणा लेते हुए, देश के विभिन्न हिस्सों से निकलने वाले समाचार पत्रों ने दमनकारी नीतियों का खुलकर विरोध किया। सत्य की राह पर चलने वाले निर्भीक पत्रकारों को बार बार जेल की अमानवीय यातनाएं सहनी पड़ती थीं और भारी आर्थिक दंड भुगतना पड़ता था। इन तमाम कठोर अवरोधों के बावजूद हिंदी पत्रकारिता ने अपने परम कर्तव्य से पीछे हटने से साफ इनकार कर दिया। बाल गंगाधर तिलक और माखनलाल चतुर्वेदी जैसे तपस्वी पत्रकारों ने पत्रकारिता को राष्ट्रसेवा का एक पवित्र माध्यम बनाया और अपनी निर्भीक कलम से जनता को स्वतंत्रता के प्रति निरंतर जागरूक किया।

हिंदी पत्रकारिता का बहुआयामी विकास कभी भी केवल राजनीतिक विषयों तक ही सीमित नहीं रहा। इसने भारतीय साहित्य, काव्य शास्त्र और विशेषकर




दोहा जैसे पारंपरिक छंदों को सहेजने, संस्कृति, ग्रामीण जीवन की वास्तविकताओं, शिक्षा, किसानों की समस्याओं और विभिन्न सामाजिक विसंगतियों जैसे संवेदनशील विषयों को भी राष्ट्रीय मंच प्रदान किया। अनेक साहित्यकारों ने अपनी कथाओं को प्रकाशन के लिए तैयार करते हुए पत्रकारिता के माध्यम से समाज को एक सकारात्मक दिशा दी। जिस कालखंड में सूचनाएं केवल बड़े शहरों तक सीमित रहती थीं, उस दौर में हिंदी पत्रकारिता ने देश के सुदूर क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने में मजबूत सेतु का कार्य किया। पर्यावरण के निरंतर गिरते स्तर पर भी इस पत्रकारिता ने कठोर प्रहार किया है। अरावली और छत्तीसगढ़ के जंगलों की अंधाधुंध कटाई और उससे शहरी तापमान पर पड़ने वाले घातक प्रभावों की उत्कृष्ट रिपोर्टिंग ने आम लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति सचेत किया है। जंगलों के अनवरत विनाश के कारण उत्पन्न होते इस भीषण संकट को मुख्यधारा की बहस का हिस्सा बनाने में हिंदी पत्रों की भूमिका सदैव सराहनीय रही है।

जैसे जैसे समय का चक्र तेजी से परिवर्तित हुआ, पत्रकारिता के बाह्य और आंतरिक स्वरूप में भी व्यापक बदलाव आते गए। नवीन वैज्ञानिक आविष्कारों ने पत्रकारिता को अत्यंत तीव्र और व्यापक बना दिया है। आकाशवाणी, दूरदर्शन और अंतर्जाल के अभूतपूर्व आगमन ने सूचनाओं के प्रसारण की प्रक्रिया को रूपांतरित कर दिया है। इस आधुनिक अंकीय पत्रकारिता के दौर में हिंदी भाषा की वैश्विक पहुंच कई गुना बढ़ चुकी है। आज करोड़ों लोग अपने चलभाष यंत्रों और संगणक के माध्यम से पल पल में हिंदी समाचार पढ़ते और देखते हैं। आर्थिक जगत की जटिल खबरों ने भी इसमें महत्वपूर्ण स्थान पाया है। आज का आम नागरिक प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम और पारस्परिक निधियों में निवेश से जुड़ी सटीक जानकारी के लिए हिंदी वित्तीय पत्रकारिता पर पूरा भरोसा करता है।

इस आधुनिक पत्रकारिता के समक्ष वर्तमान समय में कई अत्यंत गंभीर चुनौतियां भी उठ खड़ी हुई हैं। समाचारों को सबसे तेज प्रसारित करने की इस अंधी होड़ में कई बार परम सत्य और प्रामाणिक तथ्यों की अनदेखी होने लगती है। भ्रामक सूचनाओं का तीव्र प्रसार और विभिन्न प्रकार के दबाव वर्तमान पत्रकारिता की सबसे बड़ी कमजोरी बनकर उभरे हैं, जो इसकी विश्वसनीयता को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं। पत्रकारिता का मूल उद्देश्य सर्वसाधारण तक पूर्ण निष्पक्ष जानकारी पहुंचाना है। इसलिए आज इस बात की महती आवश्यकता है कि पत्रकारिता अपनी गंभीर नैतिक जिम्मेदारियों को पुनः समझे। लोकतांत्रिक व्यवस्था में पत्रकारिता को न्यायसंगत रूप से चौथा स्तंभ स्वीकार किया गया है। यदि हमारी पत्रकारिता पूरी तरह स्वतंत्र और निर्भीक बनी रहेगी, तभी हमारा लोकतंत्र भी मजबूत रहेगा। एक सच्चा पत्रकार हमेशा समाज के शोषित वर्ग और सत्ता के बीच एक अत्यंत महत्वपूर्ण सेतु की भांति कार्य करता है।

वर्तमान समय में हिंदी पत्रकारिता की सीमाएं केवल भारत तक आबद्ध नहीं रह गई हैं, बल्कि विश्व के अनेक देशों में बसे प्रवासी भारतीय भी आधुनिक संचार माध्यमों से गहराई से जुड़े हुए हैं। अंतर्जाल और अंकीय मंचों ने हिंदी पत्रकारिता को एक विशिष्ट वैश्विक प्रतिष्ठा दिलाई है। अनेक हिंदी समाचार जालस्थल और सामाजिक मंच आज वैश्विक स्तर पर करोड़ों लोगों तक अपनी पहुंच बना चुके हैं। इसके अतिरिक्त, इस विराट क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी भी बहुत तेजी से बढ़ी है। अनेक साहसी महिला पत्रकार राजनीति, अपराध और पर्यावरण जैसे जटिल मुद्दों पर निष्पक्ष समाचार संकलन कर रही हैं। हिंदी पत्रकारिता दिवस केवल अतीत की स्मृतियों को याद करने का अवसर नहीं है, बल्कि भविष्य के निर्माण के प्रति संकल्प लेने का महापर्व भी है। हमें एक ऐसी सकारात्मक पत्रकारिता को बढ़ावा देना होगा जो समाज में आपसी सौहार्द और रचनात्मक परिवर्तन ला सके। आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी का भरपूर उपयोग करते हुए सत्य और सामाजिक जिम्मेदारी को सर्वोपरि महत्व दिया जाना चाहिए। एक सच्चा पत्रकार वही है जो विपरीत परिस्थितियों में भी निष्पक्ष बना रहे। उदन्त मार्तण्ड से आरंभ हुई यह यात्रा आज एक विराट वटवृक्ष का रूप ले चुकी है, जो हमें यह निरंतर संदेश देती है कि कलम की शक्ति संसार की किसी भी अन्य शक्ति से अनंत गुना प्रभावशाली होती है।

## रानी अहिल्याबाई होलकर: वीर मराठिनी और भारतीयता की अद्भुत शिल्पकार

भारतीय इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जो सत्ता में रहते हुए भी लोकमंगल की जीवित प्रतिमूर्ति बन जाते हैं। अहिल्याबाई होलकर ऐसी ही विलक्षण शासिका थीं, जिन्होंने मराठा साम्राज्य की जटिल परिस्थितियों के बीच न केवल कुशल शासन किया, बल्कि धर्म, संस्कृति और समाजसेवा के क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ी।

1725 में छोंडी नामक छोटे से ग्राम में जन्मी अहिल्याबाई सामान्य परिवार से थीं, किंतु उनकी प्रतिभा असाधारण थी। उनके पिता मानकोजी शिंदे एक साधारण पटेल थे, पर उन्होंने अपनी पुत्री को संस्कार, शिक्षा और धर्मनिष्ठा से समृद्ध किया। बाल्यावस्था से ही अहिल्या में नेतृत्व, करुणा और विवेक के गुण स्पष्ट दिखाई देते थे। कम आयु में उनका विवाह खांडेराव होलकर से हुआ, जो मल्हार राव होलकर के पुत्र थे। मल्हारराव ने अपनी दूरदर्शिता से अहिल्या के गुणों को पहचान लिया था। विवाह के बाद अहिल्याबाई ने अपने विनम्र व्यवहार, सेवा-भाव और बुद्धिमत्ता से पूरे होल्कर परिवार का हृदय जीत लिया।

जीवन ने उन्हें लगातार कठोर परीक्षाओं से गुजारा। पहले पति खंडेराव का युद्ध में निधन हुआ, फिर पुत्र भी असमय चल बसे। परंपरा के अनुसार वे सती होने जा रही थीं, किंतु मल्हारराव के आग्रह पर उन्होंने जीवन को त्यागने के बजाय उसे समाज और राज्य की सेवा में समर्पित करने का निर्णय लिया। यही वह क्षण था, जिसने एक साधारण स्त्री को लोकमाता में परिवर्तित कर दिया।

मल्हारराव की मृत्यु के बाद जब राज्य की बागडोर उनके हाथों में आई, तब उन्होंने अद्भुत प्रशासनिक क्षमता का परिचय दिया। उन्होंने न्यायप्रिय, पारदर्शी और जनकल्याणकारी शासन स्थापित किया। उनके शासनकाल में प्रजा को न केवल सुरक्षा मिली, बल्कि आर्थिक और सामाजिक उन्नति के अवसर भी प्राप्त हुए।

महेश्वर को अपनी राजधानी बनाकर अहिल्याबाई ने इसे धर्म, संस्कृति और कला का केंद्र बना दिया। नर्मदा तट पर बने भव्य घाट, मंदिर और स्थापत्य उनकी दूरदृष्टि और आस्था के प्रमाण हैं। काशी, गया, सोमनाथ, द्वारका जैसे देशभर के प्रमुख तीर्थस्थलों के पुनर्निर्माण और विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है।

उनकी शासन शैली का सबसे बड़ा गुण था—सरलता और संवेदनशीलता। वे भव्य सिंहासन पर नहीं, बल्कि एक साधारण आसन पर बैठकर दरबार लगाती थीं। वे स्वयं जनता की समस्याएँ सुनतीं और तत्काल न्याय देतीं। उनके लिए राज्यसत्ता भोग का नहीं, सेवा का माध्यम थी। अहिल्याबाई केवल एक शासिका नहीं, बल्कि एक आदर्श भारतीय नारी थीं—जिनमें त्याग, करुणा, धर्मनिष्ठा और दृढ़ता का अद्भुत संगम था। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य नहीं खोया और अपने जीवन को लोकसेवा की मिसाल बना दिया।

आज जब सत्ता अक्सर स्वार्थ और प्रदर्शन का माध्यम बन जाती है, तब अहिल्याबाई का जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्चा नेतृत्व वही है, जो जनता के सुख-दुःख को अपना मानकर कार्य करे। रानी अहिल्याबाई होलकर वास्तव में भारतीय संस्कृति की वह शिल्पकार थीं, जिन्होंने अपने कर्म, चरित्र और सेवा से इतिहास में अमर स्थान प्राप्त किया। उनकी जयंती केवल स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड.-2026 31 मई को, जनपद में 17 केंद्रों पर होगी परीक्षा

## एडीएम न्यायिक की अध्यक्षता में तैयारियों की समीक्षा, अधिकारियों को सख्त निर्देश

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

गौतमबुद्धनगर, 29 मई 2026। उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में आगामी 31 मई 2026 को आयोजित होने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड.-2026 को शांतिपूर्ण, नकलविहीन एवं सुचिता के साथ संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं।

इस संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रियंका की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा सभी परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

### 17 परीक्षा केंद्रों पर होगी दो पालियों में परीक्षा

बैठक में जानकारी दी गई कि जनपद में कुल 17 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। सभी केंद्रों पर सुरक्षा, निगरानी एवं मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### "गाइडलाइन का गहन अध्ययन अनिवार्य" - एडीएम न्यायिक

अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने कहा कि सभी केंद्र व्यवस्थापक परीक्षा से पूर्व निर्धारित गाइडलाइन का गहन अध्ययन करें, ताकि परीक्षा के दौरान



किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो। उन्होंने कहा कि परीक्षा को निष्पक्ष और नकलविहीन बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निरीक्षण के निर्देश

एडीएम न्यायिक ने सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि सीसीटीवी कैमरे, बिजली, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुचारू रूप से कार्यरत हों। किसी भी कमी की स्थिति में तत्काल सुधार सुनिश्चित किया जाए।

### पुलिस को सख्त चेकिंग के निर्देश

बैठक में पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया गया कि परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश के दौरान इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की सघन जांच की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की नकल या अनुचित साधनों के प्रयोग को रोका जा सके।

### विशेषज्ञों ने दी जानकारी

इस अवसर पर बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों द्वारा परीक्षा संचालन से संबंधित गाइडलाइन और मानकों पर विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि सभी अधिकारी सुचारू और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित कर सकें। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक दीपा भाटी, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

*समाज जागरण विशेष*
***नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क***

# वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों को लेकर जागरूकता शिविर, वृद्धाश्रम का हुआ निरीक्षण

## भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम-2007 पर दी गई जानकारी, समस्याओं के समाधान के निर्देश

**समाज जागरण /संदीप गर्ग**

गौतमबुद्धनगर, 29 मई 2026। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में जनपद गौतमबुद्धनगर स्थित राजकीय वृद्धाश्रम, ग्राम रीलखा में माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 को लेकर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

यह शिविर माननीय जनपद न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव के मार्गदर्शन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिवानी रावत के निर्देशन में आयोजित किया गया।

वरिष्ठ नागरिकों से संवाद, समस्याओं की हुई सुनवाई

शिविर के दौरान सचिव ने वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत कर उनके खानपान, स्वास्थ्य एवं रहने की व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान कई वरिष्ठ नागरिकों ने आधार कार्ड, वृद्धा पेंशन, आयुष्मान कार्ड एवं विधवा पेंशन जैसी योजनाओं से जुड़े दस्तावेज न बनने की समस्या उठाई।

वरिष्ठ नागरिकों ने बताया कि



दस्तावेजों के अभाव में वे सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई का सामना कर रहे हैं।

### दस्तावेजीकरण के लिए सूची तैयार करने के निर्देश

अधिकारियों द्वारा संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि सभी वरिष्ठ नागरिकों की विस्तृत सूची तैयार कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए, ताकि लंबित दस्तावेजों को शीघ्र बनवाने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

### वृद्धाश्रम रजिस्टरों में मिली त्रुटियां

निरीक्षण के दौरान राजकीय वृद्धाश्रम के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया, जिसमें कुछ त्रुटियां पाई गईं। इस पर संबंधित कर्मचारियों को रजिस्टरों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

### वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों पर जोर

अधिकारियों ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा एवं सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

**समाज जागरण विशेष**
***वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और अधिकारों के लिए निरंतर प्रयास***

# कलेक्ट्रेट एनआईसी सभागार में आबकारी नीति 2026-27 के तहत पंचम चरण की ई-लॉटरी संपन्न

## 11 मदिरा दुकानों का ऑनलाइन आवंटन, लगभग 50 करोड़ रुपये राजस्व की संभावना



**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

गौतमबुद्धनगर, 29 मई 2026। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट एनआईसी सभागार में आबकारी नीति 2026-27 के अंतर्गत पंचम चरण की ई-लॉटरी प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस दौरान देशी मदिरा एवं मॉडल शॉप की कुल 11 दुकानों का ऑनलाइन आवंटन एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लाइव प्रसारण के साथ किया गया।

### कुल 360 आवेदन, पारदर्शी प्रक्रिया के तहत हुआ आवंटन

जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि इस चरण में देशी मदिरा की 06 दुकानों के लिए 243 आवेदन तथा मॉडल शॉप की 05 दुकानों के लिए 117 आवेदन प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल 360 आवेदनों के माध्यम से लॉटरी प्रक्रिया पूरी की गई।

### लगभग 50 करोड़ रुपये राजस्व की संभावना

ई-लॉटरी के माध्यम से 11 दुकानों के आवंटन से राज्य को लगभग 50 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त होने की संभावना जताई गई है, जबकि प्रक्रिया के दौरान लगभग 2.75 करोड़ रुपये का तत्काल राजस्व भी अर्जित हुआ।

### पारदर्शिता के साथ हुआ आवंटन

लॉटरी प्रक्रिया के दौरान सहायक आबकारी आयुक्त मोहन मीकिंग, पुलिस विभाग के नामित अधिकारी एवं समस्त आबकारी निरीक्षक उपस्थित रहे। पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं ऑनलाइन माध्यम से संपन्न कराया गया।

**समाज जागरण विशेष**
*ई-लॉटरी प्रणाली से आबकारी विभाग में पारदर्शिता और राजस्व वृद्धि को बढ़ावा*

# ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग एक्शन में, 08 खाद्य नमूने जांच के लिए संग्रहित

## आइसक्रीम व पेय पदार्थों की गुणवत्ता पर सख्त निगरानी, कई प्रतिष्ठानों पर छापेमारी



**समाज जागरण /संदीप गर्ग**

गौतमबुद्धनगर, 29 मई 2026। गर्मी के मौसम को देखते हुए जनपदवासियों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर विभाग की टीमें आइसक्रीम एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों पर लगातार छापेमारी कर नमूने एकत्र कर रही हैं।

### विभिन्न इकाइयों से लिए गए 08 नमूने

सहायक आयुक्त खाद्य (द्वितीय) सर्वेश मिश्रा ने बताया कि अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों से कुल 08 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए हैं।

इनमें– भारत स्क्वायर एंड दूध प्रोडक्ट प्रा. लि., सेक्टर-58 नोएडा से फ्रोजन डेजर्ट का 01 नमूना
ब्लूफॉक्स इंटरप्राइजेज, सेक्टर-122 से आइसक्रीम प्रीमिक्स का 01 नमूना
हगफूड्स प्रा. लि., सेक्टर-73 से योगर्ट के 02 नमूने
दादरी स्थित डेयरी आइसक्रीम से 01 नमूना
कासना स्थित मेवाड़ आइसक्रीम से 01 नमूना
इवॉलॉजी फूड्स एंड बेवरेज प्रा. लि., ग्रेटर नोएडा से आइस कैंडी के 02 नमूने शामिल हैं।

**हलाल प्रमाणन को लेकर भी हुई चेकिंग**

विभाग द्वारा हाल ही में प्राप्त शिकायतों के आधार पर हलाल प्रमाणन युक्त खाद्य पदार्थों की बिक्री को लेकर भी विभिन्न स्टोरों पर जांच अभियान चलाया गया, हालांकि किसी भी स्थान पर ऐसी बिक्री की पुष्टि नहीं हुई।

### अभियान लगातार जारी रहेगा

सहायक आयुक्त खाद्य ने बताया कि जनपद में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। सभी नमूनों को प्रयोगशाला भेजा जा रहा है और रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति व शासी निकाय की बैठक संपन्न

## "हर जरूरतमंद तक पहुंचे स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ, कोई भी न रहे वंचित" - डीएम

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

गौतमबुद्धनगर, 29 मई 2026। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं शासी निकाय की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों, सेवाओं एवं योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।



### "गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सर्वोच्च प्राथमिकता"

जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे और कोई भी व्यक्ति वंचित न रहे।

### स्वास्थ्य कार्यक्रमों की हुई विस्तृत समीक्षा

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से ओपीडी सेवाओं, संस्थागत प्रसव, ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान, जन आरोग्य योजना, जननी सुरक्षा योजना एवं नियमित टीकाकरण की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की।

### अनुपस्थित अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश

जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जेवर के चिकित्सा अधीक्षक की अनुपस्थिति पर स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी चिकित्सा अधीक्षकों को ओपीडी सेवाओं में वृद्धि सुनिश्चित करने के आदेश दिए।

### संस्थागत प्रसव और स्टाफ व्यवस्था पर सख्ती

कम संस्थागत प्रसव वाले केंद्रों पर संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए। अनुपस्थित (एब्सकॉनड) स्टाफ नर्सों पर विधिक कार्रवाई के आदेश दिए गए। साथ ही जिन केंद्रों पर स्टाफ की कमी है वहां अतिरिक्त नर्सों की तैनाती सुनिश्चित करने और शासन को पत्र भेजने के निर्देश दिए गए।

### ई-संजीवनी और अन्य योजनाओं की समीक्षा

ई-संजीवनी टेलीकंसल्टेशन में कम प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए गए। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी।

### टीकाकरण और स्वास्थ्य रैंकिंग सुधार पर जोर

जिलाधिकारी ने सभी बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने, अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने और स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य रैंकिंग में सुधार के लिए नियमित डेटा वैलिडेशन बैठकें आयोजित करने को कहा।

### बैठक में अधिकारी रहे मौजूद

बैठक का संचालन डीपीएम मंजीत कुमार ने किया। बैठक में एडीएम न्यायिक प्रियंका, सीएमओ डॉ. नरेंद्र कुमार सहित स्वास्थ्य एवं प्रशासन विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**समाज जागरण विशेष**
*जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में प्रशासन सख्त*

# जिलाधिकारी ने किया जनपदीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ

## 235 खिलाड़ियों ने लिया भाग, विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

गौतमबुद्धनगर, 29 मई 2026। जनपद गौतमबुद्धनगर में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जनपदीय शतरंज (चेस) प्रतियोगिता का शुभारंभ जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया।

इस अवसर पर रामग्या स्कूल, सेक्टर-50 नोएडा की प्रधानाचार्या रीना सिंह भी उपस्थित रहीं, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### शतरंज मानसिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम - डीएम

जिलाधिकारी ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं बल्कि मानसिक विकास, धैर्य, एकाग्रता और रणनीतिक सोच को बढ़ाने का माध्यम है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपील की।

### 235 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों से कुल 235 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन रामग्या स्कूल,



सेक्टर-50 नोएडा में किया गया, जहां विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं।

### आगामी खेल प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम जारी

जिला प्रशासन एवं जिला खेल विभाग द्वारा 04 जून से 17 जून 2026 तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा–

*04 जूनः कबड्डी एवं बास्केटबॉल*
*05 जूनः जूडो*
*06 जूनः कुश्ती एवं नेटबॉल*
*07 जूनः बैडमिंटन*
*17 जूनः तैराकी*

### विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

अंडर-7, अंडर-9, अंडर-11 एवं अंडर-15 वर्गों में बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कई विद्यालयों के खिलाड़ियों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

### विजेता खिलाड़ियों का सम्मान

प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी डॉ. परवेज अली, रामग्या स्कूल के डायरेक्टर आर.के. केसरी, स्पोर्ट्स हेड संदीप शर्मा एवं चेस संगठन गौतमबुद्धनगर के सचिव अतुल निगम द्वारा सम्मानित किया गया।

**समाज जागरण विशेष**
***जनपद में खेल प्रतिभाओं को मंच देने की दिशा में प्रशासन का प्रयास***

# जनपद में आबकारी विभाग का प्रवर्तन अभियान तेज, शराब दुकानों और बारों का औचक निरीक्षण

## CCTV *और* POS *मशीन से 100% बिक्री सुनिश्चित करने के निर्देश*

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

गौतमबुद्धनगर। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के अनुपालन में जनपद गौतमबुद्धनगर में आबकारी विभाग द्वारा विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में आबकारी निरीक्षकों की टीमों ने विभिन्न मदिरा दुकानों एवं बारों का आकस्मिक निरीक्षण किया।




### देशी शराब, मॉडल शॉप और बारों की हुई जांच

अभियान के तहत जनपद स्थित देशी शराब की दुकानों, कम्पोजिट शॉप, मॉडल शॉप, प्रीमियम रिटेल शॉप एवं बार अनुज्ञापनों की गहन चेकिंग की गई। अधिकारियों ने दुकानों की कैन्टीनों का भी निरीक्षण कर नियमों के पालन की जांच की।

### गोपनीय टेस्ट परचेज कर जांची व्यवस्थाएं

निरीक्षण के दौरान विभागीय टीमों द्वारा गोपनीय "टेस्ट परचेज" भी कराया गया, ताकि बिक्री प्रक्रिया और नियमों के अनुपालन की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके।

### CCTV रिकॉर्डिंग और POS मशीन पर जोर

आबकारी निरीक्षकों ने सभी अनुज्ञापियों एवं विक्रेताओं को निर्देश दिए कि दुकानों पर लगे उउळश कैमरों की रिकॉर्डिंग रियल टाइम संचालित रखी जाए। साथ ही सभी बिक्री ढडर मशीन के माध्यम से शत-प्रतिशत दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए।

### नियमों के पालन पर विभाग सख्त

आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया कि अवैध बिक्री, अनियमितता अथवा नियमों के उल्लंघन की स्थिति में सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग द्वारा आगे भी इसी प्रकार निरीक्षण अभियान जारी रखा जाएगा।

# FIEO की निर्यात-आयात नीति एवं व्यापार संवर्धन समिति की बैठक संपन्न

## *निर्यातकों की समस्याओं, RBI प्रतिनिधित्व और विदेशी वेयरहाउस स्थापना पर हुई चर्चा*

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन्स की निर्यात-आयात नीति एवं व्यापार संवर्धन समिति की एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन बैठक 26 मई 2026 को वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में समिति के संयोजक सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े निर्यात उद्योग प्रतिनिधियों और समिति सदस्यों ने भाग लिया।

### निर्यात संवर्धन और Ease of Doing Business पर मंथन

बैठक में निर्यात संवर्धन से जुड़े नीतिगत विषयों तथा निर्यातकों के समक्ष आ रही वर्तमान चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सदस्यों ने व्यवसाय करने में सुगमता (Ease of Doing Business) बढ़ाने और भारत के निर्यात तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया।

### समिति के विस्तार का निर्णय

बैठक में यह सहमति बनी कि विभिन्न व्यापारिक क्षेत्रों से अधिक प्रतिनिधियों को समिति में शामिल किया जाए, ताकि उद्योग से संबंधित व्यापक मुद्दों और क्षेत्र विशेष की समस्याओं को प्रभावी ढंग




से सरकार तक पहुंचाया जा सके।

### RBI को भेजा जाएगा प्रतिनिधित्व

बैठक में बैंकिंग एवं निर्यात दस्तावेजीकरण से जुड़े महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि समिति भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) को प्रतिनिधित्व भेजेगी। इसमें गैर-स्टेटस होल्डर निर्यातकों को निर्यात दस्तावेज सीधे भेजने की अनुमति देने की मांग की जाएगी।
सदस्यों का मानना है कि इससे निर्यात प्रक्रिया सरल होगी, देरी कम होगी और छोटे निर्यातकों को विशेष लाभ मिलेगा।

### रूस और लैटिन अमेरिकी देशों में वेयरहाउस का प्रस्ताव

समिति ने भारतीय उत्पादों की वैश्विक पहुंच बढ़ाने के लिए विदेशों में वेयरहाउस स्थापित करने की आवश्यकता पर भी चर्चा की। प्रथम चरण में रूस और लैटिन अमेरिकी देशों में गोदाम स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया, ताकि भारतीय निर्यातकों को स्थानीय बाजारों तक बेहतर पहुंच मिल सके।

### भारतीय ब्रांड को वैश्विक पहचान दिलाने पर जोर

बैठक में इस बात पर भी बल दिया गया कि भारतीय निर्यातकों को अपने स्वयं के ब्रांड विकसित करने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत पहचान बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। सदस्यों ने कहा कि दीर्घकालिक वैश्विक सफलता के लिए ब्रांड निर्माण अत्यंत आवश्यक है।

### निर्यातकों के हितों की रक्षा का संकल्प

बैठक का समापन इस सहमति के साथ हुआ कि समिति भविष्य में भी निर्यातक समुदाय के हितों की वकालत करती रहेगी और उद्योग को सशक्त समर्थन देने के लिए समन्वित प्रयास जारी रखेगी।

# बीटा-2 पुलिस ने लूट का प्रयास करने वाले दो बदमाश दबोचे

**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा। थाना बीटा-2 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की मदद से लूट का प्रयास करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस, चाकू और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

### थाना क्षेत्र से हुई गिरफ्तारी

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मनीष पुत्र दया सिंह एवं प्रशांत पुत्र वीरेश तोमर के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को थाना बीटा-2 क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार मनीष वर्तमान में घोड़ी बछेड़ा, थाना दादरी क्षेत्र में रह रहा था, जबकि उसका मूल निवास हापुड़ जनपद के बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र में है। वहीं प्रशांत वर्तमान में ओमिक्रॉन-1 क्षेत्र में रह रहा था और उसका मूल निवास भी बहादुरगढ़, हापुड़ बताया गया है।

# थाना सूरजपुर पुलिस ने अंतर्जनपदीय चोर गिरोह का किया पदार्फाश

## *चार शातिर गिरफ्तार, 50 लाख के आभूषण, नकदी, ऑटो और अवैध चाकू बरामद*

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

ग्रेटर नोएडा। थाना सूरजपुर पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक अंतर्जनपदीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।
पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे और निशानदेही से लगभग 50 लाख रुपये मूल्य के चोरी के आभूषण, 1 लाख 65 हजार रुपये नकद, घटना में प्रयुक्त एक ऑटो तथा तीन अवैध चाकू बरामद किए हैं।

### ऑटो से करते थे रेकी, बंद मकानों को बनाते थे निशाना

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त प्रदीप यादव उर्फ फौजी, शिव कुमार उर्फ चूंचा, वीरेश उर्फ वीरा और सूरज उर्फ बंटा संगठित गिरोह के रूप में कार्य करते थे। गिरोह के सदस्य ऑटो से दिल्ली-एनसीआर के सेक्टरों और सोसाइटियों में बंद पड़े मकानों की रेकी करते थे। इसके बाद गिरोह के कुछ सदस्य बाहर निगरानी करते जबकि बाकी सदस्य मकानों के ताले और ग्रिल तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे और ऑटो से फरार हो जाते थे।

# अमला नदी पुल की अप्रोच धंसी, घंटों बाधित रहा यातायात

## मरम्मत के बाद हल्के वाहनों के लिए खोला गया मार्ग, भारी वाहनों पर रोक

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर अफजलगढ़ कालागढ़-अफजलगढ़ मार्ग स्थित अमला नदी पुल की अप्रोच शुक्रवार सुबह अचानक धंस जाने से मार्ग पर यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। घटना के बाद सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने पुल से दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही तत्काल बंद करा दी। इससे मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर बाद मरम्मत कार्य पूरा होने पर पुल को हल्के वाहनों के लिए दोबारा चालू कर दिया गया, जबकि भारी वाहनों के आवागमन पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे अमला नदी पुल के समीप अचानक मिट्टी खिसकने लगी, जिससे पुल की अप्रोच धंस गई। देखते ही देखते पुल के एक हिस्से की सड़क बैठ गई और मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस और प्रशासन ने तत्काल वाहनों का आवागमन रोक दिया। यातायात बंद होने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं। इस दौरान कुछ दोपहिया वाहन चालक अफजलगढ़ गर्ल्स इंटर कॉलेज के पीछे वाले रास्ते से होकर ईदगाह मार्ग की ओर निकलने लगे। शुरूआत में कुछ वाहन निकल गए, लेकिन थोड़ी ही देर में बड़ी संख्या में वाहन पहुंचने के कारण वह रास्ता भी जाम हो गया और लोगों को घंटों परेशानी झेलनी पड़ी। सूचना मिलने पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के जूनियर इंजीनियर विनय कुमार कपिल विभागीय टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। इसके बाद जेसीबी मशीन और मजदूरों की मदद से धंसी हुई अप्रोच को दुरुस्त कराने का कार्य शुरू कराया गया। विभागीय टीम ने कई घंटे तक लगातार मरम्मत कार्य कराया। करीब दोपहर बाद अप्रोच को अस्थायी रूप से ठीक कर पुल से हल्के वाहनों का आवागमन फिर से शुरू करा दिया गया। उधर जेई विनय कुमार कपिल ने बताया कि नगर पालिका की पानी की पाइपलाइन पुल के समीप लीकेज हो गई थी। लगातार पानी रिसने से मिट्टी कमजोर हो गई, जिसके चलते पुल की अप्रोच धंस गई। उन्होंने बताया कि फिलहाल स्थिति सामान्य है और पुल पूरी तरह सुरक्षित है। एहतियात के तौर पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई गई है। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग की ओर से अमला नदी पर नया पुल निमार्णाधीन है। करीब तीन करोड़ 29 लाख रुपये की लागत से तैयार हो रहे इस पुल की लंबाई 45 मीटर तथा चौड़ाई लगभग साढ़े 11 मीटर होगी। विभाग के अनुसार नया पुल दिसंबर से फरवरी माह के बीच तैयार होने की संभावना है। नया पुल बनने के बाद क्षेत्रवासियों को आवागमन में काफी राहत मिलेगी और बार-बार आने वाली दिक्कतों से निजात मिलेगी।

# रिश्वत लेते वीडियो वायरल: समीपुर स्वास्थ्य केंद्र के नोडल अफसर डॉ. प्रमोद देशवाल हटाए गए, DM ने दिए जांच के आदेश

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा दिया है। नजीबाबाद तहसील के समीपुर स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद देशवाल को एक कथित झोलाछाप डॉक्टर से 5,000 की रिश्वत लेते हुए कैमरे में कैद किया गया है। वीडियो के सामने आने के बाद बिजनौर की जिलाधिकारी (DM) ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी डॉक्टर को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया है और मामले की जांच के आदेश दिए हैं। वायरल वीडियो में नोडल अफसर डॉ. प्रमोद देशवाल एक झोलाछाप डॉक्टर से अवैध वसूली करते हुए स्पष्ट नजर आ रहे हैं। वीडियो में वह शिकायतकर्ता पर नाराजगी जताते हुए यह कहते भी सुनाई दे रहे हैं कि "तेरे पास तीन-तीन चक्कर लगाने पड़ते हैं।" इस बातचीत से साफ जाहिर होता है कि क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे क्लीनिकों के खिलाफ कार्रवाई न करने के बदले नियमित रूप से अवैध उगाही की जा रही थी। जैसे ही यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिला प्रशासन हरकत में आ गया। बिजनौर की जिलाधिकारी ने भ्रष्टाचार के इस गंभीर मामले का तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने आरोपी डॉ. प्रमोद देशवाल को समीपुर स्वास्थ्य केंद्र से हटाते हुए विभागीय और प्रशासनिक जांच के कड़े निर्देश जारी किए हैं।

# जमीन पर कब्जा कर अवैध रूप से लगाया गेट

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर। गाँव बादशाहपुर निवासी युवक ने गाँव के ही कुछ लोगो पर उसकी जमीन पर कब्जा कर गेट लगाने का आरोप लगाया है। थाना क्षेत्र के गाँव बादशाहपुर निवासी दीपक कुमार पुत्र हरिओम ने बताया की वह काफी समय से अपने परिजनों के साथ वृंदावन मे रहता है।गाँव मे उसके दादा,दादी रहते है।गाँव के पास आबादी मे भी उनकी कुछ जमीन खाली पड़ी है, जिसका बैनामा भी उस के नाम है।



गाँव निवासी राजेंद्र सिंह,मेहरसिंह, राजकुमार, मोंटी ने अबैध रूप से उसकी जमीन पर कब्जा कर गेट लगा दिया है। उसने बताया की इस सम्बन्ध मे उसके दादा बाबूराम द्वारा थाने मे चारो आरोपियो के खिलाफ तहरीर देते हुए जमीन को कब्जा मुक्त कराते हुए आरोपियो पर कार्यवाही करने की मांग की थी। लेकिन पुलिस ने भी कोई कार्यवाही नहीं की उसने प्रशासनिक अधिकारियो से जाँच कर अपनी जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।

# मामूली विवाद ने लिया खूनी रूप, घर में घुसकर भाई-बहन पर चाकू से हमला

## पुलिस ने नामजद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**




जनपद बिजनौर अफजलगढ़। नगर के मोहल्ला नायक सराय में मामूली कहासुनी के बाद पड़ोसियों द्वारा घर में घुसकर मारपीट और चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। नगर के मोहल्ला नायक सराय निवासी मुस्कान पुत्री कयामुद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 मई की शाम करीब साढ़े चार बजे उसके भाई बिलाल की शाहबाज पुत्र इस्लामुद्दीन से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि इसके बाद शाहबाज और उसका पिता इस्लामुद्दीन उनके घर पहुंच गए और उसके पिता के साथ मारपीट कर थप्पड़ मार दिया। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। पीड़िता मुस्कान का आरोप है कि कुछ ही देर में शाहबाज के भाई शादाब, फैसल और रिहान भी मौके पर आ गए। इसी दौरान शादाब ने उसके भाई बिलाल पर चाकू से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आई उसकी बहन अदीबा के हाथ पर भी चाकू लगने से उसकी एक उंगली कट गई। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़ितों के बयान, मेडिकल परीक्षण और घटनास्थल के निरीक्षण के आधार पर धारा 109(1) बीएनएस की बढ़ोतरी भी की गई है। उधर थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि मामले में नामजद आरोपी शादाब (23) और शाहबाज उर्फ छोटे (18) पुत्रगण इस्लामुद्दीन निवासी मोहल्ला नायक सराय को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार, हेड कांस्टेबल रजनीश कुमार और कांस्टेबल विशाल मलिक शामिल रहे।

# आंधी-तूफान से कई जगह लाइनों पर गिरे पेड़, रातभर बाधित रही बिजली आपूर्ति

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद बीती रात्रि आई तेज आंधी-तूफान के चलते नजीबाबाद क्षेत्र के कई ग्रामीण इलाकों में विद्युत लाइनों पर पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। घंटों की मशक्कत के बाद आज 29 मई को सुबह 11:00 बजे आपूर्ति सुचारु हो सकी।एसडीओ नजीबाबाद शंभू नाथ ने जानकारी देते हुए बताया कि तेज आंधी-तूफान के कारण समीपुर ग्रामीण क्षेत्र की 33000 केवी पावर की विद्युत लाइन पर पेड़ गिर गया था। इसके चलते समीपुर और आसपास के गांवों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। इसी के साथ सरवनपुर क्षेत्र में भी कई जगह विद्युत लाइनों पर पेड़ गिरने से सप्लाई बाधित रही। रातभर बिजली गुल रहने से लोगों को भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।एसडीओ शंभू नाथ ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही विद्युत कर्मियों की टीमों को तुरंत मौके पर भेजा गया। रातभर चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद लाइनों से पेड़ हटाए गए और फॉल्ट ठीक किए गए। कड़ी मशक्कत के बाद आज सुबह 11 बजे सभी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई।बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आंधी से क्षेत्र में कई जगह तार टूटने और पोल क्षतिग्रस्त होने की भी सूचना मिली है, जिन्हें ठीक किया जा रहा है।



# दहेज लोभियों वो तीन तलाक देने के दस आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना । दहेज के लिए प्रताड़ित करने मारपीट करने अश्लील हरकतें करने व तीन तलाक देने के दस आरोपियों के विरुद्ध पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाही शुरू कर दी है।

नगीना के मोहल्ला काजी सराय निवासी शगुफ्ता परवीन पत्नी तालिब पुत्री शरीफ ने एसपी बिजनौर को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उसकी शादी दिनांक 16.05.2022 को मुस्लिम शरीयत के मुताबिक तालिब पुत्र नौ इदरीश निवासी ग्राम मिजार्पुर पल्लावाला थाना धामपुर जिला बिजनौर के साथ हुई थी। प्रार्थनी के माँ बाप ने अपनी हैसियत के मुताबिक सोने चांदी के जेवर कीमती कपडे मोटर साईकिल प्लसर, फ्रिज, वांशिग मशीन, कूलर, बैड सोफा आदि व जरूरी फर्नीचर व घरेलू सामान व बर्तन आदि प्रार्थनी को उपहार स्वरूप दिये जो प्रार्थनी के पति तालिब व सास सायरा, जेठ मोबीन व देवर इस्माईल व इसराईल व नन्द कमर जहाँ, कौसर, सैफीना व नन्दोई मौसीन व आरिफ निवासीगण ग्राम मिजार्पुर पल्लावाला को बहुत कम लगा और ये सभी उस को कम दहेज लाने के ताने देते और उससे कार व नकद पांच लाख रू० प्रार्थनी के मायके से लाने का दबाव बनाते। उसके द्वारा मना करने पर प्रार्थनी को मारते पीटते और भूखा प्यासा रखते। उसका पति शादी के बाद सऊदी अरब चला गया और उसके पीछे उपरोक्त सभी प्रार्थनी को कार व 5 लाख रुपए की मांग पूरी करने के लिए मारते पीटते और प्रार्थनी के जेठ इस्माईल व नन्द कमर जहाँ व कौसर, सैफीना ने प्रार्थनी का सोने चांदी का जेवर जबरदस्ती छीन लिया और उसके देवर इस्माईल व इसराईल उसे अकेला देखकर उसे गलत तरीके से पकड़ कर अश्लील हरकत करते हुए उससे गलत सम्बन्ध बनाने की कई बार कोशिश की। उसने किसी तरह अपने आप को आरोपियों से बचाकर रखा।उसने उक्त घटना की बावत अपने पति को बताया तो प्रार्थनी के पति ने प्रार्थनी को झूठा कहा। उसका पति जनवरी 2025 में सऊदी से वापस आ गया। उपरोक्त सभी प्रार्थनी के पति को भी उसके खिलाफ भड़काते रहते और कार व 5 लाख रुपए की मांग करते रहते इसी दौरान प्रार्थनी के दिनांक 31.12.2025 को एक पुत्र ओरहान हुआ। उसके पैदा होने के सवा महीने बाद सभी आरोपी उसे उसके मायके नगीना यह कहते हुए छोड़ गये कि कार व 5 लाख रुपए की मांग पूरी होने पर ही प्रार्थनी को लेकर जायेंगे। दिनांक 10.05.2026 को आरोपियों द्वारा पीड़िता को मायके से नहीं ले जाने के कारण वह अपनी ससुराल अपने बच्चे को लेकर गयी तो प्रार्थनी का पति व अन्य सभी आरोपीगण पीड़िता को मांग पूरी नहीं होने के कारण वापस आने पर उसे गन्दी गन्दी गालियां देने लगे और और सभी आरोपियों के कहने पर उसका पति तालिब तभी उसके मायके मौहल्ला काजी सराय प्रथम निकट कारी शफीक का मदरसा कस्बा व थाना नगीना जिला बिजनौर छोड़कर चला गया और उसी दिन दिनांक 19.05.2026 को समय करीब 7:30 बजे तालिब ने अपने मोबाइल से बात करते हुए तीन तलाक दे दी और कोई कार्यवाही करने पर उसे व उसके बच्चे को उठाकर ले जाकर जान से मारने की धमकी दी। एसपी के आदेश पर नगीना पुलिस ने पति तालिब सास सायरा देवर मोबीन इसराइल व इस्माइल ननद कमर जहां, कौसर व सैफीना तथा नन्दोई मौसीन व आरिफ के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न मारपीट तीन तलाक समेत सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाही शुरू कर दी है।

# हिन्दुत्व के पुरोधा वीर विनायक दामोदर सावरकर जी की मनाई गई 143वीं जयंती

**समाज जागरण**



चंदौसी। अखिल भारतीय हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड के तत्वाधान में घंटाघर स्थित सनातन धर्म पुस्तकालय में महान स्वतंत्रता सेनानी,क्रांतिकारी, राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक एवं हिन्दुत्व के पुरोधा वीर विनायक दामोदर सावरकर जी की 143वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया तत्पश्चात योगेन्द्र कुमार शर्मा एवं अशोक कुमार गुप्ता द्वारा गायत्री मंत्र का जाप किया गया। सभागार में उपस्थित सभी अतिथियों ने वीर सावरकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एस एम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने वीर सावरकर जी को श्रद्धांजलि देते हुये कहा कि वह महान देशभक्त थे उन्होंने देश को स्वतन्त्रता दिलाने में अपना पूरा जीवन देश को समर्पित कर दिया.

चौधरी चंद्रपाल सिंह पूर्व एमलसी ने कहा कि वीर सावरकर जी ने अंग्रेजो के असहनीय अत्याचारों को सहते हुए देश को स्वतंत्र कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे जीवन भर अखंड भारत के पक्ष में रहे।

जिलाध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने वीर सावरकर को श्रद्धांजलि देते हुये कहा कि वह ऐसे राष्ट्रभक्त थे जिन्हें देश की जनता ने वीर की उपाधि दी जिससे पूरा देश उन्हें विनायक दामोदर सावरकर के नाम से नहीं वीर सावरकर के नाम से जानता है। उन्होने कहा कि वीर सावरकर स्वतंत्रता संग्राम के उग्र क्रांतिकारी, इतिहासकार एवं हिन्दुत्व विचारधारा के प्रणेता थे।

बोर्ड के संस्थापक सदस्य योगेन्द्र मोहन शास्त्री ने कहा कि वीर सावरकर जी सच्चे देशभक्त थे उन्होंने अंग्रेजों की गुलामी से भारत माता को स्वतंत्र कराने में अपना जीवन देश को समर्पित कर दिया।

बोर्ड के संस्थापक सदस्य विनय अग्रवाल ने कहा कि वीर सावरकर को अंग्रेजों ने दो बार कठोर आजीवन कारावास की सजा दी। अंग्रेजों ने उन्हें कोल्हू में बैल की तरह जुतकर तेल निकालने की अमानवीय यातनाएं दी।

सुभाष चंद्र भोलेनाथ ने कहा कि वीर सावरकर का लक्ष्य हिन्दी भाषा को राष्ट्र भाषा बनाना था।

दिलीप नगीना ने कहा कि वीर सावरकर ने 1947 में भारत विभाजन का कड़ा विरोध किया.

हरीश कठरिया ने कहा कि वीर सावरकर जी हिन्दुओं, सिखों, बौद्धों एवं जेनियों की सामाजिक एवं सामुदायिक एकता पर जोर देते थे.

कार्यक्रम में ओमप्रकाश अग्रवाल, बृजेश चौहान, राजीव गुप्ता, एड मुकेश अग्रवाल, संजय गुप्ता, जगदीश राणा ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण कुमार मंगलम ने व संचालन डॉ जयशंकर दुबे ने किया।

कार्यक्रम में कृष्ण गोपाल गुप्ता ,सतीश भारती, कृष्ण औतार गुप्ता, डॉ जगत साहनी,प. सत्यप्रकाश शास्त्री, अरुण कुमार शर्मा,दीपेन्द्र नाथ गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# मशहूर शायर बशीर बद्र के इंतकाल पर शोक सभा आयोजित

**समाज जागरण**

संभल। अदब की दुनिया के मशहूर शायर बशीर बद्र के इंतकाल पर नगर में गहरा शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर बज्म-ए-सुखन वराँ संभल के तत्वावधान में एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के साहित्यप्रेमियों, शिक्षकों, समाजसेवियों और उर्दू अदब से जुड़े लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सभा में शायर-ए-अदब बशीर बद्र की शायरी, व्यक्तित्व और उर्दू साहित्य में उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में रफीक राही ने कहा कि बशीर बद्र ने अपनी गजलों के माध्यम से इंसानी जज्बात को जिस खूबसूरती से पेश किया, वह हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी शायरी आने वाली नस्लों के लिए भी रहनुमाई का काम करेगी।

फईम साकिब ने अपने विचार रखते हुए कहा कि बशीर बद्र सिर्फ. एक शायर नहीं बल्कि उर्दू अदब की पहचान थे। उनकी शायरी में मोहब्बत, दर्द, तहजीब और इंसानियत की खुशबू महसूस होती है।

मुदस्सिर हुसैन एडवोकेट ने कहा कि बशीर बद्र ने अपनी रचनाओं से समाज को जोड़ने और मोहब्बत का पैगाम देने का काम किया। उनका इंतकाल उर्दू साहित्य की अपूरणीय क्षति है। डॉ. अजीज उल्लाह खान ने कहा कि बशीर बद्र की शायरी दिलों को छू लेने वाली थी। उनकी गजलों में जिंदगी की सच्चाइयाँ बेहद आसान और असरदार अंदाज में मिलती हैं।

मास्टर वसीम अख्तर ने कहा कि बशीर बद्र जैसे शायर सदियों में पैदा होते हैं। उनकी गजलें आज भी युवाओं और बुजुर्गों के दिलों पर राज करती हैं और आगे भी करती रहेंगी। सैयद शुजात हुसैन ने कहा कि बशीर बद्र की अदबी सेवाओं को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने उर्दू भाषा को आम लोगों के दिलों तक पहुँचाने का काम किया।

बद्र जहां खुर्शीद ने कहा कि बशीर बद्र का नाम रहती दुनिया तक जिंदा रहेगा और उनकी गजले हमारे दिलो में हमेशा ताजा रहेंगी

इसके अलावा सुहैल अनवर, अनस माजिद, मोहम्मद जाहिद, मोहम्मद रफी, मोहम्मद मुमताज आलम सहित अनेक लोगों ने भी शोक व्यक्त करते हुए मरहूम शायर को श्रद्धांजलि दी।

सभा के अंत में बशीर बद्र की मगफिरत और उर्दू अदब की तरक़्की के लिए दुआ की गई। शोक सभा की अध्यक्षता उस्ताद शायर रफीक राही और संचालन मास्टर वसीम अख्तर सम्भली ने किया

# जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार दोषी पाए गए तत्कालीन सचिवों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया हुई प्रारंभ

## विकासखण्ड पवांसा के ग्राम ऐंचोली में कार्यरत रहे 5 ग्राम सचिव शासकीय धनराशि के दुरुपयोग एवं वित्तीय अनियमितता के मामले में हुए निलंबित

**समाज जागरण**

बहजोई/संभल।जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल द्वारा विकासखंड पवांसा की ग्राम पंचायत ऐंचोली के ग्राम प्रधान रघुनाथ को अंतिम जांच में दोषी पाए जाने पर ग्राम प्रधान पद से पदच्युत किए जाने की कार्यवाही पूर्व में की गई थी । संबंधित दोषी सचिवों के विरुद्ध भी नियुक्ति प्राधिकारी के स्तर से निलंबित किए जाने एवं अनियमित भुगतानित/ दुरुपयोगित शासकीय धनराशि की वसूली किए जाने के निर्देश दिए गए थे।

वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2023- 24 तक ग्राम पंचायत ऐंचोली में ओडीएफ प्लस, ग्राम निधि एवं मनरेगा के अंतर्गत अव मुक्त की गई धनराशि का दुरुपयोग किए जाने एवं शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्रों को नहीं दिए जाने आदि आरोपित बिंदुओं पर प्रारंभिक जांच की गई थी तथा अंतिम जांच जांच अधिकारी कृषि उपनिदेशक सम्भल तथा अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग संभल द्वारा एवं जिला लेखा परीक्षा अधिकारी सहकारी समितियां एवं पंचायतें सम्भल द्वारा की गई । उपनिदेशक कृषि द्वारा दी गई जांच आख्या जो की 25 मार्च 2026 को प्रस्तुत की गई उक्त जांच आख्या के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए कार्यों में अंकन 523195 .00 की शासकीय धनराशि की दुरुपयोग /वित्तीय अनियमित कारित किए जाने के लिए ग्राम पंचायत को दोषी पाते हुए उक्त धनराशि की वसूली योग्य पाया जाना निष्कर्षित किया गया था। जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा 1 अप्रैल 2026 को जारी किए गए पत्र द्वारा उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 51( 1) छ के अंतर्गत ग्राम प्रधान को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया तथा एक पक्ष की समय अवधि में उत्तर प्रस्तुत किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था तथा ग्राम पंचायत सचिवों को भी कारण बताओं नोटिस और उत्तर प्रस्तुत करने के लिए संबंधित अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव द्वारा प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक नहीं पाए जाने तथा जांच में शासकीय कार्यों के सापेक्ष निष्कर्षित उक्त शासकीय क्षति/ निष्कर्षित वसूली योग्य धनराशि के लिए ग्राम प्रधान तथा संबंधित तत्कालीन ग्राम सचिव समान रूप से उत्तरदाई पाए गए प्रख्यात वसूली धनराशि अंकन 523195 .00का आधा भाग की धनराशि अंकन रुपए 261 597.50 ग्राम प्रधान तथा आधा भाग की धनराशि 261597.50 की धनराशि संबंधित तत्कालीन ग्राम सचिवों से वसूल किए जाने की जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए।

आज जिला पंचायत राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह द्वारा सुग्रीव सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी विकासखंड रजपुरा तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव ग्राम ऐंचोली विकासखंड पवांसा को अपने दायित्वों का ठीक प्रकार से निर्वहन न करने तथा अनियमित भुगतानित / दुरुपयोगित शासकीय धनराशि का दोषी पाए जाने पर निलंबित किया गया तथा अनुशासनिक / विभागीय कार्यवाही में जांच हेतु सहायक विकास अधिकारी पंचायत विकासखंड असमोली को जांच अधिकारी नामित किया गया। इसी प्रकार जिला विकास अधिकारी राम आशीष द्वारा ग्राम विकास अधिकारी अबरार अहमद ग्राम विकास अधिकारी विकासखंड रजपुरा तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत ऐंचोली एवं ग्राम विकास अधिकारी अजीत कुमार ग्राम विकास अधिकारी तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव ऐंचोली विकासखंड पवांसा तथा नवनीत मिश्रा ग्राम विकास अधिकारी विकासखंड पंवासा तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव एंचोली एवं गौरव कुमार कनौजिया ग्राम विकास अधिकारी विकासखंड बहजोई तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत ऐंचोली विकासखंड पवांसा को निलंबित किया गया । अबरार अहमद के विरुद्ध अनुशासनिक / विभागीय कार्यवाही में जांच हेतु खण्ड विकास अधिकारी जुनावई को जांच अधिकारी नामित किया गया तथा अजीत कुमार के विरुद्ध अनुशासनिक/ विभागीय कार्यवाही में जांच हेतु खण्ड विकास अधिकारी सम्भल तथा नवनीत मिश्रा के विरुद्ध अनुशासनिक/ विभागीय कार्यवाही में जांच हेतु खण्ड विकास अधिकारी गुन्नौर तथा गौरव कुमार कन्नौजिया के विरुद्ध अनुशासनिक/ विभागीय कार्यवाही की जांच हेतु खण्ड विकास अधिकारी बनिया खेड़ा को जांच अधिकारी नामित किया गया।

# हमीरपुर हादसे पर सीएम योगी ने जताया शोक, मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक मदद का ऐलान

- बेतवा नदी पर निमार्णाधीन पुल दुर्घटना को मुख्यमंत्री ने बताया हृदय विदारक, राहत-बचाव अभियान युद्धस्तर पर चलाने के निर्देश
- प्रदेश के कई जिलों में आंधी-तूफान, बारिश व आकाशीय बिजली से हुए नुकसान का भी सीएम ने लिया संज्ञान
- सभी जिलाधिकारियों को तत्काल सर्वे कर नुकसान का आकलन करने और राहत राशि शीघ्र जारी करने के निर्देश
- सीएम की आमजन से अपील- खराब मौसम में रखें विशेष सतर्कता और अनावश्यक यात्रा से बचें

**समाज जागरण**

लखनऊ, 29 मई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमीरपुर जिले में बेतवा नदी के निमार्णाधीन पुल पर हुई दर्दनाक दुर्घटना में श्रमिकों की मौत पर गहरा शोक प्रकट किया है। उन्होंने हादसे को अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। सीएम ने मृतकों के आश्रितों को 5-5 लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने गुरुवार देर रात कई जिलों में तेज आंधी-तूफान, बारिश और आकाशीय बिजली से भारी तबाही का भी संज्ञान लेते हुए सभी जिलाधिकारियों को बचाव कार्य तेज करने, नुकसान का आकलन करने और राहत राशि जल्द जारी करने के निर्देश दिए हैं।

हमीरपुर हादसे की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल इसका संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन को एसडीआरएफ के साथ मिलकर राहत एवं बचाव अभियान युद्धस्तर पर संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने घायलों को तत्काल बेहतर उपचार उपलब्ध कराने और प्रभावित परिवारों की हरसंभव मदद सुनिश्चित करने को कहा है। प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

गुरुवार देर रात आए तेज आंधी-तूफान, बारिश व आकाशीय बिजली से प्रदेश के कई जिलों में भारी नुकसान तथा जनजीवन प्रभावित हुआ है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को तत्काल फील्ड में जाकर सर्वे कर नुकसान का आकलन करने और राहत राशि शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहत एवं बचाव कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और हर तीन घंटे में स्थिति की अद्यतन रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही मुआवजा वितरण, राहत शिविरों, बचाव अभियान और अन्य प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करने को भी कहा गया है, ताकि आमजन तक सही और समयबद्ध सूचना पहुंच सके। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

# किसानों के मसीहा थे चौधरी चरण सिंह: मुख्यमंत्री

## - मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**समाज जागरण**

लखनऊ, 29 मई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम योगी ने विधान भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पार्चन किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत मां का महान सपूत और किसानों का मसीहा बताया।

**चौधरी साहब को जाता है कृषि, राजस्व के क्षेत्र में अनेक रिफॉर्म का श्रेय**

मुख्यमंत्री ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसंबर 1902 को उत्तर प्रदेश में हुआ था। वह देश के स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े थे। देश में कृषि, राजस्व के क्षेत्र में तमाम रिफॉर्म का श्रेय उन्हें जाता है। उनका स्पष्ट मत था कि देश के विकास का रास्ता गांव, खेत व खलिहालों से होकर जाता है।

**सरकार की प्राथमिकता का हिस्सा होना चाहिए किसान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान विकास के एजेंडे और सरकार की प्राथमिकता का हिस्सा होना चाहिए। शासन की योजनाएं किसानों को ध्यान में रखकर तैयार की जानी चाहिए। चौधरी चरण सिंह द्वारा देशहित में किए गए कार्यों को ध्यान में रखते हुए उन्हें भारत रत्न की उपाधि से भी सम्मानित किया गया।

**किसानों के हित से जुड़े अनेक कार्यक्रम चला रही उत्तर प्रदेश सरकार**

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार चौधरी चरण सिंह की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए किसानों के हित से जुड़े अनेक कार्यक्रम चला रही है। इसमें लखनऊ में चौधरी चरण सिंह सीड पार्क का निर्माण भी महत्वपूर्ण है। देश के प्रमुख राजनेता होने के साथ ही उन्होंने देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया था। 29 मई 1987 को उनका देहावसान हुआ। इस दौरान कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यमंत्री केपी मलिक, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद ब्रजलाल, विधायक नीरज बोरा, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल, रामचंद्र प्रधान, उमेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# रिश्वतखोरी का भंडाफोड़: बागपत के जिला पूर्ति अधिकारी 40 हजार लेते गिरफ्तार *

## विजिलेंस ने कार्यालय से रंगे हाथ दबोचा; राशन डीलर से लाइसेंस रद्द करने की धमकी देकर मांग रहे थे पैसे, एआरओ पर भी 10 हजार लेने का आरोप

**समाज जागरण बागपत।**

भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए विजिलेंस की टीम ने शुक्रवार को जिला पूर्ति अधिकारी अनूप तिवारी को उनके कार्यालय से 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अधिकारी सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के बुढ़सैनी गांव के राशन डीलर को चार महीने से लाइसेंस रद्द करने की धमकी देकर पैसे के लिए दबाव बना रहा था। सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के बुढ़सैनी गांव के राशन डीलर नरेंद्र ने बताया कि उस पर चार महीने से कमीशन के नाम पर 40 हजार रुपए देने का दबाव बनाया जा रहा था। रुपए न देने पर उसका लाइसेंस रद्द करने की धमकी दी जा रही थी। डीलर का आरोप है कि वह एआरओ को पहले ही दस हजार रुपए दे चुका था। परेशान होकर उसने चार दिन पहले विजिलेंस की टीम से पूर्ति अधिकारी के खिलाफ शिकायत की थी। शिकायत पर शुक्रवार सुबह विजिलेंस की टीम बागपत पहुंच गई। करीब सवा दो बजे राशन डीलर नरेंद्र 40 हजार रुपए लेकर विजिलेंस के एक अधिकारी के साथ

डीएसओ कार्यालय पहुंचा। नरेंद्र ने जैसे ही डीएसओ अनूप तिवारी को पैसे दिए, विजिलेंस टीम ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद टीम आरोपी अधिकारी को कोतवाली लेकर पहुंची और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। मामले में एआरओ की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# 31 मई को बरेली में युवा उद्योग व्यापार मंडल का प्रादेशिक प्रशिक्षण शिविर व शपथ ग्रहण, बागपत से जाएंगे दर्जनों व्यापारी

**समाज जागरण बरेली/बागपत।** उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल का प्रादेशिक प्रशिक्षण शिविर एवं शपथ ग्रहण समारोह 31 मई 2026, रविवार को बरेली के स्पर्श रिसॉर्ट में आयोजित होगा। कार्यक्रम को लेकर प्रदेशभर के युवा व्यापारी पदाधिकारियों में उत्साह है।

यह जानकारी जिला अध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता व युवा जिला अध्यक्ष संजय कुमार गर्ग अमीनगर सराय ने दी। इस दौरान जिला महामंत्री श्याम सुंदर गर्ग व जिला कोषाध्यक्ष राहुल गुप्ता छपरौली भी मौजूद रहे। संगठन की स्थापना पूर्व सांसद स्व. श्याम बिहारी मिश्रा ने व्यापारी हितों की रक्षा के लिए की थी। वर्तमान में प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा कानपुर के नेतृत्व में संगठन सक्रिय है। प्रदेश महामंत्री राजेंद्र गुप्ता के मार्गदर्शन में बरेली टीम तैयारियों में जुटी है। कार्यक्रम में प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, प्रदेश महामंत्री डॉ. दिलीप सेठ, भारत सरकार व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंघी समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। युवा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सोनी ने बताया कि शिविर में





सशक्त संगठन, युवा शक्ति का राष्ट्र निर्माण में योगदान, स्वदेशी व्यापार, आत्मनिर्भर भारत, व्यापार वृद्धि के सूत्र, ऑनलाइन ऐप व साइबर क्राइम से सुरक्षा, युवा उद्यमिता, स्टार्टअप संस्कृति, अघोषित बिजली कटौती, एक समान मंडी टैक्स, जीएसटी सरलीकरण, विधान परिषद में व्यापारी प्रतिनिधित्व समेत 12 विषयों पर सत्र होंगे। विशेषज्ञ वक्ता युवाओं को व्यावहारिक व संगठनात्मक अनुभव देंगे। बागपत से जिला अध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता व युवा जिला अध्यक्ष संजय गर्ग के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक युवा पदाधिकारी 30-31 मई को बरेली रवाना होंगे। बरेली इकाई ने मंच, आवास, पंजीकरण, भोजन व अनुशासन के लिए अलग-अलग समितियां बनाई हैं। संगठन ने कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल हमेशा व्यापारी हित, सम्मान व संगठित शक्ति के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी हर लड़ाई मजबूती से लड़ेगा।

# 5 दिन बाद फिर शुरू हुई जन सम्मान पदयात्रा, इदरीशपुर-बड़का-हिलवारी समेत गांवों में उमड़ा जनसैलाब

**समाज जागरण बड़ौत/बागपत।**



5 दिन के विश्राम के बाद जन सम्मान पदयात्रा शुक्रवार को फिर शुरू हुई। यात्रा इदरीशपुर, बड़का, हिलवारी, गुराना, बडावद और फतेहपुर पुट्टी गांवों से होकर गुजरी। हर गांव में 20-25 स्थानों पर ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा व आरती के साथ भव्य स्वागत हुआ।

ग्रामीणों, महिलाओं व युवाओं ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर पदयात्रा का समर्थन किया। गांवों की चौपालों से पगडंडियों तक लोगों की जुबां पर चौधरी रामवीर सिंह का नाम रहा। लोगों का कहना है कि व्यापारिक जगत में सफलता के बाद अपनी माटी का कर्ज चुकाने निकले रामवीर सिंह ही क्षेत्र को नई दिशा दे सकते हैं। माहौल बदलाव का संकेत दे रहा है। चौपालों पर संबोधित करते हुए कहा गया कि यह मुहिम चुनावी एजेंडे के लिए नहीं, बल्कि हर गांव को मजबूत सामाजिक परिवार बनाने और व्यवस्था में पारदर्शी सुधार का ईमानदार प्रयास है। अन्नदाताओं की आर्थिक अड़चन दूर करना, शिक्षकों को वास्तविक सम्मान दिलाना और युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार तैयार करना प्राथमिकता है। क्षेत्रवासियों के स्नेह व विश्वास के लिए आभार जताया गया। यात्रा बिना रुके हर घर-आंगन तक जारी रहेगी।

# जनपद बागपत के गोरखनाथ आश्रम में चोरो ने दानपात्र से की 3 लाख रुपए की चोरी

**समाज जागरण बागपत, उत्तर प्रदेश।**




जनपद बागपत के सांकरौद गांव में स्थित गोरखनाथ आश्रम से चोरो ने दानपात्र से लगभग 3 लाख रुपए चोरी कर लिये। गोरखनाथ आश्रम ग्राम सांकरौद के मुख्य पीठाधीश सुरेश भगत जी ने थाना प्रभारी खेकड़ा को इस घटना से अवगत कराते हुए बताया कि वे आश्रम के संचालक है। उन्होने आश्रम में 21 दिन की अग्नि तपस्या की थी, तपस्या पूर्ण करने के उपरान्त आश्रम में 24 मई 2026 को भंडारा था। बताया कि अग्नि तपस्या व भंडारे के दौरान आये श्रद्धालुओं ने दानपात्र में लगभग 3 लाख रुपए का दान दिया था। पीठाधीश सुरेश भगत जी ने बताया कि भंडारे के बाद वे अपने शिष्यों को लेकर हरिद्वार में गंगा स्नान व अन्य पूजा कार्यो के लिए गये थे। इसी बीच 27 मई को आश्रम में नौकरी करने वाले लक्ष्मण पुत्र राजकुमार द्वारा मोबाईल पर सूचना दी गई कि आश्रम में किसी अज्ञात व्यक्ति ने बडे दानपात्र को तोडकर पैसे निकाल लिए व चोर छोटी दान पेटी को अपने साथ ले गये। सुरेश भगत जी ने बताया कि हरिद्वार से वापस आते ही उन्होने खेकड़ा थाने में तहरीर दी और चोरों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की।

# ढिकौली में युवाओं ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह को दी श्रद्धांजलि, किसान हितैषी विचारों को किया याद

**समाज जागरण चांदीनगर।**

गांव ढिकौली के युवाओं ने पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न से सम्मानित चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। युवाओं ने चौधरी साहब के किसान हितैषी विचारों, सादगीपूर्ण



जीवन और देश के किसानों के उत्थान के लिए किए गए योगदान को स्मरण किया। कहा कि उनका जीवन संघर्ष, ईमानदारी और जनसेवा का प्रेरणादायी उदाहरण है। सभी ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस मौके पर राजू ढाका, विक्रांत ढाका, निखिल, मनीष, बादल, विकास, लाखन आदि मौजूद रहे।

# गन्ना विकास समिति बागपत के चेयरमैन प्रदीप ठाकुर ने की मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट

**समाज जागरण बागपत।**



गन्ना विकास समिति बागपत के चेयरमैन ठाकुर प्रदीप सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके लखनऊ स्थित आवास पर पूर्व सांसद एवं बागपत के विकास पुरुष डॉ सत्यपाल सिंह के साथ शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने बागपत शुगर मिल की क्षमता वृद्धि हेतु हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर बागपत जनपद में प्रस्तावित नई शुगर मिल एवं अमूल डेयरी के भूमि पूजन कार्यक्रम हेतु मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया गया, जिस पर उन्होंने शीघ्र ही बागपत आगमन का आश्वासन प्रदान किया। बैठक के दौरान क्षेत्र के विकास, युवाओं के रोजगार एवं किसानों के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने दिल्ली-देहरादून इकॉनॉमी कॉरिडोर पर गांगनौली-दोघट कट दिए जाने का निवेदन किया गया, जिससे चौगामा क्षेत्र में उद्योग, व्यापार, रोजगार एवं आवागमन को नई गति मिल सके। छपरौली यमुना पुल को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़कर यमुना-गंगा मिलन कॉरिडोर विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिससे पश्चिम उत्तर प्रदेश के विकास को नई दिशा प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में बागपत निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है तथा क्षेत्र के किसानों, युवाओं एवं व्यापारियों को विकास योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है।

# कांग्रेस ने महोबा दलित छात्रा प्रकरण पर भाजपा को घेरा, कहा- कमजोर वर्ग की आवाज दबा रही सरकार

**समाज जागरण बड़ौत।**




उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर बड़ौत शहर कांग्रेस कार्यालय पर प्रेस वार्ता आयोजित हुई। इस दौरान शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार ने महोबा में दलित छात्रा के अपहरण और दुष्कर्म के मामले को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार कमजोर वर्ग, किसानों और मजदूरों की आवाज को दबाना चाहती है। प्रेस वार्ता में शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार ने कहा कि विगत दिनों महोबा की एक दलित छात्रा का अपहरण कर 16 दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया। उसके साथ दुष्कर्म व अमानवीय व्यवहार किया गया। इसी प्रकरण को लेकर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पीड़ित परिवार का दुख साझा करने उनके घर पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के बढ़ते जनाधार से भाजपा कार्यकर्ता बौखलाकर अजय राय के खिलाफ उनकी संपत्ति की जांच की मांग करने लगे। भाजपा सरकार कमजोर वर्ग, किसानों और मजदूरों की आवाज को दबाना चाहती है, जबकि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय लगातार जनता के दुख-दर्द में खड़े रहते हैं। रामहरि पंवार ने कहा कि सरकार खुद भ्रष्टाचार में लिप्त है। भाजपा ने 'काम लो चंदा दो' की नीति बना रखी है। अगर सरकार में जरा सी भी नैतिकता बची है तो अपने मंत्रियों-विधायकों की संपत्ति की जांच करा ले। मिड डे मील से लेकर सड़कों तक, अस्पताल की दवाइयों से लेकर मनरेगा तक चारों ओर भ्रष्टाचार का बोलबाला है। इस अवसर पर शोकेन्द्र तोमर, बिजेन्द्र शर्मा, ओमबीर दुहण, ओंकार दत्त उपस्थित रहे।

# गढ़ी कलंजरी में जमीन अधिग्रहण को लेकर किसानों की बैठक, सर्किल रेट बढ़ाने व परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग

**समाज जागरण चांदीनगर।**

गांव गढ़ी कलंजरी में औद्योगिक क्षेत्र के लिए जमीन अधिग्रहण को लेकर किसानों की बैठक हुई। किसानों ने कहा कि प्रशासन पहले जमीन का सर्किल रेट बढ़ाए, तभी अधिग्रहण करे। वरना किसान जमीन नहीं देंगे। किसानों ने



मांग रखी कि जिस किसान की जमीन अधिग्रहित हो उसके परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाए। कहा कि प्रशासन के अधिकारी गांव में आकर किसानों से बात करें और मांगें पूरी करें। अगर बात नहीं मानी गई तो जमीन नहीं दी जाएगी। किसानों ने लगातार पंचायत कर सर्किल रेट से ज्यादा मुआवजे की मांग दोहराई। इस मौके पर सतीश, महेश, राहुल आदि मौजूद रहे।

# पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि, विचार गोष्ठी आयोजित

## कान्हड़ गांव में यज्ञ - हवन कर किया नमन; वक्ताओं ने कहा - किसानों के मसीहा थे चौधरी साहब, जीवन सादगी और संघर्ष की मिसाल

**समाज जागरण बड़ौत।**

तहसील क्षेत्र के चौगामा क्षेत्र के कान्हड़ गांव स्थित एक बैंक्वेट हॉल में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान यज्ञ-हवन के साथ विचार मंथन गोष्ठी का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी, भाजपा नेता व ईंट भट्टा निमार्ता समिति के अध्यक्ष विक्रम सिंह राणा निरपुड़ा ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का जीवन संघर्ष, सादगी, ईमानदारी और जन सेवा का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने हमेशा राजनीति से अलग हटकर किसानों के हितों की लड़ाई लड़ी। किसानों के साथ 24 घंटे कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम किया करते थे। विक्रम सिंह राणा ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की राजनीतिक यात्रा सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं बल्कि समाज के कमजोर वर्गों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से प्रेरित थी। उनके विचार



हमेशा प्रेरणादायक थे। सामाजिक न्याय जैसे विषयों पर उनके दृष्टिकोण से आज भी नीति निमार्ताओं को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह हमारे दिलों में बसते हैं। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन किसानों, मजदूरों एवं ग्रामीण समाज के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया था। 23 दिसंबर 1902 को मेरठ जनपद के नूरपुर गांव में जन्मे चौधरी चरण सिंह ने ग्रामीण परिवेश में रहकर किसानों की समस्याओं को नजदीक से समझा और उनके समाधान के लिए आजीवन संघर्ष किया। किसानों की लड़ाई लड़ते-लड़ते वह एक दिन देश के प्रधानमंत्री बने। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मवीर सिंह ने की, जबकि संचालन एडवोकेट सुनील पवार ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय लोक दल बागपत के जिला उपाध्यक्ष आनंद चिल्लर छपरौली, ऋषि पाल सिंह टिकरी चेयरमैन, चौधरी विजेंद्र सिंह राणा निरपुड़ा, चौधरी बृजपाल सिंह राणा, हरपाल सिंह आर्य, सतबीर सिंह राणा, वीरेंद्र सिंह राणा के अलावा भारी संख्या में चौगामा क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सिविल बार एसोसिएशन ने सीएम से की मांग, चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर हों विचार गोष्ठियां

**समाज जागरण बड़ौत।**

शुक्रवार को सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री पुष्पेंद्र तोमर एडवोकेट एवं समाजसेवी मोहित चौहान के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने एसडीएम भावना सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर प्रदेश के समस्त सरकारी कार्यालयों में विचार गोष्ठी आयोजित करने की मांग की गई। ज्ञापन के माध्यम से सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री पुष्पेंद्र तोमर एडवोकेट ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन किसानों, मजदूरों, वंचितों और ग्रामीणों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया था। उनके द्वारा किए गए भूमि सुधार और प्रशासनिक सुधारों ने देश और प्रदेश के कृषि जगत में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तकदीर बदल दी थी। सभी अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर



मांग की कि प्रदेश के समस्त सरकारी कार्यालयों में चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी आयोजित की जाए और उनके चित्र पर माल्यार्पण किया जाए। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष सत्यपाल मान, समाजसेवी मोहित चौहान, एडवोकेट संजीव तोमर, सचिन चौहान, निशांत तोमर, मनीष मान सिनौली, विकास धामा, विवेक चौहान, संजीव पाल, मुकेश कुमार, संजीव दांगी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# डोला गांव के नितिन की बेरहमी से हत्या, इंस्टाग्राम से जाल में फंसाकर मारी 8 गोलियां

**समाज जागरण अमीनगर सराय।**

डोला गांव के युवक नितिन की लोनी के बंथला में गोली मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। हमलावरों ने इंस्टाग्राम के जरिए पूर्व नियोजित तरीके से जाल में फंसाकर उसे बाहर बुलाया और आठ गोलियां मारकर मौत के घाट उतार दिया। गुरूवार देर रात शव गांव पहुंचा, जिसका शुक्रवार सुबह गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। डोला गांव निवासी नितिन की हत्या सिकरानी नहर पटरी पर हंसराज स्टेडियम के पास की गई थी। बताया गया कि हमलावरों ने पूर्व नियोजित तरीके से नितिन को इंस्टाग्राम के माध्यम से जाल में फंसाकर बाहर बुलाया। इसके बाद उस पर आठ गोलियां बरसाकर निर्मम हत्या कर दी गई। लोनी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गाजियाबाद मोर्चरी भेजा था। पीएम के बाद गुरूवार रात नितिन के परिजनों को उसका शव सौंप दिया गया। देर रात शव डोला गांव पहुंचा तो पूरे गांव में मातम पसर गया। शुक्रवार सुबह गमगीन माहौल में नितिन के शव का अंतिम संस्कार किया गया। सुबह से ही मृतक के घर सांत्वना देने वालों का तांता लगा हुआ है। ग्रामीणों एवं परिवार वालों ने लोनी पुलिस से हत्या के आरोपियों के बारे में जानकारी ली। इसके बाद गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर से बात कर हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस कमिश्नर ने जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

# उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2026 को शांतिपूर्ण, कराने को बैठक आयोजित

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) आगामी 31 मई को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2026 को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र प्रतिनिधि एवं नगर प्रभारियों को परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए एडीएम सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि परीक्षा को निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए सभी अधिकारी पूरी सतर्कता और मुस्तैदी के साथ कार्य करें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल रूम तथा अन्य व्यवस्थाओं



की जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रश्नपत्रों को समय से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में स्पष्ट किया गया कि परीक्षा केंद्रों पर प्रतिबंधित सामग्री किसी भी स्थिति में अंदर नहीं जाने दी जाएगी। बताया गया कि जनपद में बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए राष्ट्रीय किसान स्नातकोत्तर महा विद्यालय शामली, राष्ट्रीय किसान इंटर कॉलेज शामली तथा हिन्दू कन्या इंटर कॉलेज शामली को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी, जिसमें कुल 1268 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। बैठक में डिप्टी कलेक्टर अर्चना शर्मा, डिप्टी कलेक्टर संदीप त्रिपाठी ,डीआई ओएस ऐश्वर्या जायसवाल, सीओ सिटी जितेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

# पीएम और एसपी ने किया नवनिर्मित भोजनालय कक्ष का लोकार्पण

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शुक्रवार को शामली कोतवाली परिसर में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा नवनिर्मित भोजनालय कक्ष का लोकार्पण किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने भोजनालय की व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया। शुक्रवार को डीएम आलोक यादव एवं एसपी एनपी सिंह ने नवनिर्मित भोजनालय कक्ष का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुलिसकर्मियों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा भोजनालय परिसर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य एवं सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। इस अवसर पर एएसपी सुमित शुक्ला, एसडीएम अर्चना शर्मा, सीओ सिटी जितेन्द्र कुमार, सीओ थानाभवन अमरदीप मौर्य, कोतवाली प्रभारी सचिन कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सहबानपुर के 65 वर्षीय लीलू शर्मा का शव हाईवे किनारे मिला, दो दिन पहले टहलने निकले थे

**समाज जागरण चांदीनगर।**

सहबानपुर निवासी 65 वर्षीय लीलू शर्मा पुत्र बालकिशन का शव शुक्रवार को सरफाबाद के पास हाईवे किनारे पड़ा मिला। पुलिस पोस्टमार्टम कराना चाहती थी, लेकिन परिजनों ने इनकार कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक लीलू शर्मा बुधवार शाम टहलने की बात कहकर घर से निकले थे। दो दिन तक वापस नहीं लौटे। शुक्रवार को सरफाबाद के किसानों ने हाईवे किनारे शव देखा और पुलिस व परिजनों को सूचना दी।

मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान लीलू शर्मा के रूप में की। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के एक बेटा व एक बेटी हैं। वह शराब का सेवन अधिक करते थे और ठेके पर पशु चराने का काम भी करते थे। एक माह पहले उनके भतीजे ने भी वन में पेड़ से लटककर जान दी थी। थाना प्रभारी अतर सिंह ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम से लिखित इनकार कर दिया। पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# विशेष गहन पुनरीक्षण, ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों को लेकर समाजवादी पार्टी नेताओं ने डीएम से मुलाकात

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद जारी की गई ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों को लेकर समाजवादी पार्टी नेताओं ने डीएम से मुलाकात कर अशुद्धियों को दूर कराने की मांग की।

पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने डीएम से उनके कार्यालय में भेंट कर शामली जिले की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की वोटर लिस्ट में पाई गई त्रुटियों की सूची सौंपी। नेताओं ने बताया कि सूची में डुप्लीकेट वोटरों के नाम, एक ही मतदाता का नाम कई बार दर्ज होना तथा नामों की स्पेलिंग में गलतियां जैसी अनेक खामियां सामने आई हैं।अशोक चौधरी ने कहा कि पार्टी पदाधिकारियों द्वारा वोटर लिस्ट की गहन जांच की गई, जिसमें हजारों त्रुटियां



चिन्हित की गई हैं। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष चुनाव के लिए मतदाता सूची का शुद्ध होना अत्यंत आवश्यक है। पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल ने कहा कि जिलाधिकारी द्वारा समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया है, जिसके बाद उम्मीद है कि वोटर लिस्ट का शुद्धिकरण कराया जाएगा और विधानसभा चुनाव में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होगी।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन द्वारा समय रहते वोटर लिस्ट में सुधार नहीं किया गया तो पार्टी कार्यालय के माध्यम से चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

# जेई को बेरहमी से पीटने के मामले में तीन गिरफ्तार

– गांव गोगवान में घेरकर किया गया था हमला, अन्य आरोपियों की तलाश में दबिशें जारी

**समाज जागरण**

कैराना।(फुरकान जंग) गांव गोगवान में विद्युत विभाग के अवर अभियंता को बेरहमी से पीटने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना का वीडियो भी वायरल हुआ था। वहीं, पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में दबिशें दे रही है। गुरुवार को गांव गोगवान में विद्युत ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना पर पावटीकलां विद्युत फीडर पर तैनात अवर अभियंता प्रेम सिंह टीम के साथ पहुंचे थे। टीम ट्रांसफार्मर को दुरुस्त कर विद्युत आपूर्ति सुचारु कराकर वापस लौट रही थी, तभी अवर अभियंता की एक केबिल पर नजर पड़ी। उन्होंने बाइक रोककर जांच की, तो पता चला कि उक्त केबिल के माध्यम से असलम के मकान में बिजली चोरी की जा रही है। इसके बाद टीम कार्रवाई के लिए आगे बढ़ी, तो अवर अभियंता को ग्रामीणों ने घेर लिया तथा उनके साथ



जान से मारने की नीयत से बेरहमी से मारपीट की गई। अवर अभियंता को तब तक पीटा गया था, जब तक वह बेहोश होकर सड़क पर नहीं गिर गए। आनन–फानन में घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से उन्हें रेफर कर दिया था। वहीं, घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इसके बाद विभागीय उच्चाधिकारियों ने कैराना पहुंचकर पुलिस अधिकारियों से वार्ता करते हुए आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की थी। मामले में पुलिस ने पीड़ित अवर अभियंता प्रेम सिंह की तहरीर के आधार पर असलम, उसकी पत्नी मोमिना, भाई वादिल, शोएब व अय्यूब निवासीगण गांव गोगवान और 10–15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। शुक्रवार को पुलिस ने घटना में असलम,
अय्यूब व मुशाहिद को गिरफ्तार कर लिया। मुशाहिद का नाम जांच के दौरान सामने आया था। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिशें दी जा रही है।

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, लाठी-डंडों व धारदार हथियार चले

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के मोहल्ला खेल में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ओर से लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला किया गया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हालात को देखते हुए हल्का बल प्रयोग किया,और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों पक्षों के कई लोगो को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।मोहल्ला खेल निवासी इकबाल और अय्यूब पक्ष के बीच लंबे समय से रंजिश चली आ रही है। बताया गया कि अय्यूब पक्ष के लोग मस्जिद से नमाज पढ़कर लौट रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद हिंसक झड़प में बदल गया और दोनों ओर से जमकर मारपीट शुरू हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, संघर्ष के दौरान लाठी-डंडों के साथ धारदार हथियार भी चले, जिससे कई लोग घायल हो गए। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हल्का बल प्रयोग कर दोनों पक्षों को अलग किया। पुलिस ने एक पक्ष से घायल फुरकान तथा दूसरे पक्ष से अय्यूब को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।बताया जाता है कि मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल पहुंचे दोनों पक्ष वहां भी पुलिस की मौजूदगी में भिड़ गए। इस दौरान हुए हंगामे का वीडियो किसी ने मोबाइल में कैद कर लिया, पुलिस ने मौके से आरोपी को हिरासत में लिया है। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मन की बात को ऐतिहासिक बनाने में जुटे भाजपाई,बैठक कर बनाई रणनीति

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय पर पदाधिकारियों और कार्यकताओं की
बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष
डॉ. रश्मीकांत जैन ने की, जबकि संचालन मंडल महामंत्री अशोक चौहान ने किया। इस दौरान आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर रणनीति तैयार की गई और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।



बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला मंत्री एवं मंडल प्रभारी शक्ति सिंघल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना कार्यकताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि 31 मई को प्रसारित होने वाले कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्यकर्ता गांव और मोहल्लों में लोगों को जोड़ें, ताकि केंद्र सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंच सके।मंडल अध्यक्ष डॉ. रश्मीकांत जैन ने बताया कि भाजपा की ओर से 5 जून से 21 जून तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान की शुरूआत विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम से होगी, जबकि समापन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित योग कार्यक्रम के साथ किया जाएगा।मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि समाज सेवा और राष्ट्रहित के उद्देश्य से कार्य करने वाला दल है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुनें और उसकी रिपोर्ट सरल ऐप पर अपलोड करें।बैठक में दीपक गुप्ता, रवि नामदेव, विनीत शर्मा, अनिल बोहरा, देवीचंद, सोनू चौहान, घनश्याम सैनी, राजवीर सिंह, जल सिंह, शुभम सैनी, रोहित चौहान, अंकित सैनी और संजय तिवारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को दिया तीन तलाक, ऑडियो क्लिप सौंपी

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने अपने पति सहित ससुराल के आधा दर्जन महिला पुरुषों पर अतिरिक्त दहेज की मांग करने व जैठ पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पति समेत ससुराल पक्ष के नौ लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर और तीन तलाक की ऑडियो रिकॉर्डिंग सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने विवाहिता महिला को कार्रवाई का आश्वासन देकर मामले की जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को नगर के मोहल्ला नई बस्ती, सलेमपुर रोड निवासी शाहीन ने बताया कि उसका निकाह चार वर्ष पूर्व कस्बे के गंगेरू मार्ग निवासी मोहसिन के साथ हुआ था। आरोप है कि निकाह के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए पीड़िता का शारीरिक व




मानसिक उत्पीड़न करते थे। पीड़िता का कहना है कि अतिरिक्त दहेज मे पति ने दो लाख रुपये वह बाइक की मांग करते हुए उसे घर से निकाल दिया था।आरोप है कि पारिवारिक विवाद के दौरान पति मोहसिन ने उसे तीन तलाक दे दिया। महिला का आरोप है की उसने पति द्वारा दी गई तीन तलाक देते हुए अपने मोबाइल फोन में ऑडियो रिकॉर्डिंग कर ली, जिसे उसने पुलिस को साक्ष्य के रूप में सौंपा है।पीड़िता ने जेठ पर छेड़खानी करने का भी आरोप लगाया है। महिला ने अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर पति मोहसिन, ससुर शमशाद, जेठ इमरान व शहजाद, जेठानी नाजरीन व शबाना तथा ननद मेहराज, रिहाना और रानी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने महिला को कार्रवाई का श्वास न देते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है की तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पर भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र के किसानों, जन प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्य कताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्य क्रम का शुभारंभ विधि-विधान के साथ हवन यज्ञ से हुआ, जिसमें उपस्थित लोगों ने आहुति देकर देश की खुशहाली, किसानों की उन्नति तथा समाज में शांति और समृद्धि की कामना की। इसके बाद आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने चौधरी चरण सिंह के जीवन, उनके सिद्धांतों और किसानों के हित में किए गए कार्यों को याद करते हुए कहा कि



उन्होंने हमेशा किसान, गरीब और मजदूर वर्ग की आवाज को मजबूती से उठाया तथा उनके अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया। वक्ताओं ने कहा कि उनकी नीतियां और विचार आज भी किसान समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। हवन यज्ञ के समापन के बाद लोगों को प्रसाद स्वरूप लड्डू वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अरविंद पंवार, विजेंद्र प्रधान, विनोद पंवार, सुनील पंवार, कपिल पंवार, राजवीर, रूपेश सहित बड़ी संख्या में किसान और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर चौधरी चरण सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# खर्च के रुपये मांगने पर पति ने पत्नी को पीटा, थाने में शिकायत

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक महिला ने पति पर मारपीट और उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। महिला का कहना है कि उसका पति घर खर्च के लिए रुपये नहीं देता और परिवार की जिम्मेदारियों से भी दूरी बनाए हुए है।पीड़िता के अनुसार, जब वह घरेलू खर्च के लिए पैसे मांगती है तो आरोपी उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज और मारपीट करता है। आरोप है कि हाल ही में हुए विवाद के दौरान पति ने उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। इसके बाद महिला ने थाने पहुंचकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की।पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है और मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसे में बच्ची समेत चार घायल

**समाज जागरण**

कैराना। कार और चार पहिया लोडर वाहन की भिड़ंत में मासूम बच्ची और दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। गांव गोगवान निवासी सतीश के पिता सतपाल का निधन हो गया था। सतीश की पत्नी शिवानी अपने मायके गांव इदरीशपुर थाना दोघट जनपद बागपत गई हुई थी। मौत की सूचना पर सतीश का साला शिवा चार पहिया लोडर वाहन से शिवानी, उसकी डेढ़ वर्षीय पुत्री शिवांशी और सास रामबीरी को लेकर गोगवान आ रहा था। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे गांव भूरा के निकट विपरीत दिशा से आ रही कार से चार पहिया लोडर वाहन की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में शिवानी, उसकी पुत्री शिवांशी, रामबीरी और कार सवार जुलेशान निवासी गांव भूरा घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। इसके बाद घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार शुरू किया गया।

# निपम चौहान ने हांगकांग में 100 मीटर दौड़ में जीता कांस्य पदक, शामली का बढ़ाया मान

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) जनपद की बेटी निपम चौहान ने चीन के हांगकांग में आयोजित अंडर-20 जूनियर एशियन गेम्स चौंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। निपम चौहान ने 100 मीटर दौड़ 11.62 सेकंड में पूरी कर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। शामली एथलेटिक्स सचिव जबर सिंह खैवाल ने बताया कि निपम चौहान, ग्राम पावटी कला निवासी शिव कुमार की पुत्री हैं। उन्होंने कहा कि 25 वर्षों बाद किसी भारतीय महिला खिलाड़ी ने अंडर-20 महिला 100 मीटर स्पर्धा में देश को पदक दिलाने का गौरव प्राप्त किया है। निपम चौहान इस प्रतियोगिता में



पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने बताया कि निपम चौहान के भारत लौटने पर दिल्ली एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद शामली में बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ स्वागत यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा शामली से टिटौली, सेवापुर, लपराना, टपराना, झिंझाना और गाड़ी वाले सहित विभिन्न गांवों से होती हुई उनके गांव पावटी कलां पहुंचेगी। क्षेत्रवासी अपनी बेटी के स्वागत को लेकर उत्साहपूर्वक तैयारियों में जुटे हैं। जबर सिंह खैवाल ने निपम चौहान की सफलता का श्रेय उनके कोच शुभम बालियान को भी दिया। उन्होंने कहा कि कोच के मार्गदर्शन और कठिन प्रशिक्षण के कारण ही निपम ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। निपम चौहान की इस सफलता से शामली जिले, उत्तर प्रदेश और पूरे देश में खुशी की लहर है। खेल प्रेमियों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## शिक्षा, संस्कार और आत्मसंयम ही जीवन के वास्तविक विकास का आधार जैन मुनि

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के जैन धर्मशाला में आयोजित प्रवचन सभा में आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर मुनिराज ने कहा कि शिक्षा, संस्कार और आत्मसंयम ही जीवन के वास्तविक विकास का आधार हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान आधुनिक युग में शिक्षा को सफलता का प्रमुख माध्यम माना जाता है, लेकिन शिक्षा तभी सार्थक है जब उसके साथ नैतिक मूल्य और संस्कार भी जुड़े हों। आचार्य श्री ने कहा कि प्रत्येक माता-पिता की इच्छा होती है कि उनके बच्चे शिक्षित होकर उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें। बेटा और बेटी दोनों को समान अवसर देकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना समय की आवश्यकता है। शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का साधन नहीं,




बल्कि व्यक्ति के चरित्र, व्यक्तित्व और संस्कारों का निर्माण करने वाली शक्ति है। उन्होंने प्राचीन शिक्षा व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले विद्यार्थियों को घर-परिवार से दूर रहकर कठिन अनुशासन में शिक्षा ग्रहण करनी पड़ती थी। उस समय शिक्षा के साथ नैतिकता, अनुशासन और जीवन मूल्यों पर विशेष बल दिया जाता था, जिससे व्यक्ति केवल विद्वान ही नहीं बल्कि जिम्मेदार नागरिक भी बनता था। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति का मूल आधार शुद्ध विचार, संयम और सदाचार है। संस्कृति केवल परंपराओं का पालन नहीं, बल्कि जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने का नाम है। संसार की भौतिक वस्तुएं क्षणिक हैं, जबकि आत्मिक उन्नति और चरित्र की संपदा स्थायी होती है।

# ग्रामोद्योग विभाग ने उत्कृष्ट इकाइयों के चयन हेतु मांगे आवेदन

**समाज जागरण**

शामली। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जुगल किशोर ने बताया कि उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तपोषित इकाइयों से पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि विगत तीन वर्षों में स्थापित एवं संचालित इकाइयों में से जनपद की पांच उत्कृष्ट इकाइयों का चयन किया जाएगा। इसके लिए संबंधित योजनाओं के लाभार्थियों से 30 मई 2026 तक आवेदन पत्र मांगे गए हैं। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि चयनित इकाइयों को विभाग की ओर से सम्मानित किया जाएगा। आवेदन से संबंधित विस्तृत जानकारी जिला ग्रामोद्योग कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष के आगमन पर तैयारी गांव काबड़ौत में बैठक

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) क्षेत्र के गांव काबड़ौत में बाबा सेवाराम की अध्यक्षता में 36 बिरादरी की एक पंचायत आयोजित की गई, जिसमें आगामी 10 जून को केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के प्रस्तावित कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया।
पंचायत में वक्ताओं ने कहा कि जनपद शामली को केंद्रीय विद्यालय की सौगात देने के लिए जयंत चौधरी का 10 जून को प्रस्तावित कार्यक्रम आयोजित होना है, जिसे ऐतिहासिक



बनाने के लिए क्षेत्र के लोग पूरी तैयारी में जुटे हैं। पंचायत में विभिन्न बिरादरी के लोगों ने अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने का आह्वान किया। इस दौरान शामली सदर विधायक प्रसन्न चौधरी भी पंचायत में पहुंचे और उन्होंने उपस्थित लोगों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय की स्थापना जनपद के विद्यार्थियों के लिए बड़ी उपलब्धि साबित होगी तथा इससे क्षेत्र में शिक्षा के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

# इंडस्ट्रियल मीट एवं मानक मंथन विषय पर सेमिनार आयोजित

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन चौप्टर शामली द्वारा भारतीय मानक ब्यूरो शाखा देहरादून के सहयोग से इंडस्ट्रियल मीट एवं मानक मंथन विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीआईएस देहरादून के निर्देशक हेमंत भी आड़े, संयुक्त निदेशक सचिन चौधरी तथा सहायक निदेशक सौरभ कुमार चौरसिया अपनी टीम सहित उपस्थित रहे। सेमिनार में अधिकारियों ने उद्यमियों को बीआईएस/आईएसआई प्रमाणन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में लगभग 720



उत्पादों पर आईएसआई प्रमाणन अनिवार्य कर दिया गया है। इनमें प्रेशर कुकर, स्टील एवं एल्युमिनियम के बर्तन, गैस चूल्हा, रिम, फुटवियर, सोलर पैनल तथा लिथियम बैट्री सहित अनेक उत्पाद शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि अनिवार्य श्रेणी के उत्पादों का
बिना आईएसआई प्रमाणन के उत्पादन करना दंडनीय अपराध है।अधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा प्रमाणन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया गया है। सेमिनार में प्रमाणन के लिए आवेदन प्रक्रिया, विभिन्न उत्पादों के शुल्क, जांच एवं परीक्षण की प्रक्रिया तथा उत्पादों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता बढ़ाने में बीआईएस आईएसआई प्रमाणन की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी गई। आईआईए चौप्टर शामली के अध्यक्ष विशाल गुप्ता ने बताया कि जनपद में वर्तमान में 16
आईएसआई प्रमाणित उद्योग कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के उच्च गुणवत्ता वाले भारतीय उत्पाद के संकल्प को साकार करने के लिए स्थानीय उद्यमी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं, जिससे भारतीय उत्पादों को देश और विदेश में नई पहचान मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान 12 आईएसआई प्रमाणित उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। सेमिनार में पूर्व अध्यक्ष आशीष जैन, अशोक मित्तल, अरविंद संगल, तुषार कुच्छल, शिशिर जैन, आकाश गुप्ता, वेद प्रकाश आर्य, सूर्यवीर सिंह, मुकेश कुमार, सुधीर कुमार, भारत मित्तल, अभिनव बंसल, अंशुल मित्तल, रविंद्र कुमार, अनिल सैनी, विशाल गोयल, आदित्य सिंघल, सचिन श्याम आदि मौजूद रहे।

## आर्य जाट महासभा ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि

**समाज जागरण**

शामली। आर्य जाट महासभा शामली के तत्वावधान में भैंसवाल रोड स्थित जाट भवन में देश के पूर्व प्रधानमंत्री चैधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर यज्ञ-हवन एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चौधरी चरण सिंह के जीवन एवं उनके कार्यों का भावपूर्ण स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। यज्ञ के मुख्य यजमान रामपाल सिंह देशवाल रहे, जबकि पुरोहित का दायित्व राजवीर सिंह आर्य ने निभाया। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों, मजदूरों एवं ग्रामीण समाज के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। उनके सिद्धांत और



विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील निर्वाल, बाबूराम पंवार, देवेंद्र पाल राणा, दिव्य प्रभाकर, कंवरपाल सिंह, अभय राणा, विपिन कुमार गोहरनी, वीरेंद्र सिंह गोहरनी, सतीश कुमार गोहरनी, डॉ. ओमपाल सिंह मौजूद रहे।

## बहुजन एकता संघर्ष समिति ने नीट यूजी पेपर लीक प्रकरण मे , प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को भेजा पत्र

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) बहुजन एकता संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने नीट यूजी 2026 पेपर लीक प्रकरण की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच की मांग को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी शामली को सौंपा। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि यह मामला केवल एक परीक्षा की अनियमितता तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता, प्रतियोगी



परीक्षाओं की निष्पक्षता और सामाजिक न्याय से जुड़ा गंभीर विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया रिपोर्टों और प्रारंभिक जांच में महाराष्ट्र के नासिक क्षेत्र से पोर्टेबल स्कैनर के माध्यम से प्रश्नपत्र स्कैन कर पीडीएफ के रूप में अवैध तरीके से प्रसारित किए जाने की बात सामने आई है। मामले में कुछ व्यक्तियों की संलिप्तता की भी चर्चा की गई है। ज्ञापन में कहा गया कि कथित पेपर लीक से करीब 22.79 लाख परीक्षार्थियों और उनके परिवारों में मानसिक तनाव, असुरक्षा और आक्रोश की स्थिति उत्पन्न हुई है। समिति ने कहा कि कुछ छात्रों द्वारा आत्मघाती कदम उठाने जैसी घटनाएं भी सामने आई हैं, जो चिंता का विषय हैं। समिति ने मांग की कि मामले की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा जांच पूरी होने तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दें। इसके अलावा प्रभावित परीक्षार्थियों को परीक्षा शुल्क का तीन गुना मुआवजा देने, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली की समीक्षा करने और दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष शिव कुमार, जिला उपाध्यक्ष कपिल कुमार, शामली विधानसभा अध्यक्ष प्रमजीत सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नेशनल लेवल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद शामली का नाम रोशन किया।

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)अबेकस क्रिएटिव अकेडमी के बच्चों ने नेशनल लेवल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद शामली का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम आलोक यादव ने प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर अकेडमी की डायरेक्टर डॉ. रीमा गोयल एवं सोनल तायल ने बताया कि अकेडमी के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए



पुरस्कार हासिल किए हैं। सम्मानित होने वाले बच्चों में अक्षित,
लक्षित, आदया, त्रिशा, आदित्य, अभिसार अफसर, वान्या और पार्थ धीमान सहित अन्य छात्र शामिल रहे। डीएम आलोक यादव ने बच्चों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद के बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शामली का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं।

उन्होंने बच्चों को भविष्य में भी मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय भुवन चंद्र खंडूरी जी को श्रद्धांजलि अर्पित

**रघुनंदन पराशर जैतो/समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

नई दिल्ली,29 मई :भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता स्वर्गीय भुवन चंद्र खंडूरी के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री नबीन ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की और दिवंगत नेता के योगदान और सार्वजनिक जीवन में उनके लंबे राजनीतिक सफर को याद करते हुए अपनी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी, राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) श्री बीएल संतोष, उत्तराखंड प्रभारी श्री दुष्यंत गौतम और अन्य नेता भी उपस्थित थे।उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री भुवन चंद्र खंडूरी का 19 मई को देहरादून के एक निजी अस्पताल में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन से भाजपा परिवार और उत्तराखंड के



राजनीतिक परिदृश्य में शोक की लहर दौड़ गई है।श्री नितिन नबीन ने स्वर्गीय भुवन चंद्र खंडूरी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका निधन भारतीय जनता पार्टी और जनजीवन के लिए एक अपूरणीय क्षति है। स्वर्गीय भुवन चंद्र खंडूरी जी ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में जिस समर्पण, निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ जनता की सेवा की, वह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। उनका जनजीवन हमेशा मूल्यों और सिद्धांतों से प्रेरित रहा और उन्होंने संगठन और समाज के प्रति पूर्ण निष्ठा से कार्य किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिवंगत श्री भुवन चंद्र खंडूरी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से प्रार्थना की कि उनकी आत्मा को शांति मिले और उनके परिवार को इस अपार क्षति को सहन करने की शक्ति मिले। इस कठिन समय में भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता शोक संतप्त परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है।

# देश के 100 शीर्ष उपायुक्तों की सूची में शामिल पंजाब के उपायुक्तों को 'ओपी जिंदल अवार्ड' से सम्मानित किया जाएगा: सिंगला

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,29 मई :देश के लगभग 800 जिलों में उपायुक्त के पद पर नियुक्त आईएएस अधिकारियों का फेम इंडिया एवं एशिया पोस्ट द्वारा करवाए गए सर्वे में देश के 100 शीर्ष उपायुक्तों की सूची में पंजाब के 4 उपायुक्तों को शामिल किया गया है जिनमें हिमांशु अग्रवाल आईएएस (उपायुक्त पटियाला), कोमल मित्तल आईएएस (उपायुक्त एसएएस नगर मोहाली), आशिका जैन आईएएस (उपायुक्त होशियारपुर) एवं दीप शिखा शर्मा आईएएस (उपायुक्त



फिरोजपुर) का नाम प्रमुख है। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन पंजाब प्रदेश के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला ने कहा कि देश भर के उपायुक्तों के करवाए गए सर्वे में विशेषज्ञों की राय, ग्राउंड रिपोर्ट, मीडिया विश्लेषण के आधार पर सूची में शामिल किए गए उपायुक्तों द्वारा अपने जिलों में उत्कृष्ट कार्य से अलग पहचान बनाई गई है। सर्वे में उपायुक्तों की प्रशासनिक दक्षता, सुशासन, यातायात प्रबंधन, जनहित कार्य, संकट प्रबंधन, नवाचार जैसे 10 प्रमुख कार्य शामिल किए गए हैं।

संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला ने कहा कि हिमांशु अग्रवाल आईएएस, कोमल मित्तल आईएएस एवं आशिका जैन के नाम देश के 100 शीर्ष उपायुक्तों की सूची में शामिल होने से अग्रवाल वैश्य समाज का गौरव बढ़ा है। उन्होंने शीर्ष सूची में शामिल पंजाब के उपरोक्त उपायुक्तों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा निकट समय में सूची में शामिल पंजाब के सभी उपायुक्तों को 'ओपी जिंदल अवार्ड' से सम्मानित किया जाएगा। सिंगला ने बताया कि लुधियाना के उपायुक्त आईएएस हिमांशु जैन द्वारा पंजाब में बाढ़ के समय किए गए सफल प्रयास एवं लुधियाना में सभी निर्माण कार्य एवं उनके पास आने वाली शिकायतों का समय पर निदान करने पर संस्था द्वारा उन्हें 'लाला टोडर मल अवार्ड' से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र एवं समाज को ऐसे अधिकारियों पर सदैव गर्व करता है।

# ओलावृष्टि व तूफान से फसलों की तबाही पर किसान सभा का प्रदर्शन

## 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजे की मांग, सोलर प्लांट, डेरी व पोल्ट्री फार्मों के नुकसान का भी सर्वे कराने की उठाई आवाज

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल-सिवानी, 29 मई । अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में शुक्रवार को किसानों ने उपमंडल कार्यालय सिवानी के बाहर धरना-प्रदर्शन कर हाल ही में आए भीषण तूफान और ओलावृष्टि से हुए नुकसान पर तत्काल मुआवजे की मांग उठाई। किसानों ने प्रशासन से विशेष गिरदावरी करवाकर प्रभावित किसानों को राहत देने की मांग की। किसान सभा के नेताओं ने बताया कि 28 मई को सिवानी क्षेत्र में आए तेज तूफान और ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़ दी है। क्षेत्र में कपास, ज्वार, बाजरा तथा सब्जियों की खड़ी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। किसानों का कहना है कि इससे पहले आई तेज आंधी से भी कपास की फसल को भारी नुकसान पहुंचा था और अब दूसरी प्राकृतिक आपदा ने बची हुई फसल भी नष्ट कर दी है।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि तूफान और ओलावृष्टि से अनेक स्थानों पर सोलर प्लांट क्षतिग्रस्त हो गए हैं। वहीं बिधवान गांव में एक किसान की पशु डेरी पूरी तरह तबाह हो गई। इसके अलावा कई गांवों में पोल्ट्री फार्मों को भी भारी नुकसान पहुंचा है।

किसान सभा ने मांग की कि प्रभावित किसानों को बर्बाद हुई फसलों का 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए तथा तत्काल विशेष गिर-दावरी करवाई जाए। साथ ही सोलर प्लांट, डेरी और पोल्ट्री फार्मों के नुकसान का सर्वे करवाकर उचित मुआवजा प्रदान किया जाए।

एसडीएम की अनुपस्थिति में किसान सभा के प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों का ज्ञापन कार्यालय के कानूनगो को सौंपा और जल्द राहत नहीं मिलने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

प्रदर्शन में किसान सभा के नेता दयानंद पूनिया, रामचंद्र फौजी, जंगबीर ढांडा, अंतर कसवां, दारा गोदारा, सुमीत चावला, सुरेश कुमार बड़वा, राजबीर सिहाग, किरशन फोगला, सुभाष श्योराण एडवोकेट, साधुराम रुपाणा, मेवा सिंह सरपंच, किरशन तथा दलबीर सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# आंधी-तूफान से बिजली निगम को बड़ा झटका, 340 पोल और 50 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

बहल क्षेत्र में जनजीवन प्रभावित, 20 लाख रुपये से अधिक नुकसान का अनुमान, घंटों गुल रही बिजली

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 29 मई। वीरवार रात को आए तेज आंधी, तूफान और बारिश ने बहल क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर सड़क किनारे खड़े पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर गए, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। वहीं बिजली



निगम को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा। बिजली निगम के एसडीओ ऋषभ ने बताया कि तेज आंधी के कारण निगम के करीब 340 बिजली पोल टूटकर गिर गए, जबकि विभिन्न फीडरों को विद्युत आपूर्ति देने वाले करीब 50 ट्रांसफार्मर भी जमीन पर गिरकर क्षतिग्रस्त हो गए। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार निगम को 20 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि बिजली निगम की टीमें वीरवार रात से ही युद्धस्तर पर बिजली लाइनों की मरम्मत और आपूर्ति बहाल करने के कार्य में जुटी हुई हैं। पोल और ट्रांसफार्मरों के क्षतिग्रस्त होने से कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों की बिजली और पेयजल आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई। वीरवार रात को बाधित हुई बिजली आपूर्ति शुक्रवार पूरे दिन प्रभावित रही। लंबे समय तक बिजली नहीं आने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। घरों और दुकानों में लगे इनवर्टर भी शुक्रवार सुबह तक जवाब दे गए, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी में बिना बिजली के दिन बिताना पड़ा।

बिजली निगम की ओर से सोशल मीडिया के माध्यम से शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति बहाल करने का समय निर्धारित किया गया था। निर्धारित समय के आसपास बिजली आने पर लोगों ने राहत की सांस ली, हालांकि कई क्षेत्रों में मरम्मत कार्य देर शाम तक जारी रहा।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और बिजली निगम से मांग की है कि क्षतिग्रस्त ढांचे की जल्द से जल्द मरम्मत कर आपूर्ति को पूरी तरह सामान्य किया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की परेशानी से बचा जा सके।

# गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सबसे बड़ा मानव धर्म है : गजानंद अग्रवाल

## जीटी हॉप फाउंडेशन की पहल से जरूरतमंदों को मिला नई रोशनी का उपहार, मानव कल्याण अस्पताल बहल में हुए ऑपरेशन

स्व. ताराचंद अग्रवाल की पुण्यतिथि पर चिन्हित 22 मरीजों के हुए सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 29 मई। समाजसेवी एवं गौ सेवक स्वर्गीय ताराचंद अग्रवाल की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जीटी हॉप फाउंडेशन द्वारा 24 मई को आयोजित नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य शिविर में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किए गए 22 मरीजों के शुक्रवार को मानव कल्याण



अस्पताल बहल में सफलतापूर्वक ऑपरेशन किए गए। ऑपरेशन के बाद सभी मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें आवश्यक दवाइयां और चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया गया।

इस अवसर पर श्री अलख गौशाला के प्रधान, समाजसेवी एवं बहल के पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल अस्पताल पहुंचे और मरीजों का हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों की टीम एवं सहयोगकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके पिता स्वर्गीय ताराचंद अग्रवाल ने अपना जीवन समाजसेवा और जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित किया था। उन्हीं की प्रेरणा से वे भी निरंतर जनहित एवं समाज कल्याण के कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सबसे बड़ा मानव धर्म है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी अनेक लोग आर्थिक तंगी के कारण समय पर उपचार नहीं करा पाते, ऐसे में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर उनके लिए वरदान साबित होते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी समाजहित के ऐसे कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

मोतियाबिंद ऑपरेशन करने वाले डॉ. दीपक एवं डॉ. डी.पी. बूरा सहित चिकित्सकों की टीम ने बताया कि सभी ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं तथा सभी मरीजों की स्थिति सामान्य और संतोषजनक है। मरीजों एवं उनके परिजनों ने सफल उपचार के लिए जीटी हॉप फाउंडेशन, चिकित्सकों और सहयोगकताओं का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान अस्पताल स्टाफ, समाजसेवी, फाउं डेशन के सदस्य एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने उद्योग बंधु की बैठक कर सुनी समस्याएं

निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का तत्काल समाधान करें अधिकारी औद्योगिक आस्थान में सड़कों को दुरुस्त करने के निर्देश

**समाज जागरण**

मीरजापुर /जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु एवं व्यापार मण्डल समिति की बैठक हुई। बैठक में उद्यमियों ने बिजली, पानी, सड़क, एनओसी और बैंक ऋण से जुड़ी समस्याएं रखीं। जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा करते हुए पाया कि 69 प्रकरण विभिन्न विभागों में समयान्र्तत लंबित हैं। इसी प्रकार सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना



2025-26 के अन्तर्गत बैंको को भेजे गए 973 आवेदन पत्र आनलाइन अग्रसारित किए गए जिसमें 136 स्वीकृत, 108 आवेदन पत्र वितरित तथा 314 आवेदन पत्र विभिन्न बैंको द्वारा निरस्त किए गए जबकि 620 आवेदन पत्र बैंको में स्वीकृति हेतु लम्बित है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सरकार की प्राथमिकता है अतएव सभी लंबित एनओसी, अनापत्ति और स्वीकृतियां अविलम्ब जारी करते हुए वितरण की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए। चुनार से तीन किलोमीटर आगे स्थित लगभग 10 ईकाईयो को जोड़ने वाले चुनार उदित नगर बड़ा गांव जर्जर मार्ग बनवाने तथा शहरी क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था हेतु खोदे गए गड्ढे को ठीक कराने, तहसील चैराहा से पाण्डेयपुर रोड मरम्मत पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने

सम्बन्धित अधिकारियो को उपरोक्त कार्यो को 15 दिवस के अन्दर मुख्य मार्गो की मरम्मत पैचवर्क और नाली सफाई का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले सड़कें दुरुस्त हो जानी चाहिए, ताकि कच्चे माल व तैयार उत्पाद की आवाजाही में दिक्कत न हो। विद्युत विभाग को औद्योगिक फीडर पर ट्रिपिंग रोकने और 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को समयबद्ध तरीके से सहमति प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में औद्योगिक आस्थान चुनार मीरजापुर में पार्क का रेनोवेशन, राजकीय चीनी पात्र विकास केन्द्र, चुनार के बाउंज्वाल निर्माण कार्य, जिला निर्यात समिति की बैठक समय से कराने तथा जनपद में स्थापित होने वाली औद्यागिक ईकाईयो (एम0 ओ0यू0) के आने वाले समस्याओं से उद्यमियो के द्वारा उठाया गया जिस पर जिलाधिकारी ने बिन्दुवार प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए अधिकारियो को समाधान कराने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, उपायुक्त उद्योग संदीप कुमार के अलावा मनोज खण्डेलवाल, मण्डल सचिव इंडियन इंडस्ट्रीस्ज एशोसिएशन आशीष बुधिया, मीरजापुर कारपेट से मोहनदाल अग्रवाल, राहुल कुमार, अशोक पटेल, आर0के0 यादव, आशीष कमार, अमित श्रीनेत्र, आशीष सिंह, मुकेश तिवारी, दुर्गा प्रसाद चैधरी, राधेश्याम हरकघा विभाग सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व उद्यमी उपस्थित रहें।

# बहल बस स्टैंड पर अपने माता-पिता की स्मृति में सोनू पूनिया मिठी ने लगाया वाटर कूलर

## माता- पिता की स्मृति में जनसेवा का अनूठा कार्य, राहगीरों व यात्रियों को मिलेगा ठंडा पेयजल

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 29 मई। भीषण गर्मी के बीच समाजसेवी सोनू पूनिया मिठी ने जनसेवा की एक और मिसाल पेश करते हुए शुक्रवार को बहल बस स्टैंड के सामने आमजन की सुविधा के लिए वाटर कूलर लगवाया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों एवं स्थानीय नागरिकों ने उनके इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।

सोनू पूनिया मिठी ने बताया कि यह वाटर कूलर उन्होंने अपने स्वर्गीय माता-पिता की पावन स्मृति में लगवाया है, ताकि गर्मी के मौसम में बस स्टैंड पर आने-जाने वाले यात्रियों, राहगीरों एवं आम नागरिकों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि समाज सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार जनहित के कार्यों में योगदान



देना चाहिए। इससे पहले भी उन्होंने बहल के महिला महाविद्यालय में वाटर कूलर लगवाकर छात्राओं के लिए ठंडे पेयजल की व्यवस्था की थी। स्थानीय लोगों ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती गर्मी के बीच सार्वजनिक स्थानों पर ठंडे पानी की व्यवस्था करना पुण्य का कार्य है। बस स्टैंड जैसे व्यस्त स्थान पर वाटर कूलर लगने से हजारों यात्रियों को राहत मिलेगी। लोगों ने सोनू पूनिया मिठी के इस सेवा भाव की सराहना करते हुए अन्य समाजसेवियों से भी ऐसे कार्यों के लिए आगे आने का आह्वान किया।

इस मौके पर सतपाल नंबरदार, मुरारी जांगड़ा, पूर्व सरपंच जोगिंदर मोरका, मनजीत मिठी, ठेकेदार अशोक मोड़ासिया, सीटू मिठी, सुखा मंढोली, राकेश महला, मोहित हसान, मनीष बिरही, ढोलू, बंटी, राहुल जांगड़ा, राजू मोरका सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बहल में श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन मनाया गया नंद महोत्सव

कृष्ण बाल लीलाओं का हुआ भावपूर्ण वर्णन, कुआं पूजन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 29 मई। श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर बहल में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं नंद महोत्सव का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा पांडाल में श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के बीच भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की खुशियां मनाईं और नंद के आनंद भयो के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

कथा वाचक साध्वी अजीता महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि बाल रूप में भी भगवान श्रीकृष्ण ने अपने दिव्य कार्यों से समस्त संसार को धर्म और भक्ति का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि भगवान की लीलाएं मानव जीवन को



संस्कार, प्रेम और सेवा का संदेश देती हैं। इस अवसर पर नंद महोत्सव बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत पारंपरिक कुआं पूजन (जलवा पूजन) की रस्म भी संपन्न हुई। कुआं पूजन के लिए राजगढ़ से पधारी मंजू देवी ने विधि-विधान के साथ पूजन कर धार्मिक परंपरा का निर्वहन किया। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के भगवान शिव के दर्शन करने की लीला का भी सुंदर वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट एवं झांकियों से सजाया गया था, जहां श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

आयोजन समिति के अनुसार संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित की जा रही है। कथा में क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं। समिति ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने की अपील की है।

# कालांवाली में सोनी कैमरा कम्पनी द्वारा भव्य प्रदर्शनी आयोजन समपन्न

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) देश विदेश में कैमरों की दुनिया में मशहूर सोनी कंपनी ने कालांवाली में सोनी कैमरा कंपनी द्वारा एक निजी होटल में भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें आधुनिक कैमरा तकनीक और नए मॉडल लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। प्रदर्शनी में कंपनी के विशेषज्ञ सरसीज मिश्रा,रोहित गौतम,रवि रावत एरिया सैल मैनेजर,सुनील कुमार सैल फिल्ड ओफिसर ने कैमरों की जानकारी दी। इस प्रदर्शनी में राकेश चावला सिरसा का विशेष सहयोग रहा। सोनी कंपनी के विशेषज्ञों ने ऊछफ मिररलेस और प्रोफेशनल कैमरों की विशेषताओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नए कैमरों में हाई रिजॉल्यूशन इमेज क्वालिटी, तेज ऑटोफोकस, 4ङ वीडियो रिकॉर्डिंग, कम रोशनी में बेहतर फोटोग्राफी और एडवांस अकतकनीक जैसी सुविधाएँ



दी गई हैं, जो फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी को पहले से अधिक आसान और प्रभावशाली बनाती हैं। कार्यक्रम के दौरान फोटोग्राफी से जुड़े युवाओं, फोटोग्राफरों और कैमरा प्रेमियों ने विभिन्न मॉडलों को करीब से देखा और उनकी कार्यप्रणाली को समझा। कंपनी प्रतिनिधियों ने कैमरों के उपयोग, रखरखाव और नई तकनीकों के बारे में भी लोगों को जागरूक किया। प्रदर्शनी में क्षेत्र तमाम फोटोग्राफरों ने भाग लिया और आधुनिक कैमरा तकनीक में गहरी रुचि दिखाई। कार्यक्रम ने क्षेत्र के यु-वाओं और फोटोग्राफी के शौकीनों को नई तकनीक से जुड़ने का अच्छा अवसर प्राप्त हुआ। कालांवाली फोटो यूनियन के प्रधान राजकुमार निरूला ने सोनी कंपनी के व विशेषज्ञों का तहदिल से आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर प्रधान राजकुमार निरूला, उपप्रधान सिंधु स्टूडियो, बलकरन सिंह,शैरी, गोपी, कीर्ति स्टूडियो बलदेव सिंह चेतराम गुरदीप सिंह सुखराज सिंह, अंग्रेज सिंह, दीपू जैन जगजीत अरनेजा, अमित बड़ागुढ़ा आदि फोटोग्राफरों मौजूद रहे।

# नगर पालिका में तैनात कर्मचारियों के उत्पीड़न का आरोप

**समाज जागरण**

शामली। नगर पालिका में स्वायत शासन कर्मचारी महासंघ एवं उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ शाखा के पदाधिकारियों ने कर्मचारियों के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई है।

यूनियन पदाधिकारियों का आरोप है कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन और हड़ताल समाप्त होने के बाद कुछ कर्मचारियों पर दबाव बनाया जा रहा है।

यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि 29 मई को नगर पालिका कार्यालय में चार दिवसीय शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन के बाद कर्मचारी हड़ताल पर चले गए थे। इस दौरान एडीएम सत्येंद्र सिंह ने यूनियन पदाधिकारियों से वार्ता कर कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं तथा समाधान के लिए एक सप्ताह का समय मांगा। बकरीद पर्व को देखते हुए यूनियन ने भाईचारे का परिचय देते हुए हड़ताल स्थगित कर दी और सभी कर्मचारी कार्य पर लौट गए, जिससे त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।यूनियन नेताओं का आरोप है कि हड़ताल समाप्त होने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद संगल द्वारा यूनियन पदाधिकारियों पर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जलकल विभाग में लंबे समय से कार्यालय सहायक के रूप में कार्य कर रहे अरविंद कुमार को यूनियन अध्यक्ष प्रवीण कुमार का भाई होने के कारण मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है तथा उन्हें अन्य कार्य पर भेजने का दबाव बनाया जा रहा है।

यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर आंदोलन किया गया था और अब कुछ पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों पर दबाव बनाकर उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है।

# लेखन सभी को प्रभावित करता है, शिवकुमार शर्मा

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल में आयोजित शिशु वाटिका के प्रांतीय नवीन आचार्य वर्ग के छठे दिवस पर क्षेत्रीय शिशु वाटिका प्रभारी शिवकुमार शर्मा ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के लेखन को प्रारंभ से ही सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। शिशुओं को शब्द, वर्ण एवं मात्राओं के सही प्रयोग की जानकारी दी जानी चाहिए, क्योंकि सुलेख व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि सुंदर लेखन सभी को प्रभावित करता है और शिक्षकों को भी अपने लेखन में निरंतर सुधार करना चाहिए। दूसरे सत्र में प्राची मिश्रा ने ईसीसी एवं सीएफ विषय पर विस्तार से जानकारी देते हुए बाल शिक्षा की नवीन शिक्षण पद्धतियों पर प्रकाश डाला। वहीं स्वाति जैन ने वाटिका के प्रकार, नमूना रूप, प्रभावशाली एवं पर्यटन सेल शिशु वाटिका के विषय में मार्गदर्शन प्रदान किया तथा शिशु शिक्षा को संस्कारयुक्त एवं रोचक बनाने के उपाय बताए। इस अवसर पर शिशु वाटिका की प्रधानाचार्या पल्लवी ऐरन, ममता शर्मा, रांची मिश्रा, तनुज जैन, मीनाक्षी शर्मा मौजूद रहे।

# ट्रांसपोर्टरों के अल्टीमेटम से HRC, Maple और प्रशासन में हलचल, 1 जून को चक्का जाम की चेतावनी

**समाज जागरण विजय तिवारी**

जैतहरी। माँ नर्मदा फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्ट ऑनर एसोसिएशन द्वारा आगामी 1 जून 2026 को प्रस्तावित हड़ताल एवं चक्का जाम की चेतावनी के बाद ल्फ्छ, टंस्र'ी कंपनी और प्रशासनिक अमले में हलचल तेज हो गई है। एसोसिएशन ने साफ शब्दों में कहा है कि अब ओवरलोड परिवहन किसी भी कीमत पर न तो किया जाएगा और न ही होने दिया जाएगा। एसोसिएशन की प्रमुख मांगों में दिन के समय नगर परिषद जैतहरी से लेकर पसान नगर परिषद क्षेत्र तक भारी वाहनों के आवागमन पर रोक, स्थानीय ट्रांसपोर्टरों को प्राथमिकता, सड़कों पर नियमित पानी का छिड़काव तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि लगातार ओवरलोड वाहनों के संचालन से सड़कें खराब हो रही हैं, धूल प्रदूषण बढ़ रहा है और आम जनता की जान जोखिम में पड़ रही है।

एसोसिएशन ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि समय रहते इन गंभीर मुद्दों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो 1 जून को व्यापक स्तर पर चक्का जाम और धरना प्रदर्शन किया जाएगा। अब बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या प्रशासन जनहित से जुड़े इन मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए प्रदर्शन की अनुमति देगा, या फिर कथित प्रभावशाली लोगों और नेताओं के इशारों पर चल रहे इस खेल में आम जनता की आवाज एक बार फिर दबा दी जाएगी।

इस पूरे मामले को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल कुमार गुप्ता से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि एसोसिएशन द्वारा लिया गया निर्णय जनहित, सड़क सुरक्षा और आम लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर लिया गया है। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्टरों ने अपने निजी हितों से ऊपर उठकर समाजहित में जो कदम उठाया है, वह सराहनीय है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वे यूनियन और ट्रांसपोर्टरों की मांगों के समर्थन में खड़े हैं।

# वाटर प्लांट में डूबने से किशोर की मौत, सुबह रेस्क्यू में मिला शव

## पुलिस की अपील — गहरे और प्रतिबंधित जल क्षेत्रों से रहें दूर, अभिभावक बच्चों पर रखें नजर

**समाज जागरण**

शहडोल। जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र स्थित सोन टोला वाटर प्लांट में नहाने गया एक किशोर गहरे पानी में डूब गया। गुरुवार दोपहर हुई इस घटना के बाद देर रात तक उसकी तलाश जारी रही, लेकिन सफलता नहीं मिली। शुक्रवार सुबह पुलिस और एसडीआरएफ टीम के संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन में किशोर का शव पानी से बाहर निकाला गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**पानी में कूदते ही गहराई में समाया**

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान अंशु ढीमर पिता रामनाथ ढीमर (15) निवासी सोन टोला के रूप में हुई है। बताया गया कि अंशु अपने दोस्तों के साथ सोन नदी स्थित जल निगम के वाटर प्लांट में नहाने पहुंचा था। नहाने के दौरान वह ऊपर से पानी में कूदा, लेकिन गहराई अधिक होने के कारण बाहर नहीं निकल सका और डूब गया। साथ मौजूद दोस्तों ने पहले उसे खोजने की कोशिश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों और पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलने पर गोहपारू पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन रात अधिक होने और अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू अभियान शुरू नहीं हो सका। शुक्रवार सुबह एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। टीम ने पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर किशोर के शव को पानी से बाहर निकाला। शव मिलने के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल बन गया।

**पुलिस ने लोगों से की अपील**

थाना प्रभारी गोहपारू राजकुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। उनका कहना है कि यह क्षेत्र आम लोगों के लिए प्रतिबंधित है और यहां जल निगम की ओर से चौकीदार भी तैनात किया गया है। बावजूद इसके बड़ी संख्या में लोग यहां नहाने पहुंच जाते हैं। पुलिस ने बताया कि समय-समय पर गश्त भी की जाती है, लेकिन लोग पुलिस के जाते ही फिर पानी में उतर जाते हैं।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि प्रतिबंधित और गहरे जल क्षेत्र में जाने से बचें, क्योंकि यहां जान का खतरा बना रहता है।

**सावधानी ही सुरक्षा है**

जिले में लगातार ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जहां नदी, बांध, वाटर प्लांट, खदान और गहरे जलाशयों में नहाने के दौरान लोगों की जान जा रही है। थोड़ी सी लापरवाही किसी परिवार की खुशियां हमेशा के लिए छीन सकती है।

विशेषज्ञों के अनुसार गहरे पानी की गहराई और बहाव का सही अंदाजा लगाना आसान नहीं होता। कई स्थानों पर पानी के अंदर गड्ढे, तेज बहाव और फिसलन होती है, जो हादसे का कारण बनती है। खासकर बच्चे और किशोर बिना जानकारी के जोखिम भरे स्थानों पर चले जाते हैं।

अभिभावक अपने बच्चों पर विशेष निगरानी रखें।

प्रतिबंधित और सुनसान जल क्षेत्रों में जाने से रोकें।

नदी, वाटर प्लांट और गहरे तालाबों में नहाने से बचें।

चेतावनी बोर्ड और पुलिस निर्देशों का पालन करें।

किसी हादसे की स्थिति में तुरंत पुलिस और बचाव दल को सूचना दें।

एक पल की लापरवाही जिंदगी भर का दर्द बन सकती है।

सुरक्षित रहें, अपने परिवार को सुरक्षित रखें।

# सूरसा के मुँह की तरह बढ़ती जा रही तारीख, कटनी विकास प्राधिकरण की घोषणा पर सवालों का साया

**समाज जागरण जितेंद्र शर्मा**

कटनी। कटनी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष की घोषणा को लेकर कटनी में स्थिति लगातार असमंजस भरी बनी हुई है। विकास प्राधिकरण अध्यक्ष के नाम की घोषणा की तारीख सूरसा के मुँह की तरह आगे बढ़ती जा रही है, लेकिन निर्णय अब तक सामने नहीं आ सका है। इस देरी ने न केवल कार्यकताओं की उत्सुकता बढ़ाई है, बल्कि अब खुले तौर पर बेचैनी और नाराजगी का कारण भी बनती जा रही है।

बताया जा रहा है कि संगठन स्तर पर पहले एक तय समयसीमा में घोषणा की बात कही गई थी, लेकिन वह तारीख बीत गई। लगातार बदलती तारीखों ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर जब अन्य क्षेत्रों के विकास प्राधिकरण के अध्यक्षों के नाम की घोषणा हो गई तो कटनी में ऐसा क्या है, जो नाम तय करने में इतनी परेशानी हो रही है?

कार्यकताओं के बीच यह चर्चा आम है कि आसपास के जिलों में जहां अध्यक्षों की घोषणा हो चुकी है, वहीं कटनी में अब तक स्थिति साफ नहीं हो पाई है। इससे यह संदेश भी जा रहा है कि संगठन के भीतर संतुलन साधने, समीकरण बैठाने और आपसी सहमति बनाने में भारी दिक्कतें आ रही हैं। जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकताओं का कहना है कि विकास प्राधिकरण अध्यक्ष का पद सिर्फ एक नाम भर नहीं होता, बल्कि वही विकास कार्यों, अभियानों और चुनावी तैयारियों की कमान संभालता है।

अंदरखाने यह भी चर्चा है कि कुछ नामों को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है, तो कुछ चेहरे ऐसे हैं जिनके पक्ष और विपक्ष में मजबूत खेमेबंदी हो चुकी है। इसी खींचतान के चलते निर्णय बार-बार टल रहा है। हालांकि संगठन की ओर से इस देरी पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। कार्यकताओं का मानना है कि यदि इसी तरह अनिश्चितता बनी रही, तो इसका असर आने वाले समय में संगठन की एकजुटता और सक्रियता पर पड़ सकता है।

फिलहाल स्थिति यह है कि हर कोई अगली तारीख की प्रतीक्षा कर रहा है, लेकिन भरोसा अब कमजोर पड़ने लगा है। अब देखना यह होगा कि कटनी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष की घोषणा वास्तव में कब होती है, या फिर तारीखें यूँ ही सूरसा के मुँह की तरह बढ़ती रहेंगी।

# रक्सा में 8002 मेगावाट पावर प्लांट- लोकसुनवाई शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न

- 103 एकड़ भूमि अधिग्रहण पर ग्रामीणों की सहमति, रोजगार और विकास की जगी नई उम्मीद
- न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की पहलः किसानों व जनप्रतिनिधियों ने किया उद्योग का स्वागत




**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर।-जिले के ग्राम पंचायत रक्सा स्थित खेल मैदान में 15 मई 2026 को इस महत्वपूर्ण लोकसुनवाई का वृहद आयोजन किया गया। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कमलेश पुरी की अध्यक्षता और अपर कलेक्टर व रकअ समिति के अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय की विशेष उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। अध्ययन संस्था ए.आई.एस.डी. द्वारा सामाजिक प्रभाव आकलन रिपोर्ट को विस्तार से पढ़कर सुनाया गया और विकासात्मक पहलुओं की जानकारी दी गई। इस दौरान न्यू जोन इंडिया और टोरेंट पावर के प्रतिनिधियों ने मंच से ग्रामीणों के हर सवाल का संतोषजनक जवाब देते हुए उनके हितों की रक्षा का पूरा भरोसा दिलाया।

**ग्राम सभा और किसानों की सहमति से अधिग्रहण**

प्रस्तावित 8002 मेगावाट पावर प्लांट परियोजना के लिए लगभग 103.691 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। कंपनी ने स्पष्ट किया कि यह पूरी प्रक्रिया ग्रामीणों के विशेष आग्रह और ग्राम सभाओं की लिखित सहमति के बाद ही आगे बढ़ाई गई है। ग्राम पंचायत रक्सा एवं कोलमी की अनुपयोगी भूमि के उपयोग के लिए किसानों ने स्वयं प्रस्ताव पारित कर निवेदन किया था। शासन के नियमों के तहत शुरू की गई इस प्रक्रिया में स्थानीय लोगों की इच्छा और उनकी विकास की आकांक्षाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

**रोजगार सृजन और आधारभूत सुविधाओं का वादा**

ग्रामीणों ने मंच से अपनी अपेक्षाएं रखते हुए उद्योग स्थापना को स्थानीय रोजगार और सुविधाओं के विस्तार के लिए एक वरदान बताया। कंपनी प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि इस प्लांट के शुरू होने से स्थानीय युवाओं को रोजगार में विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही क्षेत्र में सड़क, बिजली और पानी जैसी आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार होगा। यह परियोजना न केवल अनूपपुर जिले के लिए, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश की औद्योगिक प्रगति में मील का पत्थर साबित होगी और ग्रामीणों का जीवन स्तर सुधरेगा।

**जनप्रतिनिधियों ने किया विकास का जोरदार स्वागत**

लोकसुनवाई में कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुड्डू चौहान समेत रक्सा सरपंच उमा सिंह, कोलमी सरपंच राजू पनिका, राम नारायण पाण्डेय और चक्रधर मिश्रा ने अपने विचार रखे। जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि इस वृहद उद्योग की स्थापना से प्रदेश और देश के विकास को एक नई गति मिलेगी। वक्ताओं ने किसानों के हितों की सुरक्षा के प्रति कंपनी की गंभीरता और क्षेत्र में किए जा रहे सकारात्मक कार्यों की जमकर सराहना की। सभी ने माना कि कंपनी और ग्रामीणों के बीच अब एक मजबूत और पारदर्शी रिश्ता स्थापित हो चुका है।

**शांतिपूर्ण माहौल में हुआ शंकाओं का समाधान**

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों द्वारा उठाए गए सभी प्रश्नों और शंकाओं का कंपनी प्रतिनिधि सुशील कांत मिश्रा ने पारदर्शी व बिंदुवार तरीके से उत्तर दिया। कंपनी ने ग्रामवासियों की हर समस्या के त्वरित समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। प्रशासन, ग्रामीणों और कंपनी के बीच हुए इस अत्यंत सकारात्मक संवाद के बाद अनुविभागीय अधिकारी कमलेश पुरी ने कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। पूरी लोकसुनवाई बेहद शांतिपूर्ण, सकारात्मक और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

# जनजातीय समुदाय को गुमराह कर आंदोलन की आड़ में 15 लाख कमाना निंदनीय काय : मीरध्वज पैकरा

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर । इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक की कार्य परिषद के सदस्य तथा भाजयुमो प्रदेश मंत्री तथा एबीवीपी के पूर्व विभाग संगठन मंत्री मोरध्वज पैकरा ने विश्वविद्यालय परिसर में हाल ही में तथाकथित आंदोलन की आड़ में जनजातीय समुदाय को गुमराह किए जाने तथा कथित रूप से लगभग 15 लाख रुपये की वित्तीय वसूली किए जाने की घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे जनजातीय समाज के विश्वास, सरलता एवं श्रद्धा के साथ किया गया गंभीर विश्वासघात बताते हुए कहा कि यह केवल एक विश्वविद्यालय का आंतरिक प्रकरण नहीं, बल्कि समूचे जनजातीय समाज की अस्मिता से जुड़ा गंभीर विषय है, जिस पर समय रहते सजग होना आवश्यक है।

**शॉर्ट अटेंडेंस को जातिगत जोड़कर गलत तथ्यों को समाज के सामने लाया गया**

श्री पैकरा ने बताया कि वर्तमान विवाद का मूल विषय उपस्थिति (शॉर्ट अटेंडेंस) से संबंधित एक सामान्य प्रशासनिक मामला था। आंतरिक परीक्षा में सम्मिलित न होकर, विश्वविद्यालय के नियमों के विरुद्ध जबरन उत्तीर्ण किए जाने हेतु प्रशासन पर दबाव बनाने का प्रयास किया गया, जो किसी भी शैक्षणिक संस्थान की नियम-व्यवस्था के विरुद्ध है। सबसे चिंताजनक यह है कि इस वास्तविक तथ्य को छिपाकर, जनजातीय बंधुओं को भ्रामक जानकारी देकर आंदोलन में सम्मिलित किया गया, जिससे एक सामान्य प्रशासनिक विषय को अनावश्यक रूप से सामाजिक रंग दे दिया गया। श्री पैकरा ने जनहित में इस प्रकरण के प्रमुख तथ्य स्पष्ट करते हुए कहा कि वास्तविक मामला केवल उपस्थिति में कमी का था, परंतु इसे आंदोलन का रंग देकर जनजातीय समाज को असली तथ्य नहीं बताया गया।

**आदिवासी छात्र संगठन में गाँवों से बुजुर्ग जनजातीय भाई-बहनों को बुलाना सार्वजनिक धोखा है**

ज्ञापन 'आदिवासी छात्र संगठन' के नाम से प्रस्तुत किया गया, किंतु आंदोलन में छात्रों के स्थान पर गाँवों से बुजुर्ग जनजातीय भाई-बहनों को बुलाया गया, जो उनके सम्मान के विरुद्ध है। अनूपपुर एवं आसपास के जिलों से जनजातीय बंधुओं को गलत जानकारी देकर चिलचिलाती धूप में बुलाया गया, जिससे उन्हें शारीरिक एवं मानसिक कष्ट उठाना पड़ा। किसी भी समाज के बुजुर्ग उसका सम्मान एवं आधार होते हैं, और उन्हें इस प्रकार भ्रमित कर कष्ट में डालना अत्यंत निंदनीय है। वाहन बुकिंग सहित विभिन्न मदों के नाम पर कथित रूप से बड़ी राशि एकत्र किए जाने की शिकायत है, जबकि बुलाए गए लोगों को समुचित सुविधा तक नहीं दी गई। सत्य को सामने लाने तथा जनजातीय समाज को भविष्य में ऐसे छल से बचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री से विषय रखा जाएगा।

**यह आंदोलन नहीं, जनजातीय आस्था का सौदा है**

श्री पैकरा ने आरोप लगाया कि आंदोलन के आयोजकों द्वारा कथित रूप से लगभग 15 लाख रुपये की राशि एकत्र की गई। जनजातीय बंधुओं को गाँवों से लाने के लिए स्कॉर्पियो, बोलेरो आदि वाहन बुक कराने के नाम पर मोटी राशि ली गई, परंतु जिन्हें बुलाया गया उन्हें न समुचित सुविधा दी गई, न उचित व्यय-भत्ता। ज्ञापन 'आदिवासी छात्र संगठन' के नाम पर दिया गया, किंतु आंदोलन में छात्रों के स्थान पर गाँवों से बुजुर्ग जनजातीय भाई-बहनों को चिलचिलाती धूप में बुलाया गया, जिससे उन्हें शारीरिक एवं मानसिक कष्ट उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह विरोधाभास स्वयं आंदोलन की मंशा पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। यह आंदोलन नहीं, हमारे भोले-भाले समाज की आस्था का सौदा है। जो लोग जनजातीय भावनाओं को मोहरा बनाकर लाखों रुपये की कमाई करते हैं, वे किसी भी रूप में हमारे हितैषी नहीं हो सकते. एकत्र की गई राशि का हिसाब सार्वजनिक रूप से सामने आना चाहिए, और जिस निष्पक्ष जांच की माँग की गई है, उससे पूरा सच उजागर होगा।

**जनजातीय समाज को बाँटने के षड्यंत्र पर चिंता**

कार्य परिषद सदस्य ने सबसे बड़ी चिंता जनजातीय समाज को आपस में बाँटने के प्रयासों पर व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कुछ निहित स्वार्थी तत्व जाति, धर्म एवं क्षेत्र के नाम पर समाज में दरार डालकर अपने राजनीतिक एवं आर्थिक हित साधना चाहते हैं। उन्होंने सितंबर 2025 में परिसर के सभागार से जुड़े विवादास्पद प्रकरण का भी उल्लेख किया, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विभाजन की राजनीति का सबसे बड़ा नुकसान अंततः उसी समाज को होता है जिसे विभाजित किया जाता है। जनजातीय विवि में पढ़ाई को बाधित कर आंदोलन की राजनीति करने की प्रवृत्ति सबसे अधिक हानि जनजातीय विद्यार्थियों को ही पहुँचाती है, क्योंकि उनके लिए शिक्षा ही प्रगति का सबसे बड़ा मार्ग है। यदि परीक्षा एवं नियमों के स्थान पर दबाव एवं धरने को मान्यता दी जाने लगे, तो इसका सबसे बुरा प्रभाव उन्हीं विद्यार्थियों पर पड़ेगा जो ईमानदारी से परिश्रम कर रहे हैं। इसलिए विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था एवं अनुशासन की रक्षा स्वयं जनजातीय समाज के दीर्घकालिक हित में है।

**सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के नेतृत्व में जांच हेतु विषय कार्यपरिषद् में रखा जाएगा**

श्री पैकरा ने बताया की इस संपूर्ण प्रकरण की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच कराई जाएगी, यथासंभव किसी सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के नेतृत्व में, ताकि जांच पूर्णतः निष्पक्ष एवं विश्वसनीय रहे। जनजातीय समुदाय को वास्तविक तथ्यों से अवगत कराने हेतु विश्वविद्यालय से तथ्यात्मक स्पष्टीकरण (श्वेत-पत्र) सार्वजनिक रूप से जारी किया जाएगा तथा इस विषय पर कार्य परिषद की बैठक यथाशीघ्र आहूत की जाएगी, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। श्री पैकरा ने आश्वस्त किया कि कार्य परिषद सदस्य के रूप में वे इस प्रकरण को उसके तार्किक परिणाम तक ले जाने हेतु प्रतिबद्ध हैं तथा विश्वविद्यालय की गरिमा, परिसर की शांति एवं जनजातीय विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य की रक्षा हेतु हर संवैधानिक मंच पर अपनी बात रखेंगे।

# तेज रफ्तार टेक्टर ने ली चार की बलि, 41 घायल, अनूपपुर जिले के बिजौरा गाँव में दर्दनाक हादसा

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली -- उमरिया जिले की सीमा से लगे अनूपपुर जिले की पुष्पराजगढ़ के गिंजरी गाँव से बिजौरा बडादेव की पूजा करने जा रहे आदिवासी समुदाय के लोग जो एक टेक्टर में सवार होकर जा रहे थे जिनकी संख्या लगभग 50 के आसपास बतायी जा रही है। टेक्टर तेज रफ्तार से जा रहा था, जो की मोड में पुलिया के नीचे जा गिरा, जिसमें सवार दो लोगों की घटना स्थल में मौत हो गयी, और 41 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को बिरसिंहपुर पाली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जा रहा था, जिसमें दो लोगों की मृत्यु रास्ते में हो गयी। शैष 41 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडीकल कालेज शहडोल के लिए रिफर कर दिया गया। घायलों में 22 पुरूष, 14 महिलायें, और 05 बच्चे शामिल हैं। इनमें से अधिकांश की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही श्री मती मीनाक्षी बंजारे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली तत्काल घटना स्थल पर पहुँच कर स्तिथि को नियंत्रण में कर तत्काल घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली उपचार के लिये भेजने में जुट गयी, और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपने तीनों तहसील दार और राजस्व अमले को लगाया। वही पर पुलिस विभाग के अनुविभागीय अधिकारी और उनकी टीम ने पूरी तंमयता के साथ जुटी देखा गया। इस हृदय विदारक घटना के मिलते हुए एस ई सी एल और संजय गाँधी ताप परियोजना की चिकित्सकों की टीम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली पहुँच कर उपचार कार्य में लगे हुए हैं। घायलों को एम्बुलेंस और एस ई सी एल की बसों से मेडिकल कॉलेज शहडोल भेजा जा रहा है

# 140 की बोतल 210 में बेच रहे थे, भोपाल में अवैध कफ सिरप का बड़ा भंडाफोड़

**समाज जागरण**

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में स्पेशल टास्क फोर्स ने अवैध कफ सिरप के कारोबार का बड़ा खुलासा करते हुए एक मकान से 50 हजार से अधिक बोतलें जब्त की हैं। जब्त किए गए कफ सिरप की अनुमानित कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए बताई जा रही है। कार्रवाई करीब तीन घंटे तक चली, जिसके बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, एसटीएफ को लंबे समय से अवैध रूप से कफ सिरप की सप्लाई किए जाने की सूचना मिल रही थी। इसी आधार पर टीम ने भोपाल के एक मकान पर छापा मारा।


# कार्यालय, नगर परिषद् डोला, जिला-अनूपपुर (म० प्र०)

Office: Municipal Council Dola Dt-Anuupur(M.P.) Email-cmodola@mpurban.gov.in ph 9630206418

क्रमांक- 786 / न०परि०/ लो.नि./ ई-टेण्डर/2026    डोला, दिनांक 29/05/2026

**-: निविदा विज्ञप्ति :-**

**( प्रथम आमंत्रण)**

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्यों हेतु **एस.ओ.आर 08.11.2025** के अनुसार प्रतिशत दर पर ऑनलाइन निविदाएं केन्द्रीकृत प्रणाली समतुल्य / सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों एवं ठेकेदारो से ऑनलाइन निविदा दरें आमंत्रित की जाती है।

| क्र० स० | ऑन लाईन टेंण्डर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मुल्य | समया वधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 776/E-TENDER/NAGAR PARISHAD DOLA, ANUP-PUR 2026_UAD_511243_1 Construction Of Cc Road From SHAYAM LAL TO BHAILAL HOUSE At Ward No. 06 | 2026_UAD_511243 _1 Construction Of Cc Road From SHAYAM LAL TO BHAILAL HOUSE At Ward No. 06 | Rs. 2,08,828.00 | Rs. 2,088/ | Rs.2000/- | 03 Months |
| 2 | 775/E-TENDER/NAGAR PARISHAD DOLA,, ANUP-PUR 2026_UAD_511242_1 Construction Of Cc Road From AASHA CLOTHS TO BAJNATH GOND HOUSE At Ward No. 10 | 2026_UAD_511242 _1 Construction Of Cc Road From AASHA CLOTHS TO BAJNATH GOND HOUSE At Ward No. 10 | Rs. 4,77,206.00 | Rs. 4,772/ | Rs.2000/- | 03 Months |
| 3 | 774/E-TENDER/NAGAR PARISHAD DOLA,, ANUP-PUR 2026_UAD_511239_1 Construction Of Cc Road From Vinod Nahar House To Dharmendra Nahar House At Ward No. 04 | 2026_UAD_511239 _1 Construction Of Cc Road From Vinod Nahar House To Dharmendra Nahar House At Ward No. 04 | Rs. 5,58,084.00 | Rs. 5,580/ | Rs.2000/- | 03 Months |

1. उल्लेखित कार्यों के निविदाओं का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।
2. ऑनलाइन निविदा (2026_UAD_511243_1) प्रपत्र क्रय करने का दिनांक 29.05.2026 समय 10:30 PM से 15.06.2026 समय 17:30 PM बजे तक निर्धारित है।
3. ऑनलाइन निविदा (2026_UAD_511242_1) प्रपत्र क्रय करने का दिनांक 29.05.2026 समय 10:30 PM से 15.06.2026 समय 17:30 PM बजे तक निर्धारित है।
4. ऑनलाइन निविदा (2026_UAD_511239_1) प्रपत्र क्रय करने का दिनांक 29.05.2026 समय 10:30 PM से 15.06.2026 समय 17:30 PM बजे तक निर्धारित है।

निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किये जाने पर समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। निविदा में किया गया संशोधन वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद् डोला
जिला-अनूपपुर (म०प्र०)


# कटनी जिले में अवैध रेत उत्खनन और ओवरलोडिंग ने तोड़ा प्रशासन का दावा

**समाज जागरण**

कटनी जिला इन दिनों अवैध रेत उत्खनन और ओवरलोड परिवहन का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। नदियों के घाटों से रात के अंधेरे में रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है, जबकि दिन में ओवरलोड रेत से भरे डंपर और ट्रक बिना रोक-टोक सड़कों पर दौड़ते नजर आ रहे हैं। स्थिति यह है कि प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई है।

जानकारों के अनुसार कटनी जिले में पूर्व ठेकेदार के द्वारा ठेका सरेंडर कर दिया गया है, इसके बावजूद भले की की प्रमुख नदियों और आसपास के रेत घाटों पर नियमों को ताक पर रखकर उत्खनन कराया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि कई स्थानों पर तो नदी के बीच तक जेसीबी मशीनें पहुंचाई जा रही हैं, जिससे नदी का प्राकृतिक स्वरूप बिगड़ रहा है और पर्यावरणीय संतुलन पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

अवैध उत्खनन के साथ-साथ ओवरलोड रेत परिवहन भी बड़ी समस्या बन चुका है। ग्रामीण और शहरी मार्गों पर क्षमता से कहीं अधिक रेत लादकर वाहन चलाए जा रहे हैं। इससे जहां सड़कें कम समय में जर्जर हो रही हैं, वहीं आम लोगों की जान भी खतरे में पड़ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रात के समय तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रकों की आवाजाही के कारण हादसों का डर बना रहता है, लेकिन शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही।

सूत्रों का आरोप है कि रेत माफिया के नेटवर्क के आगे संबंधित विभाग असहाय नजर आ रहे हैं। खनिज विभाग, परिवहन विभाग और पुलिस के बीच समन्वय की कमी के कारण अवैध कारोबार निर्बाध रूप से फल-फूल रहा है। कभी-कभार दिखावटी कार्रवाई जरूर होती है, लेकिन उसमें भी छोटे चालकों पर जुमार्ना लगाकर बड़े लोगों को छोड़ दिया जाता है।

इस अवैध कारोबार का सीधा असर शासन के राजस्व पर भी पड़ रहा है। सरकार को मिलने वाला करोड़ों रुपये का राजस्व चोरी के रास्ते माफियाओं की जेब में जा रहा है। वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों को महंगी रेत खरीदने पर मजबूर होना पड़ रहा है, क्योंकि वैध आपूर्ति व्यवस्था ठीक से संचालित नहीं हो रही।

पर्यावरणविदों का कहना है कि यदि समय रहते अवैध रेत उत्खनन नहीं रोका गया, तो इसका असर आने वाले वर्षों में और भी गंभीर दिखाई देगा। नदी की धाराएं बदलने, भूजल स्तर गिरने और आसपास के गांवों में कटाव जैसी समस्याएं बढ़ेंगी। इसके बावजूद प्रशासनिक सख्ती का अभाव समझ से परे है।

**बिजराघवगढ़ क्षेत्र में राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है रेत माफिया**

जिले के बीजराघवगढ़ क्षेत्र में भी रेत का अवैध उत्खनन राजनीतिक संरक्षण प्राप्त रेत माफिया द्वारा किया जा रहा है । विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कई गांव में अवैध खनन को अंजाम दिया जा रहा है और इस पर अंकुश लगाने में पुलिस प्रशासन राजस्व विभाग एवं खनिज विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कटनी जिले के नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अवैध रेत उत्खनन और ओवरलोड परिवहन के खिलाफ स्थायी और प्रभावी कार्रवाई की जाए। सिर्फ छापामार कार्रवाई नहीं, बल्कि दोषी अधिकारियों और माफियाओं पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए, ताकि कानून का भय स्थापित हो सके। अब बड़ा सवाल यही है कि क्या प्रशासन इस गंभीर समस्या पर ठोस कदम उठाएगा या फिर कटनी जिला रेत माफियाओं की गिरफ्त में यूं ही फंसा रहेगा।

# हरहुआ ब्लाक में लगी ग्राम जनचौपाल, आयी 23 शिकायते

## *भटपुरवा कला में 12 और जमुनीपुर में नौ शिकायते मिली।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शुक्रवार को विकासखंडों में आयोजित होने वाली ग्राम जन चौपाल के तहत शुक्रवार को हरहुआ विकासखंड की ग्राम पंचायत भटपुरवा कला और जमुनीपुर में जनसुनवाई की गई। इस दौरान कुल 23 शिकायतें दर्ज की गईं। भटपुरवा कला में आयोजित जनचौपाल की अध्यक्षता ग्राम प्रधान ने की। यहाँ कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें प्रधानमंत्री आवास से संबंधित दो, व्यक्तिगत शौचालय से संबंधित तीन, किसान सम्मान निधि से संबंधित एक, हर घर नल जल योजना से संबंधित चार, वृद्धावस्था पेंशन से संबंधित तीन और विधवा पेंशन से संबंधित एक शिकायत शामिल थी। वहीं, दूसरे गाँव जमुनीपुर में लगी जनचौपाल में नौ



शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें प्रधानमंत्री आवास से संबंधित चार, व्यक्तिगत शौचालय से संबंधित दो, वृद्धावस्था पेंशन से संबंधित दो और विधवा पेंशन से संबंधित 1 शिकायत दर्ज की गई। भटपुरवा कला में आयोजित जनचौपाल की अध्यक्षता ग्राम प्रधान सरोज देवी एवं जमुनीपुर में ग्राम प्रधान गीता देवी ने की। बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा ने कहा कि ग्रामीणों की अधिकतर समस्याएं वाजिब रहीं।उसके निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी को मौके पर ही निर्देश दे दिए गए। ग्राम जन चौपाल में प्रमुख रूप से बीडीओ हरहुआ ,एडीओ 'एसटी' शैलेंद्र सिंह, तथा सचिव जयप्रकाश और गणेश कुमार पटेल उपस्थित रहे।

# वियतनाम में भारतीय पहलवानों ने रचा इतिहास, वाराणसी लौटने पर टीम मैनेजर रामसेवक यादव का भव्य स्वागत

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। वियतनाम के दा नांग में आयोजित अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय पहलवानों के शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय कुश्ती टीम के मैनेजर रामसेवक यादव के

वाराणसी आगमन पर शुक्रवार को क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। हरहुआ क्षेत्र में जगह-जगह लोगों ने फूल-मालाओं के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। दोपहर में वाराणसी पहुंचने पर काशी कृषक इंटर कॉलेज मैदान, हरहुआ चौराहा, गढ़वा चौराहा और सातोमहुआ समेत विभिन्न स्थानों पर क्षेत्रवासियों, खेल प्रेमियों और पहलवानों ने उनका अभिनंदन किया। इस दौरान भारत माता की जय के



नारों के बीच हाथों में तिरंगा लेकर लोगों ने भारतीय कुश्ती टीम की ऐतिहासिक सफलता का जश्न मनाया। इसके बाद रामसेवक यादव के आवास पर भी शुभचिंतकों, पहलवानों और खेल जगत से जुड़े लोगों का तांता लगा रहा। लोगों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय पहलवानों की उपलब्धि ने देश के साथ-साथ वाराणसी का भी गौरव बढ़ाया है। स्वागत करने वालों में लालजी यादव उर्फ झगड़ू भैया, अंतरराष्ट्रीय कोच भैरव पहलवान, क्षमा पहलवान, शंकर पहलवान, मनोहर पहलवान, कन्हैया दरोगा, विनोद यादव, मनोज मुंगवार, जितेंद्र पहलवान, फौजी बाल्मीकि, बबलू सरदार, मोहन मामा, वीरेंद्र यादव, रामआसरे मास्टर, सुभाष पहलवान, अशोक यादव, राजेश यादव, संतोष यादव और बहादुर प्रधान समेत दर्जनों लोग शामिल रहे।

गौरतलब है कि अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 9 पदक अपने नाम किए। इसमें 4 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं। बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर भारत की फ्री स्टाइल टीम एशिया चैंपियन बनने में सफल रही।

प्रतियोगिता में 65 किलोग्राम वर्ग में मोहित कुमार और 79 किलोग्राम वर्ग में चन्द्रमोहन ने स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। अन्य खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम को ऐतिहासिक सफलता दिलाई। भारतीय खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बधाई दी थी। भारतीय कुश्ती संघ की ओर से वाराणसी निवासी रामसेवक यादव को फ्री स्टाइल टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया था। बेसिक शिक्षा परिषद में शिक्षक के रूप में कार्यरत रामसेवक यादव की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल बना हुआ है।

# डीसीएम पार्सल ट्रक के पीछे टकराई,चालक घायल

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत काजीसराय बाजार स्थित ओवरब्रिज के समीप देर रात डीसीएम ने आगे चल रही पार्सल ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। डीसीएम का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में फंस गया। पुलिस और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर बाहर निकाला। पीएचसी हरहुआ प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल चालक को बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जहां उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल चालक ओमप्रकाश मिश्रा (56 वर्ष) निवासी पुराहेमु नौपेडवा,थाना बक्सा जौनपुर लखनऊ से दवा लादकर डीसीएम से अहरौरा, मिजार्पुर जा रहा था। काजीसराय बाजार स्थित



ओवरब्रिज के समीप पहुंचे, तभी नींद की झपकी आ गई। इसी दौरान आगे धीमी रफ्तार से चल रही पार्सल ट्रक में डीसीएम पीछे से जा भिड़ी। डीसीएम का केबिन पूरी तरह चकनाचूर हो गया और चालक अंदर ही फंस गया। हरहुआ पुलिस कड़ी मसक्कत के बाद

एंबुलेंस की मदद से घायल को पीएचसी हरहुआ इलाज के लिए ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस से उसे बीएचयू ट्रामा सेंटर भेजा गया। घटना के बाद कुछ देर तक मार्ग पर अफरा-तफरी और जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सामान्य कराया।डीसीएम मालिक को सूचना देकर हरहुआ पुलिस आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है।

# किसानों को धान का बीज हुआ वितरित

**समाज जागरण शिव तिवारी बड़ागांव वाराणसी।।**

प्राकृतिक खेती कार्यक्रम के अंतर्गत ईकोप्रिज्म कलेक्टिव फाउंडेशन द्वारा बेनीपुर खुर्द में धान के बीज का वितरण किया गया। बीज वितरण का मुख्य उद्देश्य किसानों को पूर्ण रूप से जैविक एवं प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान किसानों को स्पष्ट रूप से बताया गया कि जो भी किसान धान का प्रदर्शन लगाएंगे, वे पूर्णतः जैविक खेती करेंगे तथा इसमें किसी भी प्रकार की रासायनिक खाद का प्रयोग नहीं किया जाएगा।

किसानों को यह भी जानकारी दी गई कि वे संस्था द्वारा स्थापित बायो रिसोर्स सेंटर में तैयार किए जाने वाले जैविक बायो-इनपुट्स का ही उपयोग करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को धान की खेती की विभिन्न विधियों, रोपाई की प्रक्रिया, जैविक खेती के लाभ तथा प्राकृतिक विधियों से उत्पादन बढ़ाने के तरीकों के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया।कुल 36 किसानों को धान का बीज



वितरित किया गया। प्रत्येक किसान को न्यूनतम 1 विश्वा

तथा अधिकतम 6 विश्वा क्षेत्रफल के लिए बीज उपलब्ध कराया गया। इस प्रकार कुल मिलाकर लगभग 6 बीघा क्षेत्रफल में जैविक विधि से धान की खेती की जाएगी। इसके अतिरिक्त कुछ प्रगतिशील किसान अधिक क्षेत्रफल में भी जैविक विधि से धान की खेती करेंगे।अंत में किसानों को समय से बीज बुवाई एवं रोपाई करने के लिए प्रेरित किया गया तथा यह भी बताया गया कि खेती से संबंधित किसी भी प्रकार की आवश्यकता या जानकारी हेतु वे संस्था से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही बीआरसी से जुड़े किसानों से भी मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं

# छात्र नेता के घर पहुंची पुलिस धरना न देने का बनाया दबाव

**समाज जागरण शिव तिवारी वाराणसी।।**

उदय प्रताप महाविद्यालय के छात्र नेता समीर सिंह विशाल के निवास बभनियाव राजातालाब में बीती रात को 1:00 बजे पुलिस पहुंची और उनके पिता पर दबाव बनाया। समीर सिंह विशाल के अनुसार पुलिस का कहना था कि वह समीर सिंह विशाल को मनीष सिंह हत्याकांड के मामले को लेकर धरना के देने के प्रायोजित कार्यक्रम को रोक दें। रात्रि में 1:00 बजे उनके घर पहुंची पुलिस ने घर वालों को भला बुरा भी कहा। पुलिस के दविश दिए जाने का फोटो और वीडियो भी छात्र नेता समीर सिंह विशाल ने वायरल किया है। जिसमें रात्रि में पुलिस के लोग उनके घर में बैठे बिक रहे हैं।इस संबंध में समीर सिंह ने एक वीडियो जारी करके कहा कि वह पुलिस के इस मानसिक दबाव और प्रताड़ना से रुकने वाले नहीं है।कहा कि गत माह मनीष सिंह की हत्या कर दी गई थी। लेकिन उनके परिवार के लोगों को न्याय नहीं मिला श।कहां कि इस तरह के किसी पुलिसिया तथा स्थानीय जिला प्रशासन के दबाव के चलते वे पीछे नहीं हटेंगे। इस लड़ाई को तब तक लड़ाया जाएगा जब तक मनीष को न्याय नहीं मिल जाता।

# पेड़ की डाली काटते समय गिरकर अधेड़ गंभीर रूप से घायल मंडलीय चिकित्सालय रेफर

**समाज जागरण**

मीरजापुर /लालगंज थाना क्षेत्र के बरौधा क्षेत्र अंतर्गत हथिया बांध गांव में गुरुवार की रात्रि में आई आंधी में गिरे पेड़ की डाली को चढ़कर काट रहा अधेड़ डाली से नीचे गिरकर घायल हो गया मौके पर पहुँचे स्वजनों ने घायल अधेड़ को एम्बुलेंस सेवा 108 से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया है हथिया बांध गांव निवासी 50 वर्षीय शिव नारायण घर के पास आंधी से गिरे बबूल के पेड़ की डाली पर चढ़कर काट रहे थे की डाली सहित नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुँचे अधेड़ के परिजनों द्वारा उपचार के लिए एम्बुलेंस 108 पर सूचना दिया मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस के चालक विनोद व ईएमटी संतोष भारतीय ने घायल अधेड़ को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक आलोक यादव ने प्राथमिक उपचार के बाद अधेड़ के सिर व शरीर में गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है

# हरहुआ- पंचकोशी-रामेश्वर रोड पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित,घण्टे बाद हुआ एकतरफा आवागमन

## *बिजली के खंभे और विद्युत तार भी टूट गए जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति प्रभावित।

**समाज जागरण अनिल कुमार हरहुआ वाराणसी।**

शुक्रवार सुबह तेज गरज-चमक, आँधी और तेज बारिश के चलते हरहुआ पंचकोशी-रामेश्वर रोड पर एक विशाल नीम का पेड़ अचानक सड़क पर गिर पड़ा। पेड़ गिरने से दोनों तरफ का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया और पंचकोशी परिक्रमा कर रहे यात्रीगण रास्ते में फंस गए। हादसे में दो बिजली के खंभे और विद्युत तार टूट गए जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई जो दोपहर बाद ठीक हुई। संयोग अच्छा था कि किसी जन धन को नुकसानी नहीं हुई। वहीं हरहुआ क्षेत्र में दर्जनों खम्भे टूटने , तार टूटने ,4 ट्रांस फार्मर जलने की घटनाएं घटी। बिजली विभाग की पेट्रोलिंग टीम



एसडीओ श्री पति तिवारी के आदेश पर जेई दीपू प्रजापति के नेतृत्व में देर शाम तक कुछ क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बहाल कर सके। वहीं क्राइस्ट नगर के आयर व उंदी फीडर के एसडीओ अभिषेक मल ने अवगत कराया कि दर्जनो खम्भे व तार टूट गए हैं। जेई रोहित राय और पंकज चौहान के नेतृत्व में लाइन में पेट्रोलिंग कर अधिकतर क्षेत्रो में आपूर्ति बहाल कराई। द्वय एसडीओ के अनुसार जहाँ मेजर नुकसानी हुई है वहां कल तक सामान मंगाकर आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जाएगा। वही देर शाम तक कुछ सामान स्थान पर पहुंच चुके हैं। अति आवश्यक क्षेत्रो में लाइन बहाली का कार्य हो चुका है।

# हरहुआ क्षेत्र में आँधी तूफान से बिजली विभाग को भारी नुकसान

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। शुक्रवार के तड़के अचानक आई तेज आँधी तूफान व बरसात से बिजली विभाग को भारी नुकसान हुई। जिससे बिजली कुछ क्षेत्रों में आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी।

एसडीओ श्रीपति तिवारी व जेई दीपू कुमार के अनुसार अहरक फीडर के गहरपुर में 100 केवीए व 25 केवीए का परिवर्तक जला व 11 केवी के तीन पोल व जर्जर तार क्रास आर्म मंगल सिंह के मकान के पास पीपल वृक्ष के पास एलटी तार जर्जर टूटा। खानपट्टी में 25 केवीए का परिवर्तक व एलटी तार पर पेड़ गिरने से तार व दो पोल क्षतिग्रस्त। महदेपुर मडैया में एबीसी तार पर बांस गिरा, मोहानपुर फीडर का एक 100 केवीए व 25 केवीए का परिवर्तक क्षतिग्रस्त हुआ।

वहीं हरहुआ चौराहा के पास रामेश्वर पंचक्रोशी रोड नन्द मेडिकल के अगल में एलटी पोल पर नीम का भारी पेड़ गिरने से केबल व तीन पोल



क्षतिग्रस्त हुआ। काजी सराय मरी माई मंदिर के पास 10 केवीए परिवर्तक बिजली मारने के कारण डैमेज हो गया। काजीपुर के भागपुर में 63 केवीए का परिवर्तक और एलटी पोल पर पेड़ गिरने से 2 पोल व चौराजपुर में 11 केवी तार पर सागवान का पेड़ गिरने से एक पोल क्षतिग्रस्त हुआ। हरहुआ फीडर के काजीसराय के पास एलटी लाइन टूट गई । मोहनपुर फीडर के अमावर गांव के पास एच टी डिस्क खराब (3) हो गया वहीं अकला फीडर के होलापुर में एचटी डिस्क (1) खराब होने से नुकसान हुई। माथापुर में एचटी तार पर सागौन का पेड़ गिरा जिससे पोल टूटने से विद्युत आपूर्ति प्रभावित है। पिसौर फीडर पर कई जगह लाइनों पर पेड़ गिरने पोल टूटने के कारण विद्युत आपूर्ति देर शाम तक सामान्य हो गयी। पिसौर फीडर पर 100 केवीए के दो परिवर्तक 63 केवीए के दो 25 केवीए के दो 10 केवीए दो परिवर्तक क्षतिग्रस्त हो गये। अन्य फीडरों पर और भी परिवर्तक क्षतिग्रस्त होने की संभावना है। पेट्रोलिंग टीम विद्युत आपूर्ति के लिए जगह-जगह से लाइन को ठीक करने में जुटे हुए हैं। देर रात में कुछ क्षेत्रों को छोड़कर लाइन बहाल करने का कार्य जारी है। कल तक प्रभाव से प्रभावितों की आपूर्ति कराकर बिजली की बहाली कर दी जाएगी।

# आंधी-तूफान से चरमराई बिजली व्यवस्था, पेड़ गिरने से कई गांवों की आपूर्ति ठप

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया क्षेत्र में गुरुवार की देर रात तेज आंधी-तूफान और बारिश ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। चक्रवाती तूफान के चलते विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। कई स्थानों पर पेड़ बिजली लाइनों पर गिर गए जिससे क्षेत्र के दर्जनों गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। वहीं कई लोगों की संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा है।विद्युत उपकेंद्र बरौंधा के अवर अभियंता सतीश कुमार यादव ने बताया कि नेवादा गांव में 33 हजार वोल्ट की लाइन पर



विशाल यूकेलिप्टस का पेड़ गिर जाने से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। इसके अलावा बनवा से नौगांव मार्ग पर 11 हजार वोल्ट की लाइन पर भी यूकेलिप्टस का पेड़ गिर गया। जिससे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था प्रभावित हो गई। विभागीय कर्मचारी आपूर्ति बहाल करने में जुटे रहे। उधर हलिया थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में संतोष पांडेय के मड़हे पर तेज आंधी का कहर टूट पड़ा। मड़हे की ईंट की दीवार और टीनशेड भरभराकर गिर पड़े। जिससे वहां खड़ी बोलेरो, कमांडर जीप, सिफ्ट कार और दो मोटरसाइकिलें क्षतिग्रस्त हो गईं। हालांकि संयोग अच्छा रहा कि घटना के समय वहां कोई मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि टल गई। बरौंधा क्षेत्र में दिनेश पांडेय के घर के बाहर लगा टीनशेड तेज हवा में उड़ गया। टीनशेड के नीचे बंधी भैंस उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना पशु चिकित्सकों को दे दी गई है। तेज आंधी और बारिश से क्षेत्र में आम के पेड़ों पर लगे फल भी बड़ी संख्या में टूटकर गिर गए। हालांकि तूफान में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। लेकिन कई लोगों के टीनशेड और अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

# सचिव की सतर्कता से क्रय केंद्र पर भींगने से बची गेहूं।

**समाज जागरण अनिल कुमार हरहुआ वाराणसी।**

हरहुआ ब्लाक मे गेहूं खरीद के लिये बीपैक्स भैठौली व विपणन केंद्र गोसाईपुर मोहाव को केंद्र बनाया गया है। मोहाव में बड़ी गोदाम होने से क्रय गेहूं सुरक्षित रहा। वहीं बी -पैक्स भैठौली क्रय केंद्र पर गोदाम छोटा होने से कुछ बरामदे में ही डिलीवरी के लिए गेहूं रखी हुई थी। अचानक आई आँधी बरसात की आशंका के मद्देनजर सचिव ने प्लास्टिक से ढकवा रखी थी जिससे कई क्विंटल गेहूँ भींगने से बच गया।

बीपैक्स भैठौली के सचिव अभय सिंह के अनुसार मौसम विभाग की पूर्व सूचना के अनुसार संज्ञान में लेकर केंद्र के बरामदे में रखे गेंहू को बरसात होने पर भींगने के डर से प्लास्टिक द्वारा ढकवा दिया गया था





जिससे 50 क्विंटल से अधिक गेहूँ को भींगने से बचा लिया गया। सचिव के अनुसार केंद्र को 10 हजार क्विंटल खरीद का लक्ष्य दिया गया है। आज शुक्रवार तक 1905 क्विंटल की 54 किसानों से खरीददारी कर ली गई है। अब तक 750 क्विंटल की डिलीवरी भी हो चुकी है। अन्य की डिलीवरी दो एक दिन में होने वाली है। वही सभी किसानों का भुगतान एनपीसीआई के माध्यम से भुगतान किया जा चुका है। संयोग अच्छा रहा कि मौसम विभाग ने पूर्व सूचना प्रसारित कर रखी थी जिससे गेहूं भींगने से बच गया अन्यथा विभाग से नोटिस व रिकवरी तक कि जहमत झेलनी पड़ती।

# आकाशीय बिजली गिरने से चार मवेशियों की मौत, गांव में दहशत

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया थाना क्षेत्र के फुलियारी गांव में गुरुवार की देर रात आकाशीय बिजली गिरने से चार मवेशियों की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। संयोग अच्छा रहा कि बिजली रिहायशी मकान पर न गिरकर घर के सामने गिरी, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। जानकारी के अनुसार फुलियारी गांव के घोड़ाटाप मजरे में गुरुवार की रात करीब चार बजे तेज आंधी-तूफान और बारिश के दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। इससे नंदकू पुत्र काली के दरवाजे के सामने बंधे दो बैल, एक बछड़ा और एक गाभिन गाय की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह घटना की जानकारी होते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने बताया कि रातभर तेज आंधी और तूफान से लोग सहमे रहे। वहीं क्षेत्र के सिकटा गांव में भी कई लोगों के रिहायशी मकानों के टीनशेड और मड़हे उड़ जाने की सूचना है। हालांकि राहत की बात यह रही कि कहीं से जनहानि की सूचना नहीं मिली।तेज आंधी-तूफान और बारिश ने क्षेत्र के आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। कई स्थानों पर लोगों की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है और ग्रामीण भय के माहौल में हैं।

# खाद्य व पेय पदार्थ का नमूना लेकर पंजीकरण कराने का दिया खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने निर्देश

**समाज जागरण वाराणसी**

ग्रीष्म काल के दृष्टिगत जन सामान्य को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गठित सचल दल द्वारा आदमपुर स्थित संदीप पटेल की



आइसक्रीम कारखाने एवं हरसोस में स्थित काशी अमृत आइस क्रीम विनिर्माण इकाई मालिक चंदन कुमार की उपस्थिति में किया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम को मौके पर खाद्य कारोबार कताओं द्वारा खाद्य कारोबार संबंधित खाद्य पंजीकरण नहीं मिला और निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थ आइसक्रीम की गुण पर संदेह के आधार पर दोनो प्रतिष्ठानों से आइस क्रीम का नमूना नियमानुसार जांच हेतु लिया गया है। दोनों खाद्य प्रतिस्थानों को तत्काल खाद्य कारोबार बंद करने एवं खाद्य पंजीकरण के पश्चात ही खाद्य कारोबार करने का कड़ा निर्देश दिया गया है। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विजय बहादुर, पंकज यादव, रामचरण यादव शामिल रहे।

# पीएचसी हरहुआ पर 'डाटा एनालस्टिक्स कैशकेड' प्रशिक्षण में दी गई डाटा संयोजन की टेक्निकल जानकारी

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरहुआ के सभागार में कुशल प्रशिक्षकों के द्वारा डाटा संयोजन की तकनीकी जानकारी स्वास्थ्य कार्य कताओं को आज शुक्रवार को दी गई। प्रभारी चिकित्साधकारी डॉ0 सन्तोष कुमार के अनुसार नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय डाटा एनालटिक्स कैसकेड प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विशेषज्ञ प्रशिक्षक डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मणिशंकर शुक्ला जे0एस0आई0,स्वास्थ्य पर्यवेक्षक



सूरज प्रसाद, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार गुप्ता समेत स्वयं द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में कुल 34 एएनएम, 1 स्टाफ नर्स, 3 सुपरवाइजर, 3 बीएचडब्लू ,फार्मासिस्ट राकेश कुमार उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ में डाटा की तकनीकी दक्षता का विकास होने से कार्ययोजना बनाने में मदद मिलेगी।

# राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने जिलाध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी छोड़ते हुए भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राम सकल पटेल को बधाई दी।

**समाज जागरण**

वाराणसी। राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने जिलाध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी छोड़ते हुए भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राम सकल पटेल को मिठाई खिलाकर और पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी।राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में जिला अध्यक्ष के रूप में अनुभवी कार्यकर्ता राम सकल



पटेल मिले है। निश्चित ही राम सकल के अनुभव से जिला में भाजपा कार्यकर्ता अच्छा कार्य करेंगे।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राम सकल ने भी कार्यकताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि मैने जब से होश संभाला है, कार्यकताओं के लिए मौके पर खड़ा रहा हूं। आगे भी हर मौके पर डटा रहूंगा। जिले में जो भी काम पार्टी की तरफ से सौंपा जाएगा, उसे समय पर पूरा करूंगा।

# हिण्डालको के कर्मचारी रवि सिंह का भव्य सम्मान, विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर बढ़ाया भारत का मान

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**





सोनभद्र। जनपद के होनहार खिलाड़ी रवि सिंह, जो हिण्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेणुकूट के बॉयलर को-जनरेशन विभाग में कार्यरत हैं, ने यूरोप के देश रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में आयोजित 8वीं वर्ल्ड क्वान की डो चैंपियनशिप 2026 में रजत पदक जीतकर पूरे भारत, उत्तर प्रदेश और सोनभद्र जिले का नाम रोशन किया है। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 20 मई से 24 मई 2026 तक आयोजित हुई, जिसमें कुल 37 देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। रवि सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए रजत पदक अपने नाम किया।

रवि सिंह की इस बड़ी सफलता पर जनपद में खुशी की लहर दौड़ गई। सोनभद्र के जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा ने रवि सिंह को फूल-माला और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अधिकारियों ने कहा कि रवि सिंह ने अपने संघर्ष और मेहनत से पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। वहीं हिण्डालको परिवार की ओर से भी रवि सिंह का भव्य स्वागत और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। हिण्डालको के मुखिया समीर नायक, क्लस्टर एचआर हेड जसबीर सिंह, एचआर हेड अजय सिन्हा, बॉयलर को-जेन हेड कैलाश प्रधान, कमल किशोर एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने रवि को सम्मानित करते हुए बधाई दी रेणुकूट रेलवे स्टेशन से लेकर हिण्डालको के एचआर विभाग तक रवि सिंह का ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया हिण्डालको के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों

एवं अधिकारियों ने रवि का फूल-मालाओं से अभिनंदन किया। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला इस अवसर पर आयोजित मीडिया कॉन्फ्रेंस में रवि सिंह ने अपने संघर्ष की कहानी साझा की। अपनी यात्रा और कठिन परिश्रम को याद करते हुए रवि भावुक हो गए और उनकी आंखों में आंसू आ गए। रवि ने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्होंने वर्षों तक कठिन मेहनत, अनुशासन और संघर्ष किया। रवि सिंह ने अपनी इस उपलब्धि का पूरा श्रेय अपनी माता एवं स्वर्गीय पिता महामाया प्रसाद सिंह को दिया। उन्होंने कहा कि उनके पिता आज इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनका आशीर्वाद और संघर्ष हमेशा उनके साथ रहा। रवि ने कहा कि माता-पिता के सपनों को पूरा करना ही उनका सबसे बड़ा लक्ष्य था। आज रवि सिंह पूरे सोनभद्र और देश के युवाओं के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। उनकी सफलता यह साबित करती है कि मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के दम पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# गैंगस्टर एक्ट के तहत बड़ी कार्यवाही:- अपराध से अर्जित ₹15.29 लाख मूल्य की 02 पिकअप वाहन कुर्क

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अपराध से अर्जित अवैध सम्पत्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रूणवाल के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के निकट पर्यवेक्षण में थाना दुद्धी पुलिस द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्तों की अपराध से अर्जित चल सम्पत्ति को कुर्क किया गया। थाना दुद्धी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 01/2026 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 से सम्बन्धित अभियुक्तगण द्वारा अपराध जगत से अर्जित धन से क्रय की गयी चल सम्पत्ति को श्रीमान जिलाधिकारी सोनभद्र, जनपद सोनभद्र के आदेश के अनुपालन में अन्तर्गत धारा 14(1) उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट के तहत नियमानुसार कुर्क किया गया। कुर्क की गयी सम्पत्ति में गैंग सदस्य अखिलेश कुमार यादव पुत्र वैजनाथ यादव निवासी कूदल थाना कोन जनपद सोनभद्र के नाम पंजीकृत वाहन संख्या UP64CT4309 पिकअप वाहन कीमत लगभग ₹10,29,200/- तथा गैंग सदस्य आशीष यादव पुत्र राजेन्द्र यादव निवासी मुडीसेमर (जामपानी) थाना विण्ढमगंज जनपद सोनभद्र के नाम पंजीकृत वाहन संख्या UP64CT2715 पिकअप वाहन कीमत लगभग ₹5,00,000/- शामिल है। कुर्क की गयी सम्पत्ति की कुल अनुमानित कीमत ₹15,29,200/- (पन्द्रह लाख उन्तीस हजार दो सौ रुपये मात्र) है। पुलिस द्वारा गठित टीम ने उक्त गैंग के सदस्यों द्वारा अपराध से अर्जित धन से खरीदी गयी सम्पत्तियों को चिन्हित करते हुए नियमानुसार कुर्की की कार्यवाही पूर्ण की। प्रकरण में अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

# संभावित आंधी-तूफान एवं बारिश को लेकर प्रशासन अलर्ट, गांव-गांव चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**




सोनभद्र। जनपद में दिनांक 29 एवं 30 मई को संभावित तेज आंधी, बारिश तथा आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ के निर्देशन में जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों एवं नगर पंचायतों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को मौसम की संभावित आपदा से बचाव हेतु विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर पंचायत भवनों, सार्वजनिक स्थलों, बाजारों एवं प्रमुख चौराहों पर सुरक्षा संबंधी पोस्टर एवं बैनर लगाए जा रहे हैं साथ ही लाउडस्पीकर एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम, टोल प्लाजा, पुलिस विभाग द्वारा डायल 112 के माध्यम से आमजन को लगातार सतर्क रहने एवं सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की जा रही है। गांव-गांव में मुनादी कराते हुए लोगों को बताया जा रहा है कि खराब मौसम के दौरान पेड़ों, बिजली के खंभों एवं खुले स्थानों से दूर रहें तथा अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। इस दौरान जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील की है कि किसान, पशुपालकों, मजदूरों को सावधानी बरतने के लिए कहा गया है आकाशीय बिजली से बचाव के लिए लोगों को सुरक्षित भवनों में शरण लेने, मोबाइल एवं विद्युत उपकरणों का सावधानी से उपयोग करने तथा मौसम विभाग द्वारा जारी निदेशों का पालन किया जाये इस हेतु जागरूक किया जा रहा है। जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने कहा कि सुरक्षा ही बचाव का सबसे बड़ा माध्यम है। जनहित में जारी दिशा-निदेशों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन को 112 व 1077 पर तत्काल सूचना दें। प्रशासन द्वारा यह जागरूकता अभियान युद्ध स्तर पर निरंतर संचालित किया जा रहा है।

# पीएम किसान योजना के लाभार्थी किसानों के लिए वार्षिक ई - केवाईसी अनिवार्य

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने अवगत कराया है कि भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत अब सभी लाभार्थी किसानों के लिए वर्ष में एक बार ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। यदि कोई किसान निर्धारित अवधि में ई-केवाईसी नहीं कराता है, तो भारत सरकार द्वारा उसकी योजना की किस्तें अस्थायी रूप से रोक दी जाएंगी। ई-केवाईसी पूर्ण होने के उपरांत ही योजना की अगली किस्त जारी की जाएगी। कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि योजना को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं वास्तविक पात्र किसानों तक सीमित रखने के उद्देश्य से वार्षिक ई-केवाईसी अनिवार्य की गई है। किसानों की सुविधा के लिए ई-केवाईसी के कई विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं, जिनके माध्यम से किसान आसानी से अपनी प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। भारत सरकार द्वारा विकसित पीएम किसान मोबाइल एप के माध्यम से किसान घर बैठे स्वयं फेसियल ई-केवाईसी कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसान निकटतम जन सेवा केंद्र पर जाकर बायोमेट्रिक ई-केवाईसी भी करा सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर आवश्यक होगा। कृषि विभाग के न्याय पंचायत एवं विकास खंड स्तर के कर्मचारियों के माध्यम से भी किसानों की ई-केवाईसी कराई जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष रुपए 6000 की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है।

कृषि विभाग द्वारा अपील की गई है कि ऐसे किसान बंधु जिन्होंने मार्च 2025 से मार्च 2026 के बीच पीएम किसान योजना में ई-केवाईसी नहीं कराई है, वे 30 जून से पूर्व अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण करा लें, जिससे योजना की आगामी किस्त प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# बी0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट, नकलविहीन शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु व्यापक तैयारियां पूर्ण

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश बी0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2026-28 को सकुशल, नकलविहीन एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी के निर्देशन में परीक्षा की शुचिता एवं गोपनीयता बनाए रखने हेतु व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिलाधिकारी द्वारा परीक्षा के सफल संचालन हेतु अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) श्री वागीश कुमार शुक्ल को नगर प्रभारी नामित किया गया है। इस परीक्षा के सफल संचालन हेतु आज कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता मे बैठक की गयी, बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 ने कहा कि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) प्रमोद कुमार को जनपद नोडल समन्वयक तथा राजकीय मॉडल महाविद्यालय पवनी कला के प्राचार्य डॉ0 परवेज आलम को उप नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। परीक्षा केन्द्रों पर निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से केन्द्र प्रतिनिधियों की तैनाती गयी है। यह परीक्षा दिनांक 31 मई,2026 को प्रथम पाली सुबह 09:00 से 12:00 बजे, द्वितीय पाली में 02:00 बजे से 05:00 बजे तक, जनपद में 06 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, इस परीक्षा में कुल 2186 परीक्षार्थी सम्मलित होगें। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये गये है। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा एवं गोपनीयता बनाए रखने के लिए उन्हें कोषागार के डबल लॉक में सुरक्षित रखा जाएगा तथा परीक्षा सामग्री को निर्धारित समय पर परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाने हेतु विशेष व्यवस्था की गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराई जा सके। इसके अतिरिक्त संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा परीक्षा से संबंधित गोपनीय अभिलेखों एवं सामग्री की सुरक्षा हेतु कड़े प्रबंध किए गए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शुचिता के साथ सम्पन्न कराया जाएगा तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य के दौरान आवागमन व्यवस्था के संबंध में किया गया निरीक्षण

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के समक्ष जनसुनवाई के दौरान जनप्रतिनिधिगण, मीडिया प्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों

द्वारा रॉबर्ट्सगंज-पन्नूगंज मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित ओवर ब्रिज निर्माण कार्य के दौरान फाटक बंद होने से आमजन को होने वाली संभावित आवागमन समस्याओं के संबंध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। प्रार्थना पत्र में अवगत कराया गया कि उक्त मार्ग बिहार को जोड़ने वाला अत्यंत महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है तथा रेलवे क्रॉसिंग के पूर्वी क्षेत्र की अधिक आबादी का प्रतिदिन आवागमन इसी मार्ग से होता है। ऐसे में ओवरब्रिज निर्माण के दौरान वैकल्पिक, पैदल व बाइक हेतु मार्ग व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए उपजिलाधिकारी रॉबर्ट्सगंज श्री अश्वनी कुमार, सी0ओ0 सीटीं श्री रणधीर मिश्रा एवं रेलवे विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर समस्या के निराकरण हेतु निर्देशित किया। निर्देश के क्रम में प्रशासन एवं रेलवे विभाग की संयुक्त टीम द्वारा स्थल निरीक्षण कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से वार्ता की गई। निरीक्षण के दौरान रेलवे ओवरब्रिज निर्माण स्थल के समीप एक वैकल्पिक स्थान चिन्हित किया गया, जहां से आमजन के पैदल आवागमन एवं बाइक संचालन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकती है। प्रस्तावित व्यवस्था पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों ने सहमति व्यक्त की तथा इसे जनहित में उपयुक्त बताया। रेलवे विभाग के अधिकारियों द्वारा भी उक्त व्यवस्था पर सहमति प्रदान करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया।

# श्रम कानून के उल्लंघन के खिलाफ ठेका मजदूर यूनियन का ओबरा में धरना

*** सीजीएम से हुई वार्ता, समस्याओं के समाधान का आश्वासन**

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



ओबरा/ सोनभद्र। संविदाकार द्वारा छँटनी किए गए मजदूरों को काम पर वापस रखने, न्यूनतम मजदूरी में हुई वृद्धि को ओबरा परियोजना में कड़ाई से लागू करने, ठेका मजदूरों को सुरक्षा उपकरण देने, नोएडा-गाजियाबाद के समान ही सोनभद्र के मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि करने, तत्काल वेज बोर्ड गठित करने और ओबरा में ईएसआई अस्पताल तत्काल खोलने की मांग को लेकर ठेका मजदूर यूनियन ने आज ओबरा तापीय परियोजना पर एक दिवसीय धरना दिया। धरने के दौरान सीजीएम ओबरा से ठेका मजदूर प्रतिनिधियों की वार्ता हुई और उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी भी मजदूर की छँटनी नहीं की जाएगी और अन्य सवालों को भी तत्काल हल किया जाएगा। धरने का नेतृत्व यूनियन के जिला अध्यक्ष तीरथ राज यादव और संयुक्त मंत्री मोहन प्रसाद ने किया।

धरने में मजदूर नेताओं ने कहा कि अप्रैल माह में सीजीएम की अध्यक्षता और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में समझौता हुआ था। जिसमें श्रम कानून के अनुपालन और अन्य सवालों पर सहमति बनी थी। साथ ही तय हुआ था कि किसी भी मजदूर की छंटनी नहीं होगी। डेढ़ माह बीतने के बावजूद संविदाकार इस समझौते को मानने को तैयार नहीं थे और इससे श्रमिकों में काफी असंतोष था। इसीलिए यूनियन ने यह ध्यानाकर्षण धरने का आयोजन किया ताकि मजदूरों की समस्याओं पर सार्थक संवाद प्रबंधन से किया जा सके। मजदूर नेताओं ने कहा कि सोनभद्र के मजदूरों के साथ प्रदेश सरकार ने बड़ा अन्याय किया है। इस भीषण महंगाई में भी सोनभद्र जनपद के मजदूर के न्यूनतम वेतन में नोएडा और गाजियाबाद के मजदूरों के समान वृद्धि नहीं की गई। सीएम की घोषणा के बावजूद अभी तक उत्तर प्रदेश में वेज बोर्ड का गठन नहीं किया गया। जिससे पिछले 12 सालों से न्यूनतम मजदूरी का वेज रिवीजन लटका पड़ा हुआ है। इस महंगाई में बेहद कम मजदूरी के कारण ठेका मजदूरों के लिए अपना परिवार चला पाना कठिन होता जा रहा है।

मजदूरों ने ओबरा में ईएसआई अस्पताल खोलने और मजदूरों को जीवन सुरक्षा उपकरण प्रदान करने की मांग भी की। धरने में गोपाल सिंह, दिनेश राम, भगवान दास, सुदर्शन, तौकीर खान, अरविंद माली, मोहनलाल, उदित नारायण, जवाहर यादव, राहुल, विनोद मेट, बबन आदि ने बात रखी।

# मेडिकल कॉलेज में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं हेतु मैनपावर एवं उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में आज मेडिकल कॉलेज में इंस्ट्रूमेंट एवं मैनपावर की समस्या के संबंध में अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज के माध्यम से जन-जन को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना शासन एवं प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में मैनपावर के अभाव में जिन उपकरणों एवं इंस्ट्रूमेंट्स का संचालन प्रभावित हो रहा है, उनके लिए संबंधित विभागों के माध्यम से आवश्यक मैनपावर की नियुक्ति की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित की जाए। साथ ही आवश्यक चिकित्सा उपकरणों एवं इंस्ट्रूमेंट्स की खरीद जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) के माध्यम से कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सुरक्षा कर्मियों की जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से निर्धारित की जाए तथा रोस्टर के अनुसार उनकी ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने समय-समय पर मेडिकल कॉलेज परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए, ताकि मरीजों एवं तीमारदारों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/ रा0) वागीश कुमार शुक्ला, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ. आनंद कुमार सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी श्री इंद्रभान सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कप्तान साहब ! मुख्य हाइवे पर पुलिस के नाक के नीचे 'कबाड़ का काला कारोबार'

**गुरमा मोड़ मारकुंडी बना कबाड़.हब, बेखौफ चल रहा कारोबार, चोरी की घटनाओं में उछाल, लोगों में दहशत**

**व्यवसायिक क्षेत्रों एवं रिहायशी इलाकों पर मंडरा रहा खतरा**

**पुलिस कप्तान से सीधी गुहार - जांच हो, सच सामने आए**

**कार्रवाई या फिर जारी रहेगा कबाड़ राज'?**

**महज 500 मीटर में कई दुकानों का साम्राज्य, चोरी की आंधी से दहशत में इलाका**

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। जिले के चोपन थानान्तर्गत गुरमा चौकी क्षेत्र में मुख्य हाईवे वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग परकबाड़ कारोबार को लेकर हालात काफी विस्फोटक होते जा रहे हैं। पुलिस बूथ से महज 500मी.की दूरी पर मारकुंडी गुरमा मोड़ पर संचालित कबाड़ दुकानों को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। सवाल सीधा है-जब पुलिस इतनी नजदीक है,तो फिर यह काला कारोबार इतने खुलेआम कैसे फल-फूल रहा है? स्थानीय लोगों के मुताबिक गुरमा मोड मारकुंडी में कबाड़ की कई दुकाने लगातार सक्रिय है।इन दुकानों में कबाड़ की खरीद-फरोख्त खुलेआम हो रही है,जबकि इसके स्रोत और वैधता को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ रही है।लोगों का कहना है कि यह पूरा खेल बिना किसी डर भय के बेखौफ संचालित है।क्षेत्र में बीते कुछ समय से चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी की चर्चा तेज है।ग्रामीणों और आसपास के लोगों का आरोप है कि चोरी का सामान कबाड़ के जरिए खपाया जा रहा है।यही वजह है कि अब लोग खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं और रातों में जागकर पहरा देने की मजबूर,विवश हैं।सबसे बड़ा सवाल पुलिस की भूमिका को लेकर खड़ा हो रहा है।

# उत्साह, हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया कुर्बानी का त्यौहार ईद-उल-अजहा

**मुस्लिम समुदाय के साथ अन्य धर्मों के लोगों ने भी भाग लेकर दिया आपसी भाईचारे का संदेश समाज को शांति,सद्भावना और आपसी भाईचारे की सबसे अधिक आवश्यकता -अतुल कुमार पटेल**

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। रावर्ट्सगंज के विकास खंड के गुरमा-मारकुंडी में पेश इमाम हाफिज मुमताज साहब, करगरा मोड, सलखन मे इमाम इसराइल ने गुरुवार की सुबह मुस्लिम बन्धुओं ने ईद-उल -अजहा की नमाज अदा करायी और देश में अमन चैन की दुआ मांगी गई। नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे से गले मिल ईद मुबारकबाद एक दूसरे को दिए।ईद-उल- अजहा (बकरीद) बड़े ही उत्साह व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। ईद-उल- अजहा (बकरीद) का त्यौहार पैगंबर हजरत इब्राहिम द्वारा अल्लाह के प्रति दिखाए गए सर्वोच्च त्याग, समर्पण, बलिदान और अटूट विश्वास की याद में मनाया जाने वाला प्रमुख त्योहार है। यह पर्व मुख्य रूप से कुबार्नी (बलिदान) के माध्यम से अपनी सबसे प्रिय चीज को ईश्वर की राह में न्योछावर करने का संदेश देता है।इस मौके पर भव्य जुलूस निकाला गया। कुबार्नी के इस पावन पर्व पर मुस्लिम समुदाय के साथ अन्य धर्मों के लोगों ने भी भाग लिया और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। पैगंबर हजरत इब्राहिम का जीवन प्रेम, शांति, त्याग, बलिदान और इंसानियत का संदेश देता है। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में सौहार्द और एकता बनाए रखना चाहिए। इस बाबत नगर पंचायत चुर्क-गुर्मा के सौजन्य से साफ-सफाई की चौबंद व्यवस्था की गई थी।इस मौके पर सभासद अशफाक कुरैशी ने कहा कि पैगंबर हजरत इब्राहिम साहब ने हमेशा सामाजिक सौहार्द, सच्चाई और ईमानदारी का संदेश दिया है।उनके आदर्शों पर चलना ही समाज को मजबूत बनाता है। वहीं चौकी प्रभारी गुरमा अतुल कुमार पटेल ने कहा कि उन्होंने इंसानियत और सत्य का जो संदेश दिया है,उसे अपने जीवन में उतारने की जरूरत है।आज के समय में समाज को शांति, सद्भावना और आपसी भाईचारे की सबसे अधिक आवश्यकता है।

मान्यताओं के मुताबिक माह-ए- रमजान और ईद-उल-फितर की रौनक के बाद मुस्लिम समाज को जिस पर्व का बेसब्री से इंतजार रहता है।वह है ईद उल-अजहा, जिसे आम तौर पर बकरीद कहा जाता है। यह इस्लाम धर्म का दूसरा सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण पर्व है। यह त्यौहार सोनभद्र जिला मुख्यालय सहित आस-पास के इलाकों में गहरी आस्था और परंपरा के साथ मनाया जाता है।इस बार बकरीद का त्यौहार 28 मई 2026 गुरुवार को मनाई गयी।भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में बकरीद का त्यौहार सौहार्द और आपसी सम्मान का प्रतीक बनकर सामने आता है।लोग एक दूसरे को मुबारकबाद देते हैं और समाज में प्रेम,शांति और भाईचारे का संदेश फैलाते हैं। यह त्यौहार इस्लामी कैलेंडर के आखिरी महीने धू अल हिज्जा की 10वीं तारीख को मनाया जाता है और हज यात्रा के समापन का प्रतीक होता है।इस अवसर पर मक्का में लाखों हाजी पवित्र हज यात्रा पूरी करते हैं। वहीं दुनिया भर के मुसलमान नमाज अदा कर कुबार्नी की रस्म निभाते हैं। ईद उल अजहा को जाता है।इस दिन हजरत इब्राहिम की उस महान आस्था, बलिदान और समर्पण को याद किया जाता है।जब उन्होंने अल्लाह के हुक्म पर अपने सबसे प्रिय बेटे का बलिदान देने जा रहे थे।इसे बलिदान का पर्व भी कहा जाता है।इस्माइल को कुर्बान करने का निश्चय किया था।मान्यता के अनुसार जब वह इस कठिन परीक्षा को पूरा करने जा रहे थे,तभी अल्लाह ने उनकी नियत और विश्वास को स्वीकार करते हुए उनके बेटे की जगह एक मेमने का बच्चा (भेंड़) कुबार्नी के लिए भेज दिया। यही घटना इस पर्व की आधारशिला मानी जाती है। बकरीद का मुख्य संदेश त्याग, समर्पण और इंसानियत है। इस दिन दी जाने वाली कुबार्नी की मांस को तीन हिस्सों में बांटने की परंपरा है, एक हिस्सा रिश्तेदारों और दोस्तों के लिए,दूसरा जरूरतमंदों के लिए और तीसरा अपने परिवार के लिए रखा जाता है। यह परंपरा समाज में समानता, भाईचारा और सहयोग की भावना को मजबूत करती है। यही कारण है कि कई लोग इसे उत्सव के रूप में मनाते हैं। सुबह से ही मस्जिदों, ईदगाहों में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। नमाज अदा करने में छोटे-बड़े सभी शामिल हुए। लोग नारे-ए-तकबीर और नात-ए-पैगंबर पढ़ते हुए पैगंबर की शिक्षाओं को याद कर रहे थे।कई स्थानों पर कुरान की तिलावत, दरूद-ओ-सलाम और मिलाद शरीफ के आयोजन हुए। इस अवसर पर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। उन्होंने नए कपड़े पहनकर बड़ों से आशीर्वाद और ईदी प्राप्त की।वहीं महिलाओं ने घरों में विशेष पकवान बनाकर परिवार और रिश्तेदारों के साथ त्यौहार की खुशियां साझा कीं।इस दिन अल्लाह की इबादत की जाती है।घरों,मस्जिदों और गलियों को सजाया जाता है।लोग आपस में गले मिलकर बधाई देते हैं।गरीबों और जरूरतमंदों की सहायता की जाती है। त्योहार को लेकर इलाके के बाजारों और आसपास के गांवों में रौनक देखने को मिली।मुस्लिम समाज के लोगों ने गरीबों और जरूरतमंदों में भोजन व मिठाइयां बांटकर इंसानियत और भाईचारे का संदेश दिया। त्यौहार को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की। चौकी प्रभारी गुरमा अतुल कुमार पटेल अपने हमराही पुलिस बल के साथ लगातार गश्त करते रहे, जिससे क्षेत्र में शांति और सौहार्द्र बना रहे।इस पावन पर्व पर एकलाख खान, इरशाद खान, एड.निजामुद्दीन, अफसर खान,

अख्तर खान,अंशु, महफूज, नफीस आलम, मोहसिन अंसारी, सैफ खान, सेराज आलम, शहजाद कुरैशी, इश्तियाक कुरैशी "गुड्डू", अहमद अली "बाबा", शहजादे अहमद, शहंशाह, सज्जाद अहमद, शमशाद अहमद "शानू", इद्रीश व सादिक अली, अरमान, फरमान खान, अहद अली, गुड्डू अंसारी, सरफुद्दीन, असलम, सदर आफताब शाह, मुस्तफा, खुर्शीद अहमद, अब्दुल कलाम, अब्दुल्ला, अरमान, असलम शहाबू, जमालू समेत बृजेश कनौजिया, दयाशंकर पांडेय, अनिल कुमार, श्रीकांत समेत सैकड़ों हिंदू-मुस्लिम बंधु उपस्थित रहे।

# अघोषित बिजली कटौती बर्दाश्त नहीं -हर्ष यादव

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। जिले में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस कार्यकताओं ने जबलपुर नाका स्थित



विद्युत कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और अधीक्षण यंत्री को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस प्रभारी एवं पूर्व मंत्री हर्ष यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक ओर आम जनता महंगाई की मार झेल रही है, वहीं दूसरी ओर भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि जनता से भारी-भरकम बिजली बिल वसूले जा रहे हैं, लेकिन व्यवस्थाएं पूरी तरह फिसड्डी साबित हो रही हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अघोषित बिजली कटौती अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण नवजात शिशु, वृद्धजन और बीमार व्यक्ति सबसे अधिक परेशान हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभाग की लचर व्यवस्थाओं से आमजन को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं पूर्व विधायक अजय टंडन एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रतनचंद जैन ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग की शिकायत शाखा के फोन नंबर तक नहीं लगते और न ही अधिकारी शिकायतों पर ध्यान देते हैं। उन्होंने कहा कि बिजली की आंखमिचौली से जिले की पूरी व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इस अवसर पर जिले के विभिन्न ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भावपूर्वक श्रीमद्भागवत कथा सुनने से जीवन होता है धन्य – पं. शिवम गर्ग

## वेदव्यास जन्म प्रसंग, गीता उपदेश और राजा परीक्षित रक्षा कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह/हटा। हटा ब्लॉक के समीपस्थ ग्राम बंधा में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जहां पूरा वातावरण भक्तिरस में डूबा नजर आया। भजन-कीर्तन, शंखनाद और जयकारों से कथा स्थल पूरी तरह भक्तिमय हो उठा।

कथा व्यास पंडित शिवम गर्ग ने श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मनुष्य के जीवन को पवित्र बनाता है और उसे मोक्ष के मार्ग की ओर अग्रसर करता है। उन्होंने कहा कि कलयुग में भगवान की भक्ति, सत्संग और कथा श्रवण ही मानव जीवन का सबसे बड़ा सहारा है।



कथा के दौरान पंडित शिवम गर्ग ने वेदव्यास जी एवं शुकदेव जी महाराज के जन्म प्रसंग का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। इसके साथ ही महाभारत की गाथा, भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए श्रीमद्भगवद्गीता के दिव्य उपदेश तथा धर्म स्थापना हेतु किए गए भगवान के कार्यों का मार्मिक चित्रण किया।

कथा में अश्वत्थामा द्वारा छोड़े गए ब्रह्मास्त्र से राजा परीक्षित की रक्षा का प्रसंग सुनाते हुए कथाव्यास ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की असीम कृपा से ही राजा परीक्षित का जीवन सुरक्षित हो सका और धर्म की परंपरा आगे बढ़ी। यह प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावुक हो उठे।

उन्होंने भीष्म पितामह द्वारा पांडवों को दिए गए धर्म, नीति और कर्तव्य के उपदेशों का भी सुंदर वर्णन किया।

भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न अवतारों एवं लोककल्याणकारी लीलाओं का वर्णन सुन श्रद्धालु भक्ति भाव में झूम उठे और पूरा कथा पंडाल जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर यजमान दुरग सिंह यादव, रामभगत यादव एवं रामगोपाल यादव सपत्नीक उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

# भव्य शोभायात्रा के साथ मनाई गई लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 331वीं जयंती

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

हटा मगरोन। ग्राम मगरोन में अखिल भारतीय गडरिया महासभा के तत्वावधान में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर जी की 301वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।जिसमें राज्य मंत्री लखन पटेल मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए।इस अवसर पर ग्राम मगरोन में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सर्व समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



शोभायात्रा का शुभारंभ माता अहिल्याबाई के चित्र पर माल्यार्पण और आरती के साथ हुआ। गाजे-बाजे और पारंपरिक नृत्य के साथ निकली इस यात्रा का ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। महासभा के वक्ताओं एवं अतिथियों ने उनके जीवन और सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें न्याय और कुशलता की प्रतिमूर्ति बताया।

इस आयोजन ने क्षेत्र में आपसी भाईचारे और समरसता की अनूठी मिसाल पेश की। कार्यक्रम के समापन पर महासभा द्वारा सभी सहयोगियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान भारी संख्या में मातृशक्ति और युवा वर्ग उपस्थित रहा।

# निजी भूमि पर गंदे पानी की नाली निर्माण का विरोध, ग्रामीणों ने दिया आवेदन

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

*बटियागढ़। ग्राम सेमरा रामनगर के ग्रामीणों ने अपनी निजी लगानी जमीन पर सगरोन ग्राम के गंदे पानी की नाली निर्माण के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है। ग्रामीणों ने इस निर्माण कार्य को तत्काल निरस्त करने और निजी भूमि पर नाली निर्माण पर रोक लगाने की मांग को लेकर तहसीलदार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) जनपद पंचायत बटियागढ़ को एक आवेदन सौंपा है।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन द्वारा सगरोन ग्राम के गंदे पानी की निकासी के लिए जो नाली प्रस्तावित की गई है, वह उनकी निजी मलकियत की जमीन से होकर गुजर रही है। इससे उनकी कृषि भूमि और संपत्ति एवं मकानों को भारी नुकसान होगा। पीएलवी रूपेन्द्र सिंह ने बताया की इस नाली निर्माण का जो प्रस्ताव है उसके हिसाब से नाली की लंबाई आठ सौ मीटर से लेकर एक किलोमीटर के लगभग होगी लेकिन बही सरकारी रास्ते से थोड़ी गहराई वाली नाली खोदी जा सकती है जिसकी नाले से अधिकतम दूरी 70-80 मीटर होगी और लोगो का नुकसान भी नहीं होगा साथ ही विवादो से भी बचा जा सकेगा इस लिए इस नाली निर्माण प्रस्ताव को निरस्त कर कम दूरी वाली और सरकारी भूमि में से नाली बनाने पर विचार कर प्रस्ताव तैयार किया जाना चाहिए



# किसानों की समस्याओं को लेकर नोएडा प्राधिकरण में हुई अहम बैठक

## 10 प्रतिशत आबादी भूखंड, डिनोटिफिकेशन और मॉडल गांव बनाने पर हुई चर्चा

नोएडा। ग्राम विकास संगठन नोएडा के संयोजक डीपी चौहान के नेतृत्व में शुक्रवार को नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी सतीश पाल ने की।बैठक में विशेष कार्याधिकारी क्रांति शेखर, अरविंद कुमार, महाप्रबंधक नियोजन, महाप्रबंधक अशोक कुमार अरोड़ा, महाप्रबंधक एसपी सिंह सहित प्राधिकरण के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।तीन प्रमुख मांगों पर हुई विस्तृत चर्चाग्राम विकास संगठन नोएडा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी




अशोक चौहान ने बताया कि करीब दो घंटे चली बैठक में किसानों से जुड़े तीन प्रमुख प्रतिवेदनों पर विस्तार से चर्चा की गई–अर्जित भूमि के सापेक्ष किसानों को 10 प्रतिशत आबादी भूखंड दिए जाने की मांग।जहां है जैसी है के आधार पर आबादी को डिनोटिफाइड किए जाने का मुद्दा।नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र के गांवों को मॉडल ग्राम के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव।81 गांवों के किसानों के मुद्दे उठाए गएबैठक के दौरान ग्राम विकास संगठन के संयोजक डीपी चौहान ने नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र के 81 गांवों के किसानों से जुड़े मुद्दों को विस्तार से रखा। उन्होंने शासनादेश, प्राधिकरण बोर्ड बैठक के आदेश तथा सरकारी गजट सहित विभिन्न दस्तावेज और तथ्य अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए। प्राधिकरण अधिकारियों ने दिया सकारात्मक आश्वासनसंगठन के पदाधिकारियों के अनुसार सभी पक्षों को सुनने के बाद प्राधिकरण अधिकारियों ने किसानों के हित में जल्द निर्णय लेने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि किसानों और प्राधिकरण के बीच लगातार बन रही टकराव एवं आंदोलन की स्थिति को समाप्त करने के लिए सकारात्मक समाधान निकाला जाएगा।बैठक सकारात्मक रहीह - डीपी चौहानग्राम विकास संगठन के संयोजक डीपी चौहान ने कहा कि आज की बैठक सकारात्मक रही और किसानों को उम्मीद है कि जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।बैठक में ग्राम विकास संगठन के संयोजक डीपी चौहान, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान और सत्येंद्र गुर्जर सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।समाज जागरण विशेषनोएडा के गांवों और किसानों के मुद्दों पर प्राधिकरण से सकारात्मक संकेत

# निपुण भारत मिशन को मिलेगी नई गति, योगी सरकार जिला समन्वयकों को देगी विशेष ट्रेनिंग

**– 1 और 2 जून को लखनऊ में होगा राज्य स्तरीय प्रशिक्षण, प्रदेश के सभी जिलों से पहुंचेंगे जिला समन्वयक**

**– निपुण भारत मिशन और गुणवत्ता शिक्षा संवर्धन गतिविधियों की जमीनी मॉनिटरिंग को मिलेगा नया आधार**

**– प्रशिक्षण के जरिए स्कूल शिक्षा में सीखने के परिणामों और अकादमिक गुणवत्ता सुधार पर रहेगा फोकस**

**– राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी), लखनऊ में होगा प्रशिक्षण**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 29 मई। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार अब निपुण भारत मिशन और गुणवत्ता शिक्षा अभियान को जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। इसी क्रम में राज्य स्तर पर कार्यरत जिला समन्वयक (निपुण भारत मिशन) एवं जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) के लिए 1 और 2 जून को राज्य स्तरीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके लिए सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को संबंधित जिला समन्वयकों की प्रशिक्षण में अनिवार्य सहभागिता सुनिश्चित कराए जाने संबंधी निर्देश दिए गए हैं। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी), लखनऊ में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के सभी 75 जनपदों से जिला समन्वयक प्रतिभाग करेंगे।

प्रशिक्षण का उद्देश्य निपुण भारत मिशन और गुणवत्ता शिक्षा संवर्धन से जुड़ी गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन, अनुश्रवण और मूल्यांकन व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना है। निपुण भारत मिशन एक शैक्षिक कार्यक्रम के साथ-साथ बच्चों की सीखने की बुनियादी क्षमता को सुदृढ़ करने का व्यापक अभियान है। योगी सरकार ने पिछले एक दशक में परिषदीय शिक्षा के ढांचे, तकनीक आधारित निगरानी व्यवस्था और शिक्षण पद्धतियों में व्यापक सुधार किए हैं। ऑपरेशन कायाकल्प, स्मार्ट क्लास, डिजिटल मॉनिटरिंग, ई-कंटेंट और निपुण भारत मिशन जैसे अभियानों के माध्यम से परिषदीय शिक्षा व्यवस्था में बड़े परिवर्तन लाए गए हैं। अब जिला समन्वयकों के विशेष प्रशिक्षण के माध्यम से इन सुधारों को विद्यालय स्तर तक प्रभावी ढंग से लागू करने और शिक्षा व्यवस्था को अधिक परिणाममुखी बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

### दो बैचों में होगा प्रशिक्षण

प्रशिक्षण कार्यक्रम को दो बैचों में आयोजित किया जाएगा। पहले बैच का प्रशिक्षण 1 जून को होगा, जिसमें आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बरेली, बस्ती, देवीपाटन, गोरखपुर और चित्रकूट मंडल के जिलों के प्रतिभागी शामिल होंगे। वहीं दूसरे बैच का आयोजन 2 जून को किया जाएगा, जिसमें झांसी, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, मिजार्पुर, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर और वाराणसी मंडल के जिला समन्वयक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

### अकादमिक अनुश्रवण और सीखने के परिणामों पर रहेगा विशेष फोकस

प्रदेश सरकार का मानना है कि जब जिला स्तर पर अकादमिक मॉनिटरिंग और प्रशिक्षण व्यवस्था मजबूत होगी, तभी विद्यालयों में सीखने के परिणामों में वास्तविक सुधार दिखाई देगा। इसी सोच के तहत प्रशिक्षण के माध्यम से जिला समन्वयकों को अकादमिक एवं प्रशासनिक अनुश्रवण, डेटा आधारित योजना एवं निर्णय निर्माण, प्रभावी समीक्षा प्रक्रियाओं, शिक्षक सहयोग तंत्र तथा सीखने के परिणामों (एसएलओज) में सुधार हेतु आवश्यक प्रक्रियाओं और प्रणालियों पर प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके साथ ही जिला समन्वयकों को निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों, आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन), गुणवत्ता मूल्यांकन, शिक्षकों के क्षमता संवर्धन, गतिविधि आधारित शिक्षण तथा विद्यालयों में गुणवत्ता शिक्षा संवर्धन से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी प्रशिक्षण दिया जाएगा और जिला स्तर पर बेहतर योजना, प्रभावी अनुश्रवण और शैक्षणिक सहयोग के माध्यम से विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण सीखने को बढ़ावा दिया जायेगा।

# 2018 के फार्मो और लाइसेंस वितरण पर उठे सवाल

## 3597 और 4936 लाभार्थियों के आंकड़ों में अंतर को लेकर प्राधिकरण से मांगा जवाब

**समाज जागरण नोएडा डेस्क**

नोएडा। वर्ष 2018 में जमा किए गए फार्मों और जारी किए गए लाइसेंस/बिक्री प्रमाण पत्रों को लेकर नोएडा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। आईजीआरएस पर प्राप्त जवाब के आधार पर अब लाभार्थियों की सूची और आंकड़ों में अंतर को लेकर पारदर्शिता की मांग तेज हो गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नोएडा प्राधिकरण ने आईजीआरएस पर दिए गए उत्तर में बताया है कि वर्ष 2018 में जमा फार्मों के सापेक्ष 3597 लोगों को लाइसेंस जारी किए गए, जिनका रिकॉर्ड प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### 4936 लोगों को प्रमाण पत्र देने का दावा

इसी जवाब में यह भी उल्लेख किया गया कि कुल 4936 लोगों को बिक्री प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। ऐसे में दोनों आंकड़ों के बीच 1339 लोगों का अंतर सामने आने के बाद सवाल खड़े हो गए हैं कि आखिर ये अतिरिक्त लाभार्थी कौन हैं और इन्हें किस आधार पर प्रमाण पत्र जारी किए गए।

### अतिरिक्त लाभार्थियों की सूची सार्वजनिक करने की मांग

मामले को लेकर प्राधिकरण से मांग की गई है कि 3597 लोगों की वेबसाइट पर उपलब्ध सूची के अलावा शेष 1339 लाभार्थियों का पूरा विवरण भी सार्वजनिक किया जाए। साथ ही सभी बिक्री प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया, पात्रता और तिथियों का रिकॉर्ड सार्वजनिक करने की मांग उठाई गई है।

### पारदर्शिता और जांच की मांग

शिकायतकताओं का कहना है कि यदि सभी आवंटन और प्रमाण पत्र नियमों के तहत जारी किए गए हैं तो पूरी सूची सार्वजनिक करने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। मामले में किसी प्रकार की विसंगति होने पर जांच कर उचित कार्रवाई की मांग भी की गई है।

**समाज जागरण विशेष**

नोएडा प्राधिकरण में पुराने आवंटनों और प्रमाण पत्रों को लेकर पारदर्शिता पर उठे सवाल

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर 'सलाम नमस्ते' में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

## तंबाकू मुक्त समाज और स्वस्थ जीवनशैली का दिया संदेश

**समाज जागरण नोएडा डेस्क**

नोएडा। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आईएमएस नोएडा के सामुदायिक रेडियो ह्यसलाम नमस्तेह्व में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेक्टर-62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम में तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ गौतमबुद्धनगर की हेड डॉ. श्वेता खुराना ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त किए।




### स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान

कार्यक्रम के दौरान लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

सलाम नमस्ते की स्टेशन हेड वर्षा छबारिया ने बताया कि सामुदायिक रेडियो के माध्यम से समय-समय पर स्वास्थ्य, शिक्षा और जनहित से जुड़े कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं, ताकि समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचाया जा सके।

### सलाम नमस्ते को मिला प्रशस्ति पत्र

कार्यक्रम के दौरान जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की ओर से सलाम नमस्ते को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने के प्रयासों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### शैक्षणिक संस्थानों में चलाया गया जागरूकता अभियान

डॉ. श्वेता खुराना ने बताया कि सेहत सही, लाभ कई स्वास्थ्य श्रृंखला के अंतर्गत स्मार्ट एनजीओ और जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के सहयोग से विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

उन्होंने कहा कि जिले के शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित कार्यक्रम तंबाकू मुक्त समाज की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं और भविष्य में भी तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान स्थापित करने के लिए सामुदायिक रेडियो का सहयोग लिया जाएगा।

**समाज जागरण विशेष**

तंबाकू मुक्त समाज के लिए जागरूकता अभियान तेज, युवाओं को स्वस्थ जीवन का संदेश

# जनगणना-2027 कार्य में लापरवाही पर एफआईआर के निर्देश

गौतमबुद्ध नगर। जनगणना-2027 के कार्य में नियुक्त प्रगणकों द्वारा कार्यभार ग्रहण नहीं करने और शासकीय कार्य में असहयोग किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में चार्ज अधिकारी इन्दु प्रकाश सिंह ने संबंधित थाना प्रभारी को पत्र भेजकर दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। पत्र के अनुसार जनगणना-2027 का कार्य प्रगति पर है तथा सूचीबद्ध कर्मचारियों को प्रगणक के रूप में नियुक्त किया गया था। बावजूद इसके, संबंधित कर्मचारियों ने निर्धारित समयावधि बीत जाने के बाद भी अपना कार्यभार ग्रहण नहीं किया। विभाग द्वारा उनके मोबाइल नंबरों पर संपर्क करने तथा व्हाट्सएप के माध्यम से ड्यूटी संबंधी दस्तावेज भेजने का प्रयास किया गया, लेकिन कर्मचारियों ने दस्तावेज प्राप्त करने से भी इंकार कर दिया।

# माफिया अब खुली जीप में पिस्टल लहराते हुए किसी हिंदू को धमका नहीं सकता: मुख्यमंत्री

**समाज जागरण**

मऊ/लखनऊ, 29 मई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मऊ की धरती से माफिया को फिर खुली चुनौती दी। उन्होंने दो टूक कहा कि अब किसी माफिया व गुंडे में दुस्साहस नहीं है कि त्योहारों में उपद्रव कर दे। यदि किसी ने रामलीला, यज्ञ-कथा, जन्माष्टमी, रामनवमी, शिवरात्रि, रक्षाबंधन आदि धार्मिक आयोजनों में व्यवधान डाला तो उसकी रावण व कंस जैसी दुर्गति तय है। किसी ने बेटी व व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाई तो उसका इंतजार यमराज ही करेंगे। अब कोई माफिया खुली जीप में चलकर पिस्टल लहराते हुए किसी हिंदू को धमका नहीं सकता।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मऊ के गांधी मैदान में 392 करोड़ से अधिक लागत वाली 114 परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने मऊ को क्रांतिधरा बताते हुए साहित्यकार श्याम नारायण पांडेय, समाज सुधारक स्वामी सहजानंद सरस्वती, मऊ को नई पहचान दिलाने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री कल्पनाथ राय की स्मृतियों को नमन किया। उन्होंने पूर्व राज्यपाल फागू चौहान का भी जिक्र किया और भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया।

### अच्छी सरकारी देती है विकास, गलत लोग चुनने पर लगती है सुरक्षा में सेंध

मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छी सरकार विकास लेकर आती है। यह विकास बिना भेदभाव नागरिकों के जीवन स्तर को उठाने का माध्यम होता है। सड़क या पुल जाति पूछकर नहीं चलने देते, स्वास्थ्य केंद्र जाति पूछकर उपचार और बाढ़ सुरक्षा के कार्य जाति पूछकर बचाव नहीं करते। जब अच्छे लोग चुने जाते हैं तो अच्छी सरकार आती है। जब गलत लोग चुने जाते हैं तो सुरक्षा में सेंध लगती है, जन विकास में लगने वाले पैसे में डकैती और बेटी-व्यापारी की सुरक्षा खतरे में पड़ती है, और युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा होता है।

### धार्मिक आयोजनों में व्यवधान पैदा किया जाता था

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश का यही हाल था। जिन लोगों की आयु 30-35 वर्ष से ऊपर है, वे भूले नहीं होंगे कि 21 वर्ष पहले 2005 में भरत-मिलाप कार्यक्रम पर दंगा कर मऊ को जलाने का प्रयास हुआ था। सत्ता के संरक्षण में माफिया रामलीला आयोजन में व्यवधान पैदा कर निर्दोष हिंदुओं का कत्लेआम कर रहे थे। माफिया को देखकर सपा का पसीना छूटता था, इनके मुंह से आवाज नहीं निकलती थी। माफिया के सामने नतमस्तक व नाक रगड़ने वाली सरकार मौन थी और यहां की सुरक्षा खतरे में थी। अराजकता का तांडव था। जनता यदि चंदा जुटाकर रामलीला, रामनवमी, यज्ञ, जन्माष्टमी, शिवरात्रि का आयोजन करती थी तो उसमें व्यवधान पैदा किया जाता था। शोहदे बेटियों का अपहरण करते थे, व्यापारी सूर्यास्त से पहले प्रतिष्ठान बंद करने को मजबूर थे।

### गरीब, युवा, नारी व किसान का उत्थान हो जाए तो देश दौड़ने लगता है

सीएम योगी ने कहा कि 2014 में जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में देश की बागडोर सौंपी तो सभी ने 12 वर्ष में बदलते भारत को देखा। मोदी जी कहते हैं कि हमारे लिए केवल चार जातियां (गरीब, युवा, नारी व किसान) हैं। इनका उत्थान हो जाए तो देश दौड़ने लग जाएगा और भारत दुनिया की बड़ी ताकत बन जाएगा। उन्होंने दिल्ली में योजनाएं बनाईं, भाजपा शासित राज्यों ने इसे लागू भी किया, लेकिन 2014 से 2017 तक सपा सरकार ने यूपी में उन योजनाओं को लागू नहीं होने दिया। सपा ने गरीबों के लिए शौचालय, आवास, राशन, सड़क नहीं बनने दी।

### चार बार सरकार के बावजूद सपा शासन में गरीबों को नहीं मिलीं सुविधाएं

सीएम ने कहा कि आज प्रदेश में 65 लाख गरीबों को आवास, पौने तीन करोड़ गरीबों के घरों में शौचालय, 16 करोड़ गरीबों को निःशुल्क राशन मिल रहा है। उपदेश देने वाले सपाइयों से पूछिए कि चार बार शासन करने के बाद भी उन्होंने और लगभग 50 वर्ष तक शासन करने वाली कांग्रेस ने यह कार्य क्यों नहीं किया। कांग्रेस-सपा सरकार में उनके गुंडे गरीब का राशन खा जाते थे और गरीब टकटकी लगाकर देखता था।

### 24 घंटे के भीतर मिलती है 5 लाख की सहायता

सीएम योगी ने कहा कि आज प्रदेश में 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत व मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई है। किसान परिवार या बटाईदार यदि आपदा की चपेट में आ जाता है तो मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत 24 घंटे के अंदर जनप्रतिनिधि पांच लाख रुपये की सहायता राशि उसके घर जाकर देते हैं।

### बिना रुके, झुके, थके चल रहे विकास अभियान

सीएम योगी ने कहा कि आज प्रदेश में विकास अभियान बिना रुके, बिना झुके, बिना डिगे, बिना थके चल रहे हैं। हर गरीब के लिए आवास, पानी, सड़क, पुल, बाढ़ से बचाव आदि के प्रयास हो रहे हैं। सड़कें, पर्यटन केंद्र संवर रहे हैं, पुल-पुलिया बन रही हैं। बिजली परियोजनाएं तैयार हो रही हैं। सुरक्षा का माहौल है, नौजवान के लिए नौकरी-रोजगार, बेटी के स्वावलंबन, अन्नदाता किसान के सम्मान के लिए योजनाएं चल रही हैं। विकास का पैसा विकास में और गरीब का पैसा गरीब के पास जा रहा है। सीएम ने नागरिकों से कहा कि वर्तमान को सजाने व संवारने का दायित्व आपके ऊपर है। आपने डबल इंजन सरकार को जिताने में योगदान दिया तो पीएम मोदी के नेतृत्व, मार्गदर्शन में सरकार सफल हुई और इसका श्रेय आपको जाता है।

### सीएम ने बताई एक-एक वोट की ताकत

सीएम योगी ने एक-एक वोट की ताकत बताई और कहा कि जब किसी देवस्थल का पुनरुद्धार व अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होता है तो इसका पुण्य भी आपके खाते में जाता है। आपका एक वोट 500 वर्ष की गुलामी के कलंक को धोकर राम मंदिर और काशी विश्वनाथ धाम का निर्माण करता है तो बेटी-व्यापारी की सुरक्षा, माफिया को मिट्टी में मिलाकर कर्फ्यू, उपद्रव मुक्त प्रदेश बनाने में योगदान देता है। विकास की यात्रा अनवरत आगे बढ़नी चाहिए। अब यूपी का सम्मान बढ़ा है। अब सूर्यास्त के बाद भी व्यापारी गुंडों को लेकर चिंता नहीं करता। बेटी नाइट शिफ्ट में भी ऑफिस व उद्योग में काम कर रही है।

# बिहार में आंधी-बारिश से मिली भीषण गर्मी से राहत, वज्रपात से 5 की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ भीषण गर्मी और उमस से झुलस रहे बिहार में शुक्रवार को मौसम ने अचानक करवट ली। राज्य के कई जिलों में तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने लोगों को जहां राहत दी, वहीं वज्रपात (आकाशीय बिजली) की घटनाओं ने पांच परिवारों के घरों के चिराग बुझा दिए। मौसम विभाग की चेतावनी के बीच हुई इस बारिश के दौरान वज्रपात ने सबसे अधिक कहर बरपाया। औरंगाबाद के रफीगंज में भेखनपुरा प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक सुनील कुमार सिंह (43) की स्कूल परिसर में ही बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं, दाउदनगर के केशराड़ी गांव में सुबह टहलने निकले 55 वर्षीय किसान केदार यादव की भी वज्रपात से जान चली गई। पटना के परसा बाजार थाना क्षेत्र के सकरैचा गांव में एक हृदयविदारक घटना में खेत में बकरी चराने गई दो मासूम बच्चियां, 12 वर्षीय सिमरन कुमारी और 10 वर्षीय स्वीटी कुमारी, काल के गाल में समा गईं। इसके अलावा, गया जिले के बरवाडीह गांव में दिनेश यादव की भी आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। इन घटनाओं के बाद संबंधित क्षेत्रों में मातम का माहौल है। राजधानी पटना में शुक्रवार सुबह घने काले बादलों के कारण दिन में ही अंधेरा छा गया। तेज हवाओं के साथ हुई झमाझम बारिश से तापमान में गिरावट आई, लेकिन इसके साथ ही जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। राजधानी के कई इलाकों में पेड़ गिरने की सूचना मिली, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। मुख्यमंत्री आवास, हज भवन और छज्जूबाग जैसे इलाकों में गिरे पेड़ों को नगर निगम की टीम ने जेसीबी की मदद से हटाया। नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए स्थिति की निगरानी की। वहीं, निचले इलाकों में जलजमाव से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में इसी तरह के मौसम की संभावना जताई है। विभाग ने राजधानी पटना सहित कई जिलों के लिए तेज आंधी, मूसलाधार बारिश और वज्रपात को लेकर 'रेड अलर्ट' जारी किया है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने, खराब मौसम में घरों से बाहर न निकलने और पेड़ या बिजली के खंभों के नीचे शरण न लेने की अपील की है। आपदा प्रबंधन विभाग स्थिति पर पैनी नजर रखे हुए है।

# पटना जिले के पालीगंज में बज्रपात से हुई किशोर की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पालीगंज प्रखण्ड अंतर्गत जरखा गांव में बज्रपात से एक किशोर की मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार पटना जिला के पालीगंज प्रखण्ड अंतर्गत जरखा गांव निवासी आमोद राम के 12 वर्षीय पुत्र निखिल कुमार अपने गांव के ही दोस्तो के साथ गांव के बाहर क्रिकेट खेल रहा था। उसी समय अचानक आसमान में काले बादल घिर आया। कुछ ही छनो में तेज हवाएं बहने लगी। आसपास मद अंधेरा छा गया। जिसे देख सभी बच्चे इधर उधर छिपने का प्रयास करने लगा। इसी दौरान तेज गर्जन के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गयी। वही अचानक बज्रपात हुई। जिसके चपेट में आने से निखिल कुमार की मौत घटनास्थल पर हो गयी। घटना की सूचना पाकर निखिल के परिजन व गांववाले घटनास्थल पर पहुंचे। जहां शव से लिपटकर परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। घटना की सूचना पाकर सिगोड़ी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। उसके बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पालीगंज अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद गांव तथा मृतक के घर मे मातम छाया हुआ है। वही माले नेता राजेश कुमार सहित कई राजनीतिक दलों के लोगो ने सरकार से आपदा बिभाग से मिलनेवाली राशि पीड़ित परिवार को अविलंब उपलब्ध कराने की मांग किया है।

# पटना में मोबाइल छीनकर भाग रहे दो झपटमारों को भीड़ ने दबोचा, जमकर की पिटाई

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना में बेलगाम होते अपराधियों का खौफ कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इसी क्रम में कदमकुआं थाना क्षेत्र के प्रेमचंद गोलंबर के पास मोबाइल छीनकर भाग रहे दो झपटमारों को स्थानीय लोगों ने साहस का परिचय देते हुए दबोच लिया। आक्रोशित भीड़ ने पकड़े गए दोनों आरोपियों की जमकर पिटाई की और उनकी मोटरसाइकिल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। देर रात एक युवक अपने गंतव्य की ओर जा रहा था, तभी बाइक सवार दो युवकों ने उसका मोबाइल झपट लिया। पीड़ित ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपियों का हाथ पकड़ लिया, जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ा और वे सड़क पर गिर पड़े। पीड़ित के शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोग तुरंत जुट गए और दोनों को धर दबोचा। भीड़ का गुस्सा इतना था कि आरोपियों की पिटाई करने के साथ ही उनकी बाइक को पत्थरों से बुरी तरह तोड़ दिया गया। सूचना मिलते ही कदमकुआं थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद भीड़ के चंगुल से दोनों को छुड़ाकर अस्पताल भेजा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान लालबाग निवासी जैद और तौसिफ के रूप में हुई है, जो पेशे से मैकेनिक बताए जा रहे हैं। पुलिस अब उनके आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है और यह पता लगाने में जुटी है कि वे किसी बड़े गिरोह से जुड़े हैं या नहीं।राजधानी में मोबाइल, पर्स और चेन झपटमारी की बढ़ती घटनाओं ने आम नागरिकों में असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है। एक तरफ जहाँ अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है, वहीं दूसरी तरफ भीड़ द्वारा कानून हाथ में लेने की प्रवृत्ति भी चिंता का विषय बनी हुई है। विशेषज्ञ अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस की रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मुस्तैद करने की मांग कर रहे हैं। फिलहाल, पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और मामले की गहन तफ्तीश जारी है। इस घटना ने एक बार फिर पटना में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या आपको लगता है कि प्रशासन द्वारा की जा रही गश्त में कोई कमी है या फिर अपराध नियंत्रण के लिए कोई अन्य कदम उठाने की आवश्यकता है?

# सबर जनजाति की बदहाली पर दुखनी सोरेन ने राज्यपाल से की मुलाकात, आदिवासी अधिकारों की रक्षा की उठाई मांग

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**



जादूगोड़ा झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की पुत्री दुखनी सोरेन ने शुक्रवार को संतोष गंगवार से राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को अपने हाथों से बनाई गई एक चित्रकला भेंट कर सम्मान प्रकट किया। लगभग 20 मिनट तक चली इस मुलाकात में दुखनी सोरेन ने पूर्वी सिंहभूम जिले के जादूगोड़ा, पोटका, घाटशिला और बहड़ागोड़ा क्षेत्र में रहने वाली विलुप्तप्राय सबर जनजाति की बदहाल स्थिति को प्रमुखता से उठाया।

दुखनी सोरेन ने राज्यपाल को बताया कि सबर जनजाति के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं और सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हें जानबूझकर नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि लगातार उपेक्षा और संसाधनों की कमी के कारण इस जनजाति की आबादी दिनों-दिन घटती जा रही है, जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने राज्यपाल से इस मामले में तत्काल संज्ञान लेने और प्रभावी पहल करने का आग्रह किया। मुलाकात के दौरान राज्यपाल संतोष गंगवार ने भी सबर जनजाति की घटती जनसंख्या को लेकर चिंता व्यक्त की और इसके कारणों को जानने की कोशिश की। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना तथा सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।

दुखनी सोरेन ने राज्यपाल को सौंपे ज्ञापन में झारखंड के आदिवासी और मूलवासी समाज से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा कि राज्य में जल, जंगल और जमीन की रक्षा के साथ-साथ स्थानीय नीति को प्रभावी तरीके से लागू करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मांग की कि झारखंड के सभी विकास कार्यों, सरकारी टेंडरों और रोजगार के अवसरों में स्थानीय आदिवासी-मूलवासी युवाओं को प्राथमिकता दी जाए।

ज्ञापन में ग्राम सभा और ग्राम प्रधान को संवैधानिक अधिकारों के अनुरूप अधिक शक्तियां देने की भी मांग की गई। दुखनी सोरेन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। खासकर कोल्हान क्षेत्र के दूरदराज गांवों में रहने वाले लोगों को आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने इन क्षेत्रों में विशेष विकास योजना लागू करने की आवश्यकता बताई।

इसके अलावा उन्होंने आदिवासी संस्कृति, भाषा और परंपराओं के संरक्षण के लिए अलग से विशेष नीति बनाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि आधुनिकता और विस्थापन के कारण आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियां अपनी परंपराओं और संस्कृति से दूर हो जाएंगी।

दुखनी सोरेन ने खनन प्रभावित क्षेत्रों की समस्याओं का मुद्दा भी राज्यपाल के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि खनन और औद्योगिक परियोजनाओं के कारण बड़ी संख्या में आदिवासी परिवार विस्थापित हुए हैं, लेकिन उन्हें पर्याप्त पुनर्वास और रोजगार नहीं मिल पाया है। उन्होंने विस्थापन, बेरोजगारी और खनन प्रभावित गांवों की समस्याओं पर विशेष ध्यान देने की मांग की।

ज्ञापन में पांचवीं अनुसूची और पेसा कानून को प्रभावी रूप से लागू करने का भी आग्रह किया गया। उन्होंने कहा कि संविधान द्वारा आदिवासी समाज को दिए गए अधिकारों का पूरी तरह पालन होना चाहिए, ताकि ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में स्वशासन की व्यवस्था मजबूत हो सके। राज्यपाल से मिलने गए प्रतिनिधिमंडल में शंकर मुंडा, विकास कुमार भक्त और आसित कुमार मंडल भी शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से झारखंड के आदिवासी समाज के हित में ठोस और दीर्घकालिक पहल करने की मांग की।

# पटना के बाढ़ में शराबबंदी के तहत छापेमारी करने गई मद्य निषेध टीम पर हमला, दो घायल; पुलिस ने शुरू की जांच

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के रानीसराय गांव में शराबबंदी कानून के तहत छापेमारी करने गई मद्य निषेध विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। रानीसराय के पासवान टोला स्थित एक होटल में अवैध शराब बिक्री और सेवन की गुप्त सूचना पर पहुंची टीम को स्थानीय लोगों के उग्र विरोध का सामना करना पड़ा। देखते ही देखते स्थिति बिगड़ गई और भीड़ ने टीम पर पथराव शुरू कर दिया। इस हिंसक झड़प में मद्य निषेध विभाग के दो सरकारी वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हमले में वाहन चालक कन्हैया कुमार और सिपाही उदित राज गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए बख्तियारपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ-2 आशीष श्रीवास्तव और बख्तियारपुर थानाध्यक्ष देवानंद शर्मा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में लिया। फिलहाल पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है और पूछताछ की जा रही है। मद्य निषेध विभाग के निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि एक होटल में अवैध शराब का कारोबार चल रहा है, जिसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की गई। वहीं, घटना का दूसरा पहलू भी सामने आया है। होटल संचालक मोहित पासवान और उनके परिजनों ने विभाग की टीम पर मनमानी और बिना सूचना के घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। रूना देवी और सुमन कुमारी सहित अन्य परिजनों का दावा है कि अधिकारियों ने महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया और प्रतिष्ठान में तोड़फोड़ की। प्रशासन ने इस हमले को गंभीर चुनौती माना है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे घटना के दौरान के वीडियो फुटेज, साक्ष्यों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों की बारीकी से जांच कर रहे हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कानून को हाथ में लेने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल इलाके में तनाव को देखते हुए पुलिस निगरानी बढ़ा दी गई है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

# पटना के बाढ़ में उमानाथ गंगा घाट पर हादसों का सिलसिला जारी

## एक और किशोरी डूबी, 13 साल के किशोर ने बचाई दो की जान

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के बाद में उत्तरवाहिनी उमानाथ गंगा घाट इन दिनों हादसों का केंद्र बना हुआ है। गुरुवार को हुई नाव दुर्घटना के जख्म अभी भरे भी नहीं थे कि शुक्रवार सुबह एक और दर्दनाक हादसा हो गया। शुद्धि स्नान करने आए परिवार की तीन महिलाएं गहरे पानी में समा गईं। स्थानीय किशोर की तत्परता से दो महिलाओं को तो बचा लिया गया, लेकिन एक 13 वर्षीय किशोरी काजल कुमारी की तलाश जारी है। नालंदा जिले के रहुई थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्रांडी पंचायत स्थित कुन्हा गांव से सीताराम चौधरी का परिवार अंतिम संस्कार के बाद शुद्धि स्नान के लिए उमानाथ आया था। करीब 15 लोगों का यह समूह जैसे ही गंगा में उतरा, अचानक पैर फिसलने से तीन महिलाएं गहरे पानी में चली गईं।मौके पर मौजूद फूल-माला बेचने वाले 13 साल के स्थानीय किशोर सनी कुमार ने अपनी जान जोखिम में डालकर गंगा में छलांग लगा दी। सनी ने साहस दिखाते हुए दो महिलाओं को तो सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन काजल कुमारी को बचाने के प्रयास में वह सफल नहीं हो सका और वह गहरे पानी में ओझल हो गई। गौरतलब है कि सनी कुमार अब तक गंगा में डूब रहे करीब 10 लोगों की जान बचा चुका है। घटना के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने करीब 50 लाख की लागत से बने गंगा घाट के निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि महज एक-दो साल के भीतर ही नई सीढ़ियां धराशाई हो गई हैं, जिसके कारण यह इलाका खतरनाक हो गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जर्जर घाट की मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने की मांग की है। सूचना मिलते ही बाढ़ थाना अध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह, सीडीपीओ रामकृष्ण, अंचल अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार सिंह और अनुमंडल पदाधिकारी गरिमा लोहिया मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने तत्काल बांस-बल्ली लगाकर बैरिकेडिंग करवाई और स्थानीय गोताखोरों की मदद से काजल कुमारी की तलाश शुरू की गई है।

# पटना के पालीगंज में प्रतिबंधित क्षेत्र में सजी मछली दुकानों पर प्रशासन का चला डंडा, भारी मात्रा में मछली जब्त

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पालीगंज नगर पंचायत प्रशासन और स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित मछली दुकानों को हटा दिया। पालीगंज उच्च विद्यालय के समीप मेन रोड पर दुकानदारों द्वारा बार-बार नियमों की अनदेखी किए जाने के बाद प्रशासन ने यह सख्त कदम उठाया है। नगर पंचायत के कर्मी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सड़क किनारे अवैध रूप से लगाई गई दुकानों को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान दुकानों में बेची जा रही मछलियों को जब्त कर लिया गया और उन्हें पालीगंज थाना लाया गया। इस औचक कार्रवाई से पूरे बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा और अवैध दुकानदारों में हड़कंप मच गया। नगर पंचायत कर्मियों के अनुसार, संबंधित स्थल को पहले ही प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया जा चुका है। दुकानदारों को पूर्व में भी कई बार चेतावनी दी गई थी कि वे सड़क किनारे मछली का व्यापार न करें, लेकिन वे नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। इस मामले पर पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने सख्त लहजे में कहा कि सार्वजनिक मार्ग पर अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी यदि नियमों का उल्लंघन हुआ, तो इसी तरह की दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन के इस कदम की स्थानीय लोगों ने सराहना की है, क्योंकि इससे मार्ग पर लगने वाले जाम और गंदगी से मुक्ति मिलेगी।

# नबीनगर में बीईओ की विदाई और नए प्रभारी बीईओ का सम्मान समारोह आयोजित

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार)शुक्रवार को नबीनगर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजनरायन राय की सेवा निवृत्ति और नए प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विजेंद्र कुमार सिंह के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारियों-कर्मियों के साथ प्रशासनिक पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।

समारोह की शुरूआत अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अरुण सिंह ने किया।वहीं मंच संचालन शिक्षक राजेश कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर गायक शिक्षक सनोज सागर ने अपनी सुरीली गायकी से सभी का मन मोह लिया और माहौल को भावुक बना दिया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बीडीओ नबीनगर अरुण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर सूरज कुमार, थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय, बीपीआरओ मुकेश कुमार, एमओ श्रीराम मिश्रा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने निवर्तमान बीईओ राजनरायन राय के कार्यकाल की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि राय ने अपने सेवाकाल में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और विद्यालयों में बेहतर माहौल बनाने के लिए सराहनीय कार्य किए।

बीडीओ अरुण सिंह ने कहा कि राजनरायन राय एक कर्तव्यनिष्ठ पदाधिकारी रहे हैं। नए प्रभारी बीईओ विजेंद्र कुमार सिंह से अपेक्षा है कि वे शिक्षा व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।समारोह में शिक्षक संघ और कार्यालय कर्मियों की ओर से निवर्तमान बीईओ राजनरायन राय को अंगवस्त्र, मोमेंटो और बुके एवं अन्य उपहार देकर भावभीनी विदाई दी गई। वहीं नए प्रभारी बीईओ विजेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों को अंगवस्त्र बुके भेंट कर स्वागत किया गया। राजनरायन राय ने अपने संबोधन में सभी सहयोगियों का आभार जताया। नए बीईओ विजेंद्र सिंह ने कहा कि वे टीम भावना से काम करेंगे और सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारेंगे।

इस अवसर पर शिक्षक संघ के राज्य सचिव धनंजय कुमार सिंह,शिक्षक नेता मृत्युंजय सिंह,अशोक पाण्डेय संतोष सिंह, शिक्षक मनीष सिंह,रोहित सिंह सहित प्रखंड के दर्जनों प्रधानाध्यापक, शिक्षक और शिक्षा विभाग के कर्मी मौजूद थे।

# पटना में फिर गहराया रसोई गैस संकट

## आपूर्ति और मांग में भारी अंतर से उपभोक्ता परेशान

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार की राजधानी पटना एक बार फिर गंभीर रसोई गैस (एलपीजी) संकट से जूझ रही है। समय पर सिलिंडर न मिलने से हजारों परिवारों की दिनचर्या प्रभावित हो गई है। बुकिंग के बाद भी लोगों को सिलिंडर पाने के लिए 10 से 25 दिनों तक का लंबा इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे आम उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश है।प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार, पटना में रसोई गैस की मांग और आपूर्ति के बीच बड़ा असंतुलन पैदा हो गया है। वर्तमान में शहर में प्रतिदिन लगभग 30,359 सिलिंडरों की आवश्यकता है, जबकि आपूर्ति औसतन केवल 28,221 सिलिंडरों की हो पा रही है। इस अंतर के कारण लंबित मांग का आंकड़ा बढ़कर 1.98 लाख से अधिक सिलिंडरों तक पहुंच गया है। अवकाश के दिन, विशेषकर रविवार को होने वाली अत्यधिक बुकिंग भी वितरण व्यवस्था पर भारी दबाव डाल रही है। गैस संकट के बीच शहर में अवैध कारोबार भी पनप रहा है। होटल और भोजनालयों में व्यावसायिक सिलिंडर के स्थान पर घरेलू सिलिंडरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। साथ ही, छोटे सिलिंडरों में अवैध रूप से गैस भरने का धंधा भी जारी है, जो सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक है। हालांकि प्रशासन ने दावा किया है कि पिछले तीन महीनों में 28 विशेष टीमों ने छापेमारी कर 201 सिलिंडर जब्त किए हैं और 29 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। शहर की 136 में से 12 एजेंसियों को 'संवेदनशील' चिह्नित कर वहां विशेष निगरानी रखी जा रही है। समय पर गैस न मिलने से गृहिणियों और बुजुर्गों की परेशानी बढ़ गई है। कई परिवार अब खाना बनाने के लिए वैकल्पिक ईंधन का सहारा लेने को मजबूर हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि समस्या के स्थाई समाधान के लिए आपूर्ति क्षमता में वृद्धि और वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने के साथ-साथ कालाबाजारी पर सख्ती बेहद जरूरी है। जिला प्रशासन ने स्थिति सामान्य करने का भरोसा दिलाया है, लेकिन फिलहाल राहत के लिए उपभोक्ताओं को अभी और इंतजार करना पड़ेगा।

# पटना के बिहटा में तेज रफ्तार कार ट्रक से टकराई, तीन युवक गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। राघोपुर गांव स्थित तीन मोहनी के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित कार सड़क किनारे खड़े मालवाहक ट्रक में जा घुसी। इस दर्दनाक हादसे में कार सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायलों की पहचान बिहटा निवासी वार्ड पार्षद सोनू कुमार के पुत्र आशू कुमार (18), अमरेंद्र



सिंह के पुत्र बेनू कुमार (18) और अभिषेक कुमार (14) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, तीनों युवक सुबह राघोपुर से अमहारा स्थित आईआईटी क्षेत्र की ओर चाय पीने जा रहे थे। इसी दौरान तीन मोहनी के पास कार चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और वाहन सीधे खड़े ट्रक से जा टकराया। हादसे के बाद कार का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक गया, जिससे तीनों युवक अंदर ही फंस गए। आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए दौड़ पड़े और काफी मशक्कत के बाद उन्हें वाहन से बाहर निकाला। स्थानीय लोगों की तत्परता ने घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाया, जिससे उनकी जान बच सकी। बिहटा थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। चिकित्सकों के अनुसार, आशू कुमार की स्थिति नाजुक बनी हुई है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। वहीं, बेनू कुमार और अभिषेक कुमार का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है और वे खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल कर दिया है। इस हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार के जानलेवा खतरों को सामने ला दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि हादसा तकनीकी खराबी के कारण हुआ या अत्यधिक गति के कारण।

# मोदी सरकार पर सुधीर कुमार पप्पू का हमला, कहा- युवाओं का भविष्य चौपट कर रही केंद्र सरकार

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर सामाजिक चिंतक एवं अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए देश की आर्थिक स्थिति, बेरोजगारी और विदेश नीति को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने एक बयान जारी कर कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार की नीतियों के कारण देश के नौजवानों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है और बेरोजगारी लगातार बढ़ती जा रही है।



सुधीर कुमार पप्पू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह विफल साबित हुए हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब सरकार ‟मोदी मेलोडी खाओ और रोजगार भूल जाओ” जैसी स्थिति पैदा कर चुकी है। उनका आरोप है कि केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों ने देश को संकट की स्थिति में पहुंचा दिया है, जिससे आम जनता परेशान है।

उन्होंने दावा किया कि सरकार ने अपने ‟पूंजीपति मित्रों” के करोड़ों रुपये के कर्ज माफ कर दिए, जिससे देश की आर्थिक व्यवस्था कमजोर हुई है। उन्होंने कहा कि देश के कई बड़े घोटालेबाज विदेशों में जाकर बैठे हैं और सरकार उन्हें वापस लाने में गंभीरता नहीं दिखा रही है। पप्पू ने आरोप लगाया कि बैंक घोटालों में शामिल लोग इंग्लैंड जैसे देशों में शरण लेकर बैठे हैं, लेकिन केंद्र सरकार ने अब तक इस मुद्दे को प्रभावी ढंग से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नहीं उठाया।

सुधीर कुमार पप्पू ने कहा कि प्रधानमंत्री लगातार विदेश यात्राएं कर रहे हैं, जबकि देश के अंदर महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट जैसी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता की मूल समस्याओं से ध्यान हटाने का प्रयास कर रही है। उनके अनुसार, देश की जनता अब सरकार की नीतियों से निराश हो चुकी है और परिवर्तन चाहती है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश का माहौल सरकार के खिलाफ बनता दिखाई दे रहा है। पप्पू ने दावा किया कि अब बहुत कम लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का समर्थन कर रहे हैं और बड़ी संख्या में लोग बदलाव के पक्ष में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विदेश दौरों के दौरान प्रधानमंत्री के बयानों और गतिविधियों से देश की गरिमा प्रभावित हो रही है।

अंत में उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने बेरोजगारी, आर्थिक संकट और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर गंभीर कदम नहीं उठाए, तो आने वाले समय में जनता केंद्र सरकार को जवाब देगी। उन्होंने विश्वास जताया कि देश में जल्द ही राजनीतिक बदलाव देखने को मिल सकता है।